(ख) पद्य काव्य :-पद्य काव्य छन्दोबद्ध होता है। **छन्दोबद्धपदं पद्यम्**। सा.द. 6/314-1 जैसे- किराताजुनीयम् आदि। इसके तीन भेद होतें है- (1) महाकाव्य (2) खण्डकाव्य(गीतिकाव्य) (3) मुक्तक काव्य।

(1)महाकाव्य – महाकाव्य में जीवन का सर्वाङ्गीण चित्रण होता है। **'सर्गबन्धों महाकाव्यं'**सा.द. 6/315–324

(2)खण्डकाव्य – इसमें किसी घटना का मार्मिक चित्रण किया जाता है। **'खण्डकाव्यं भवेत्काव्यस्यैकदेशानुसारि च।'** सा.द. 6/329।

(3) मुक्तक काव्य :–मुक्तक काव्य में प्रत्येक छन्द स्वत: पूर्ण होता है। **'तेन मुक्तेन मुक्तकम्'** सा.द. 6/314।

(ग) चम्पूकाव्य :–गद्य तथा पद्य के सम्मिश्रण को चम्पू काव्य कहते है।**'गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयतें।'** सा.द. 6/336 जैसे– नलचम्पू आदि।[2]

गद्य काव्य का स्वरुप

'वृतबन्धोज्झितं गद्यम्' अर्थात् छन्द के बन्धन से रहित जो काव्य होता है उसे गद्यकाव्य कहतें है। गद्य काव्य में रस, अलंकार, गुण आदि के सद्भाव से सामाजिक रसास्वादन करता है। काव्य की सभी विधाओं में गद्य काव्य को सर्वोत्कृष्ट माना जाता है, अतएव कहा जाता है–**'गद्यंकवीनां निकषं वदन्ति।'** गद्य में विचार के तत्व प्रबल होतें है, जबकी पद्य में भावना की प्रधानता होती है। विस्तृत को सक्षेंप में और सक्षेंप को विस्तार से कहने का सामर्थ्य गद्य शैली में होता है। कोमल भावों की अभिव्यक्ति तथा दुरुह दार्शनिक विचारों का प्रतिपादन गद्य शैली से ही होता है। संश्लिष्टता तथा संक्षिप्तता संस्कृत गद्यों की प्रमुख विशेषता होती है। 'समास' संस्कृत भाषा का प्राण है, जिसके कारण गद्य में भावग्राहिता, गाढ़बन्धता तथा प्रभान्विति आती है और ओज गुण संस्कृत गद्यों की एक अन्य विशिष्टता है, अतएव कहा गया है कि –**'ओज: समासभूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्।'**

संस्कृत साहित्य में गद्य काव्य विचार विनिमय का तथा शास्त्रीय सिद्धान्तों के वर्णन करने का उचित माध्यम है। संस्कृत गद्यों की विशिष्टताओं को हम प्राचीन वैदिक साहित्य में तथा शिलालेखों में भी प्रचुरता सें देख सकते हैं। संस्कृत साहित्य का मौलिक स्वरुप तो गद्य में ही है लेकिन कण्ठस्थीकरण की सरलता के लिए पद्यकाव्यों की रचना प्रारम्भ हुई है। गद्य शब्द की व्युत्पत्ति स्पष्ट वचनार्थक **'गद्'** धातु सें **यत्** प्रत्यय जोड़ने पर **'गद्य'**शब्द बनता है, जिसका अर्थ है स्पष्ट कहने योग्य या स्पष्ट कहना है।**'अपाद: पदसन्तानो गद्यम्'** अर्थात् चरण या पाद विभाजन से रहित शब्द रचना को गद्य कहतें है। संस्कृत का गद्य प्राचीनता तथा प्रौढ़ता, उपादेयता तथा भावाभिव्यक्ति की दृष्टि सें हमारे साहित्य का एक गौरवपूर्ण अंग है।

स्वरुप की दृष्टि सें संस्कृत गद्य तीन रुपों में प्राप्त होता है

(1) वैदिक गद्य :– बोलचाल का सरल गद्य।

(2) लौकिक गद्य :– प्रौढ़, अलंकृत एवं प्रांजल भाषा युक्त गद्य।

(3) पौराणिक गद्य :– उपर्युक्त दोनों का मिश्रित रुप।

इन रुपों में लौकिक गद्य को दो भागों में बाटां गया है–

(1)शास्त्रीय गद्य :– इसमें विषयवस्तु पर विशेष ध्यान दिया जाता है। जैसें– व्याकरण शास्त्र, (महाभाष्य आदि) दर्शनशास्त्र, काव्यशास्त्र, कामशास्त्र आदि।

(2) साहित्यिक गद्य :– इसमें रस, अंलकार, गुण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं।

जैसे– प्राचीन श्लिालेख, नाटकों में प्रस्तुत संवाद आदि।

साहित्यिक गद्य दो प्रकार के होते है– 1. **कथा** व 2. **आख्यायिका**

- **कथा –** कथा कवि कल्पित होती है, इसका वक्ता नायक नही होकर अन्य कोई होता है। इसमें कन्या हरण, संग्राम, विप्रलम्भ, सूर्योदय, चन्द्रोदय, सन्ध्या, रजनी, आदि का विस्तृत वर्णन होता है। कथा में विशिष्ट सांकेतिक शब्दों का प्रयोग होता है। कथा संस्कृत के अलावा प्राकृत या अपभ्रंश भाषा में भी हो सकती है। इसकी शैली वर्णनात्मक होती है तथा इसमें किसी निश्चित छन्द के पद्यों का समावेश नही होता है। जैसें– कादम्बरी, वृहत्कथा, वासवदत्ता आदि।
- **आख्यायिका**– यह ऐतिहासिक इतिवृत्ता पर आधारित होती है। इसमें नायक स्वयं वक्ता होता है। यह उच्छवासों में विभक्त होती है, व अपरवक्त्र छन्दों के पद्यों का समावेश होता है। इसमें कथा में दिये गये विषयों का वर्णन नही होता है। इसमें विशिष्टि शब्दों का प्रयोग भी नही होता है। यह भावात्मक शैली में तथा संस्कृत भाषा मे ही होती हैं। जैसे– हर्षचरितम्, दशकुमारचरितम् आदि।[3]

गद्य साहित्य का उद्भव एवं विकास –'गद्य कवीनां निकषं वदन्ति' उक्ति प्राचीन काल से ही गद्य की श्रेष्ठता प्रतिपादित करती हुई प्रचलित हैं। वैदिक काल सें ही संस्कृत में गद्य प्रयुक्त हुआ है 'कृष्णयजुर्वेद' ब्राह्मण तथा कतिपय उपनिषद् गद्य में है। यास्काचार्य (ई.पू.700) ने 'निरुक्त' की रचना गद्य में ही की है। पतंजलि (150 ई.पू.) द्वारा रचित ग्रन्थ 'महाभाष्य' भी गद्य के माध्यम सें लिखा गया है। प्राचीन काल से ही गद्य का उपयोग प्रधानतया व्याकरण ग्रन्थों, टिकाओं, ज्योतिष आदि ग्रन्थों में हुआ है। गद्य काव्य के उद्भव के विषय में निश्चित समय का ज्ञान यद्यपि हमें नही है तथापि इतना भी निश्चित हैं कि यह संस्कृत साहित्य की एक पुरातन शाखा है। वार्तिकार कात्यायन (300ई.पू.) ने **'आख्यायिका'** का उल्लेख किया है–**'लुबाख्यायिकेभ्यो बहुलम्' आख्यानाख्यायिकेतिहासपुराणेभ्यश्च'** (वार्तिक) आख्यायिका तथा कथा गद्य काव्य के ही दो भेद है– **'आख्यायिकोपलब्धार्था प्रबन्ध कल्पना कथा'** (अमरकोष)। पतंजलि ने भी अपने 'महाभाष्य' में वासवदत्ता, भैमरथी एवं सुमनोत्तरा नामक तीन आख्यायिकाओं का उल्लेख किया है। 'वासवदत्ता सुमनोतरा च भवति। भैमरथी', (महाभाष्य 4/3/57)। कतिपय उपलब्ध शिलालेखों में प्राचीन विकसित गद्य की झलक मिलती है, जिनमें रुद्रदामन (150 ई.) तथा गुप्तकालीन (400 ई.) शासन के शिलालेख उल्लेखनीय है, जिनमें अलंकृत गद्य का प्रयोग हुआ है। इससे स्पष्ट है कि गद्य–काव्य कला दण्डी, सुबन्धु एवं बाण के शताब्दियों पूर्व विकसित रही होगी। स्वयं बाणभट्ट ने भट्टार हरिश्चन्द्र नामक उच्चकोटि के गद्य लेखक का उल्लेख किया है। इसके अतिरिक्त वररुचि कृत –चारुमती, रामिल सोमिलकृत –शूद्रक कथा तथा श्री पालिकृत– तरंगवती का साहित्य मे उल्लेख संस्कृत गद्य–काव्य के विकास–क्रम की एक सम्बन्ध श्रृंखला सिद्ध करता है। वैदिक काल से अब तक गद्य की रस विकास श्रृंखला में अलंकृत एवं अनलंकृत गद्य में दण्डी, सुबन्धु एवं बाणभट्ट प्रधानतया गद्य काव्य की चरमोन्नति के प्रतिनिधि रचनाकार है। वैदिक काल से गद्य के विकास–क्रम में उनके स्वरूप का विहंगावलोकन करने पर पातें हैं कि ब्राह्मणों के गद्य की भाषा अति प्राचीन है तथा यह पाणिनीय व्याकरण का अनुसरण न कर वाक्य–विन्यास एवं शब्दावली के स्वरूप में आर्ष है। वाक्य छोटें, शब्द बहुल होते हैं व शैली सरल होती है।उपनिषदों का गद्य सरल एवं जीवन्त है, जिसमें आडम्बर का अभाव और विनोद का आकर्षण है। जहाँ ब्राह्मणों के गद्य याज्ञिक प्रक्रियाओं से नीरस हैं, वहाँ उपनिषदों के गद्य में सत्यान्वेषणार्थ महर्षियों के मन की स्वछता तथा स्वस्थता प्रतिबिम्बित हैं। उपनिषदों में दीर्घ समासों का अभाव प्राय: दृष्टिगत होता है। ब्राह्मणों एवं

उपनिषदों की अपेक्षा सूत्र शैली के गद्य में कम शब्दों में अधिक अर्थ व्यक्त करने के लिए क्रियापदों का अभाव है तथा दीर्घ समास बहुला शैली का आर्विभाव हुआ।

लौकिक संस्कृत गद्य दो स्वरूपों में दृष्टिगत होता है -(1) अनलंकृत शैली का गद्य-व्याकरण, अर्थशास्त्र, दर्शन, भाष्यों का विवेचन प्रधान है। (2) अलंकृत शैली का गद्य - नाटकों, चम्पूकाव्योंतथा गद्यकाव्यों में प्रयुक्त हुआ हैं।अनलंकृत गद्य में व्याकरण में महाभाष्य का गद्य उल्लेखनीय है, जिसकी भाषा सरल, प्रांजल एवं सशक्तभावाभिव्यक्तिपूर्ण है। उसके वाक्य छोटे-छोटे, विशद एवं सारगर्भित होतें हैं। अलंकृत गद्य का प्राचीनतम निदर्शन महाक्षत्रप रुद्रदामन (150 ई.) का गिरनार वाला शिलालेख है। हरिषेण कृत समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति (350 ई. के लगभग) में गद्य की जिस कृत्रिम अथवा अलंकृत शैली का स्वरूप हमें प्राप्त होता हैं, उसका दण्डी, सुबन्ध एवं बाण की रचनाओं में पूर्ण परिपाक हुआ है।[4]

संस्कृत के प्रमुखगद्यकार

महाकवि दण्डी – महाकवि दण्डी भारवी के प्रपौत्र थें, इनका जन्म कांचीनगर में हुआ था तथा इनका स्थिति काल सामान्यतया 600 ई. के आस पास स्वीकार किया जाता है। राजशेखर रचित शारंङ्धर पद्धति में 'त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुता' सूक्ति के आधार पर उनके तीन ग्रन्थ माने जाते है-

(1) **काव्यादर्श**- यह एक अलंकार शास्त्रिय ग्रन्थ है।

(2) **दशकुमारचरितम्**- यह दण्डी का प्रसिद्ध गद्यकाव्य है।

(3) **अवन्तिसुन्दरी कथा**- यह दण्डी का अपूर्ण गद्यकाव्य है।

दशकुमार चरित व काव्यादर्श के आधार पर ज्ञात होता है, कि दण्डी दक्षिणी भारत में विदर्भ देश के निवासी थें। दशकुमार चरित में उल्लिखित कलिंग, आन्ध्र देशों के अतिरिक्त कावेरीपत्तन आदि नगरों एवं दक्षिण में प्रचलित सामाजिक एवं पारिवारिक प्रथाओं के वर्णन के आधार पर उनका दाक्षिणात्य होना सिद्ध होता है। दशकुमारचरित के अध्ययन से यह भी प्रतीत होता है कि दण्डी एक सम्पन्न व्यक्ति थें। जिन्होंने सभी प्रकार के सांसारिक अनुभव प्राप्त कियें थें।

दशकुमार चरित – संस्कृत गद्य-काव्य की इस अनुठी रचना को **'धूर्तों का रोमांस'** भी कहा जाता है। इसमें दश राजकुमारों के देश-देशान्तरों में परिभ्रमण, दुस्साहसपूर्ण कार्यकलापों, जीवन के संघर्षों आदि का यथार्थ हृदयहारी वर्णन हैं। वर्तमान में उपलब्ध 'दशकुमार चरित' के स्वरूप को हम तीन भागों में पातें है- 1. पूर्वपीठिका, 2.दशकुमारचरित तथा 3.उत्तरपीठिका । इसमें पूर्वपीठिका के अन्तर्गत पॉच उच्छ्वासों का वर्णन किया गया है, व दशकुमार चरित में आठ उच्छ्वासों का वर्णन है तथा उत्तरपीठिका में उपसंहार दिया हुआ है। इसमें से केवल दशकुमार चरित को ही दण्डी की मूलकृति स्वीकार किया जाता हैं। ग्रन्थ के आदि-अन्त भाग के किसी कारण वश नष्ट होने पर सम्भवत: दण्डी क किसी भक्त ने मूलग्रन्थ की भाषा-शैली में पूर्व एवं उत्तरपीठिका लिखकर पूर्ण किया होगा। दशकुमारचरित में छल-कपट, मार-काट, चोरी-चारी आदि कार्य कलापों का, साथ ही चतुर जादूगरों, पाखण्डी साधु, कामान्ध राजपुरूषों, हृदयहीन वेश्याओं, कुट्टिनियों आदि का मनोरंजन वर्णन होने से यह यह एक अनूठी रूढ़िविरोधी गद्यकाव्य की रचना है। दशकुमार चरित में जहां कथानक विचित्र है, वहां उसके अनुरूप सरस एवं प्रवाहपूर्ण वर्णन-शैली भी है। व्यंग्य एवं विनोद का पुट देकर तत्कालीन समाज का सजीव चित्रण किया है। इसके नायक दशराजकुमार अपनी इष्टि सिद्धि के लिए उचित-अनुचित साधनों में कोई अन्तर नहीं मानते। दण्डी का चरित्र चित्रण भी विशद हैं। सजीव पात्रों के माध्यम से उन्होनें हमारे समक्ष लोक-जीवन का यथार्थ पक्ष उपस्थित किया है। विशद चरित्र-चित्रण, नैसर्गिक गद्य शैली, बुद्धि-विकास, शिष्ट परिहास, न्यून विषयोन्तरों, रसानुकूल शब्दविन्यास, यथार्थ एवं आदर्श का सुन्दर समन्वय आदि विशेषताओं के कारण 'दशकुमार चरित' संस्कृत गद्य साहित्य की एक उत्कृष्ट कोटि की रचना है।[5]

महाकवि दण्डी की भाषा शैली – महाकवि दण्डी की भाषा अलंकारों के आडम्बर से चित्रविचित्र न होकर नैसर्गिक प्रवाहमयी, प्रसादगुणयुक्त, परिमार्जित एवं मुहावरेदार होने से सजीव है। सामान्यतया उनकी भाषा आख्यानात्मक काव्य होने से श्लेष आदि अलंकारों तथा दीर्घसमासों के बोझसे बोझिल न होकर स्थल-स्थल पर ललित पदावली की योजना से युक्त है। सुबन्धु एवं माघ के समान उनका समान उनका गद्य न तो 'प्रत्यक्षर श्लेषमय' है और न बाणभट्ट के गद्य के समान 'सरसस्वरवर्णपद' से विभूषित साहित्यिक गद्य का ही रूप है। उनका वाक्य विन्यास आयासजनक न होकर ओजस्वी, सुव्यक्त एवं ललित है क्योंकि वाक्य प्राय: छोटे-छोटे होते हैं। महाकवि दण्डी सुन्दर वैदर्भी-गद्य शैली के आचार्य रूप में प्रतिष्ठापित किये जा सकतें हैं। संक्षेप में अर्थ की स्पष्टता रस की सम्यक् अभिव्यक्ति शब्द विन्यास की चारूता एवं कल्पना की उर्वरता दण्डी की शैली की विशेषतायें हैं। उनके पदलालित्य की सहृदय विद्धानों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है- 'दण्डिन: पदलालित्यम्' दण्डी के पदविन्यास अनुप्रासमय एवं मनोरस शब्दयोजनामय होन से रसाभिव्यक्ति पूर्ण है - यत्र तत्र कवि के गद्य की भाषा पर्याप्त अलंकृत दृष्टिगत होती ह, किन्तु उनके काव्यालंकार सीमितमात्रा में प्रयुक्त होनें से सर्वत्र मनोरम, एवं अनुरूप हैं। उनसे भावों में दुरूपता का अनुभव बिल्कुल नहीं होता। जैसें-**'इन्द्रनीलशिलाकार रम्यालकपंक्तिद्धिगुणकुण्डलितम्लाननालीकनाललितलम्बश्रवण पासशयुगुलमाननकमलम्।'** दण्डी अपनें शब्दशोधन में एवं लौकिक सत्योक्तियों को ओजोमय भाषा में अभिव्यक्त करने में निष्णात हैं। जैसें - **आत्मानमात्मना नवसाद्यैवोद्धरन्ति सन्त:' इह जगति हि न निरीहं देहिनं श्रिय: संश्रयन्ते'** आदि।संक्षेप में महाकवि दण्डी का गद्य न श्लेष के बोझ से बोझिल, न समासों के प्रहार से प्रताड़ित, न अलंकारों के आधिक्य से आक्रान्त है, अपितु स्वाभाविक-भावाभिव्यक्ति अर्थात् ललित पदविन्यास से रसपूर्ण, अर्थ की स्पष्टता उनके गद्य की आत्मा है। अतएव सुललित एवं सुभग, प्रौढ़ एवं रसपेशल, चमत्कारिणी काव्यकला से समन्वित गद्य की रचना करने के कारण ही भारतीय आलोचकों ने दण्डी को ही एक मात्र कवि माना हैं।

कविर्दण्डी कविर्दण्डी कविर्दण्डी न संशय:।
जाते जगति वाल्मीके: कवयस्त्वयि दण्डिनि।।[6]

सुकवि सुबन्धु – वासवदत्ता के रचयिता सुकवि सुबन्धु का स्थितिकाल यद्यपि अनिश्चित हैं, तथा भवभूति के मालती-माधव मे मालती वर्णन और वासवदत्ता मे वर्णन साम्य के आधार पर भवभूति (700 ई.) के पूर्ववर्ती इन्हें मानना उचित है। 'जिनभद्र-क्षमा श्रमण कृत 'विशेषावश्यक-भाष्य' में वासवदत्ता व तरंगवती के उल्लेख के आधार पर सुबन्धु का स्थिति काल 600 ई. के आस-पास स्वीकार किया जा सकता है।

गद्यकाव्य को अलंकारों, दीर्घसमासों, एवं अक्षराडम्बरों से चित्र-विचित्र बनानें की प्रवृत्ति दण्डी में नहीं पायी गई किन्तु उनके परवर्ती गद्यकारों एवं आचार्यों में यह प्रवृत्ति अधिक बढ़ती गई। परिणामत: गद्य काव्य का उत्कर्ष

शब्द विन्यास के सौष्ठव, वर्णन की प्ररोचना, वाक्यों सहित विस्तार एवं ध्वनि के साटोप स्वप्न और अवपातन में निगूढ़ है, इस कोटि के गद्य काव्य की छटा अपने उच्चतम उद्रेक में सुबन्धुकृत 'वासवदत्ता' में सुलभ होती हैं। सुबन्धु की वासवदत्ता उनकी उपलब्ध एक मात्र उत्कृष्ट कृति हैं, जो गद्य वाक्य के उस रूप का पूर्ण प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसमें कथानक लघुकथा कल्पनाजन्य वर्णनविस्तार की प्रधानता रहती है। वासवदत्तामें राजकुमार कन्दर्पकेतु एवं राजकुमारी वासवदत्ता की प्रणय कथा का वर्णन हैं। इसका लघुकथानक प्रकृति-वर्णन, सौन्दर्य-चित्रण एवं पाण्डित्यप्रदर्शन द्वारा अतिशय विस्ताार पाकर भी कथा प्रवाह में अवरूद्धता है। यह एक श्लेष बहुल रचना है जिसके सम्बन्ध में सुबन्धु ने दावा किया है कि उनके काव्य में प्रत्यक्षर में श्लेष निहित हैं-**'प्रत्यक्षरश्लेषमयप्रपंचविन्यासवेदग्वनिधि प्रबन्धम्।'**पौराणिक संकेतों के कारण उनके श्लेष-प्रयोग और भी दुरूह हो गयें हैं। सुबन्धु की इस कृति में यद्यपि वर्णन विस्तार और शब्दभंडार की अतिशयता है तथापि कल्पना एवं चरित्र चित्रण का अभाव हैं वासवदत्ता में विषयान्तरों का भी बाहुल्य है।[7]

सुकवि सुबन्धु की शैली - जहाँ दण्डी ने सरल, प्रासादिक एव मनोरम वैदर्भी शैली को ग्रहण की है, वहां सुबन्धु ने अनिशयोंक्ति, अनुप्रास और समास प्रधान शैली को अपनाया है, जिसमें दीर्घ वाक्य विन्यास, शब्दाडम्बर, एवं कृतिमता अधिक होती है। उनकी उनकी शैली में न तो दण्डी का हास, ओज एवं वैचित्र्य है और न बाण जैसी कल्पना शक्ति एवं वर्णन प्रतिभा ही उनकी समास प्रचुर भाषा में सौष्ठव, प्रसाद एवं माधुर्य की न्यूवता, आडम्बर एवं असंगति अधिक है। सुबन्धु अलंकारों का असीमित रूप में प्रयोग कर अपनी शैली के लालित्यमय प्रवाह की रक्षा नही कर सके है। एक ही क्रिया पर आश्रित विपुलकाय वाक्य लिखने में वे अद्धितीय हैं फिर भी उन्होनें संवादों के अतिरिक्त अन्य उपयुक्त स्थलों पर छोटें वाक्यों का प्रयोग किया है। उदाहरण के लिए-

विरहविधुराया: कमलिन्या हृदयमिव, द्विधा पपात चक्रवाकमिथुनम्।
आगमिष्यतो हिमकरदयितस्य पार्श्वे संचरन्ती, कुमुदिन्या भ्रमरमाला दूतीवालक्ष्यत।।

सुबन्धु के समासों में एक प्रकार का स्वर-माधुर्य एवं अनुप्रासों में संगीत विद्यमान है किन्तु उनके पौराणिक संकेतमय श्लेष (जैसे नन्दगोप इव यशोदान्वित:, जरासन्ध इव घटितसंधिविग्रह:) दुरह और मानसिक व्यायामयुक्त हैं, फिर भी चित्रोमय एवं अलंकृत गद्य शैली की दृष्टि से वासवदत्ता चमत्कारपूर्ण एवं परिष्कृत रचना हैं।[8] राघवपाण्डवीयकार कविराज नें सुबन्धु को वक्रोक्ति मार्ग निपुण कहतें है-

सुबन्धुर्बाणभट्टश्च कविराज इति त्रय:।
वक्रोक्तिमार्गनिपुणा: चतुर्थो विद्यते न वा।।[9]

सुबन्धु ने नायक-नायिका के रूप सौन्दर्य का वर्णन-रसाभिव्यक्ति तथा अलंकारों के निबन्धन का सायास प्रयास किया है। सुबन्धु की शैली समास प्रधान गौड़ी है।सुबन्धु की कृतियों में श्लेष तथा विरोधाभास अलंकारों का आधिक्य है।

वासवदत्ता - कविवर सुबन्धकृत **'वासवदता'** गद्यकाव्य के 'कथा' के लक्षण के अनुसार ही निर्मित की गई है। कथा-साहित्य में प्राय: कल्पित कथा वस्तु को लेकर दीर्घवर्णनों के द्वारा मनोरम सन्निवेश का प्रयास कविगण करतें रहें। कथा का लक्षण यह है-

कथायां सरस वस्तु गद्यैरेव विनिमितम्।
क्वचिदत्र भवेदार्या क्वचिद्धक्त्रापवक्त्रकें।
आदौ पद्यैर्नमस्कार: खलादेर्वृत्ताकीर्तनम्।।

आख्यायिका में बीच-बीच में आश्वास या नि:श्वास, नामक परिच्छेद रहतें हैं। आख्यायिका प्राय: किसी राजा के चरित्र के विषय में ही लिखी जाती है। महाभाष्यकार पतंजलि ने भी 'यवक्रीत', 'प्रियङ्व', 'ययाति' प्रकृति के आख्यान का निर्देशन किया हैं, तथा 'वासवदत्ता', सुमनोत्तरा', 'भैमरथी' प्रकृति की आख्यायिकाओं की गणना की है। परन्तु ये प्रबन्ध इस समय उपलब्ध नहीं है। काल की कराल चेंष्टाओं ने आजतक अनेक ग्रन्थों को विलुप्त कर डाला हैं, जिसका नाममात्र से कुछ परिचय हम प्राप्त कर सकतें है। इन सब ग्रन्थों की चर्चा देखतें हुए, हमें यह स्वीकार करना पड़ता है कि कथा साहित्य भी अत्यन्त चिरकाल सें संस्कृत सरस्वती के पावन अंक में लालित-पालित होकर परिपुष्ट होता रहा हैं।[10]

महाकवि बाणभट्ट - संस्कृत गद्य काव्य का चरमोत्कर्ष बाणभट्ट की कृतियों मे प्राप्त होता है। ये सम्राट् हर्षवर्धन के (606-648 ई.) समकालीन तथा इनके सभापण्डित थें। अत: बाण का स्थिति काल सातवीं शती का पूर्वार्द्ध था। महाकविबाणभट्ट ने अपनी रचना हर्षचरित में उनका स्वयं का जीवन-वृत्ता का उल्लेख किया है। उसमें बाणभट्ट के पिता नाम चित्रभानु तथा माता का नाम राजदेवी है। बाल्यावस्था में ही माता के देहान्त हो जाने पर इनका लालन-पालन पिता ने किया था। बाणभट्ट के पूर्वजों का निवास स्थान हिरण्यबाहु (शोण) नदी के तट पर प्रीतिकूट नामक ग्राम था। 14 वर्ष की आयु में पिता के दिवंगत होने पर इनका यौवन काल प्रवासपूर्ण होने सें अव्यवस्थित रहा, किन्तु बाद में संसारिक अनुभव, परिपक्व बुद्धि:, विद्या एवं उदार विचारों सें युक्त होकर सम्राट् हर्ष की **'वश्यवाणीकविचक्रवर्ती'**की उपाधि से सम्मानित हुए। हर्ष की (मृत्यु 648ई.) के पश्चात् सम्भवत: अराजकता फैलनें पर कन्नौज से प्रीतिकूट लौट आयें। इन्होंनें **'हर्षचरित'** (आख्यायिका) तथा **'कादम्बरी'** (कथा) नामक प्रसिद्ध गद्यकाव्यों की रचना के अतिरिक्त **'चण्डीशतक'** (100 पद्यों में दुर्गा की स्तुति) तथा **'पार्वती परिणय'** नामक नाटक की रचना की हैं।

(1) हर्षचरित -यह महाकविबाणभट्ट की प्रथम गद्यकाव्य रचना है, जो आठ उच्छ्वासों में की एक उत्कृष्ट कोटि की आख्यायिका हैं। प्रथम तीन उच्छ्वासों में महाकविबाणभट्ट की आत्मकथा तथा शेष भाग में सम्राट् हर्ष का जीवन-चरित वर्णित है। यह ऐतिहासिक विषय पर गद्यकाव्य लिखनें का महाकविबाणभट्ट का ही नहीं अपितु संस्कृत साहित्य का प्रथम प्रयास हैं। काव्य-सौन्दर्य की दृष्टि से इसकी अपनी विशेषतायें तों हैं ही, साथ ही इसकी अद्भुत वर्णनाशक्ति भी कम प्रभावपूर्ण नहीं हैं कवि सोड्ढल आदि ने हर्षचरित की प्रशंसा की है।

(2) कादम्बरी -यह रचना महाकविबाणभट्ट की ही नहीं अपितु समग्र संस्कृतसाहित्य की सर्वोत्कृष्ट गद्य रचना है। संस्कृत की इस सर्वोत्तम कथा में राजकुमार चन्द्रापीड तथा कादम्बरी की प्रेम-परिणय की कथा संस्कृत वाङ्मय के समस्त वैभव एवं कौशल के साथ वर्णित हैं।महाकवि दण्डी के दशकुमार चरित की भांति 'कादम्बरी' में भी मुख्यकथा में अनेक उपकथायें समाविष्ट है, किन्तु कवि ने पर्याप्त प्रवीणता से उनका निर्वाह एवं विकास किया हैं।भाषा नैपुण्य, विशद चरित्र चित्रण, वर्णन प्रतिभा तथा मानव-भावों के मार्मिक एवं सूक्ष्म अंकन में 'कादम्बरी' सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में एक अद्धितीय रचना है। प्रतीत होता है कि, महाकविबाणभट्ट ने कादम्बरी का कथा बीज 'गुणाढ्य' की कृति 'बृहत्कथा'से ग्रहण किया हैं। इसका प्रधान

रस श्रृंगार है, जिसमें दशकुमार चरित की भांति कही भी अश्लीलता की गन्ध नहीं आती है। 'कादम्बरी' के सभी पात्र सजीव हैं, जिनका चरित्र-चित्रण बड़े विशद रूप से किया गया हैं, इस कारण सें इस रचना का वर्णन-विविधता दर्शनीय हैं। यही कारण है कि, 'कादम्बरी' इतनी अधिक लोकप्रिय रचना हुई कि इसकी प्रशंसा में कितनी उक्तियां प्रचलित हुई हैं, जैसें-

1.'कादम्बरीरसभरेण समस्त एव, मत्तो न किंचिदपिचेतयतोजनोऽयम्।' – (भूषणभट्ट)

2.'कादम्बरी रसज्ञानामाहारोऽपि न रोचते, युक्तं कादम्बरी श्रुत्वा कवयो मौनमाश्रिता: वाणध्वनावनध्यायो भवतीति स्मृतिर्यत:।'(सोमेश्वर कृत 'कीर्ति कौमुदी' 1/15)।[11]

महाकवि बाणभट्ट की शैली – महाकविबाणभट्ट ने अपनी दोनों गद्य काव्य रचनाओं में पांचाली रीति का अनुसरण किया है, जिसमें अर्थ के अनुरूप ही शब्दों के पद की योजना की जाती है –

शब्दार्थयो: समो गुम्फ:पांचालीरीतिरिष्यते।
शिलाभट्टारिका वाचि वाणोक्तिषु च सा यदि।।(सरस्वती कण्ठाभरण)

महाकविबाणभट्ट की गद्य शैली में सर्वत्र शब्द और अर्थ व भाषा और भाव का सुन्दर सामंजस्य स्पष्ट दृष्टिगत होता है। विषय के अनुरूप ही शब्दावली प्रयुक्त की गई है। विकट विन्ध्याटवी के वर्णन में कवि का विकट शब्दों एवं समासों का प्रयोग किया गया हैं, इसका सुन्दर उदाहरण है। वसन्त वर्णन में तदनुरूप सुकुमारवर्णो का विन्यास किया गया हैं। महाकवि बाण की गद्यशैली में अलंकारों का समुचित प्रयोग रमणीयता की सृष्टि से करतें है। उनके अनुप्रास भाषा में विलक्षण स्वरमाधुर्य की समुत्पत्ति करतें है। उदाहरण के लिए –**'मधुकरकुलकलकाकलीकृतकालेयककुसुमकुड्मलेषु,इभकलभकोल्लनपल्लंववल्लितलवलीवलयै:'।** आदि सामासिक रुचिर अनुप्रासमयी पदावली द्रष्टव्य हैं। महाकविबाणभट्ट ने निरन्तरश्लेषपूर्ण स्वाभावोक्ति प्रधान वर्णनों को ग्राह्य माना हैं। जैसें- जूही को माला में पिरोयें चम्पक पुष्प –

'निरन्तरश्लेषणा: सुजातय: महास्रजश्चम्पककुड्मलैरिव'।

महाकविबाणभट्ट ने रसनोपमा का भी सुन्दर वर्णन किया है जैसें – **'क्रमेण च कृतं में वपुषि वसन्त इव मधुमासेन, मधुमास इव नवपल्लवेन इव कुसुमेन, कुसुम इव मधुकरेण, मधुकर इव मदेन नवयौवनेन पदम्'।।** महाकविबाणभट्ट के अनुसार विषय की नवीनता, सुरूचिपूर्णस्वभावोक्ति, सरल श्लेष स्फुट रूप से प्रतीयमान रस एवं विकट अक्षरबन्ध आदर्शगद्य काव्य का स्वरूप हैं। सामान्यत: बाण ने इस समन्वय प्रधान शैली को अपनाया है, जिसमें नवीन अर्थ की कल्पना, श्लेष प्रधान शब्दों की अद्भूत् योजना, दूसरों के मन के भावों का यथातथ्य चित्रण, वस्तुओं के यथार्थ वर्णन, समास बहुल पदविन्यास तथा कथावस्तु एवं शैली में व्यक्त रूप से बहती हुई रसधारा स्वाभाविक रूप से प्राप्त होती हैं। महाकविबाणभट्ट ने अपनी रचनाओं में तीन प्रकार की शैलीयों का प्रयोग किया हैं जो निम्न प्रकार हैं – (1) उत्कलिका(दीर्घसमासा) शैली। (2) चूर्णक (अल्पसमासा)। (3) आबिद्ध (समासरहिता)।[12]

महाकवि बाणभट्ट के काव्य में कलापक्ष तथा भावपक्ष दोनों का निर्वाह हुआ है। बाण के गद्य में तत्कालीन समस्त गद्य शैलीयों का समन्वित रूप परिलक्षित होता हैं। बाण ने अप्रत्यक्षत: अपनी शैली के सन्दर्भ में निम्न कथन किया है–

नवाऽर्थो जातिरग्राम्या श्लेषोऽश्लिष्ट: स्फुटो रस:।
विकटाक्षरबन्धश्च कृत्स्नमेकत्र दुष्करम्।। (हर्षचरित-1/8)

अर्थात् चमत्कार पूर्ण अर्थ भौतिक कल्पना ,सुरूचि पूर्ण स्वाभावोक्ति, स्पष्ट श्लेष रस की सहज अनुभूति तथा अक्षरों की दृढ़ बन्धता ये सभी विशेषताएँ एकत्र मिलना कठिन है, परन्तु बाण के काव्य में यें सभी गुण समन्वित रूप से प्राप्त होतें है। नि:सन्देह बाण की शैली सरस तथा सहृदय सामाजिकों के हृदय की धड़कन है।[13]

पं. अम्बिकादत्त व्यास – पं- अम्बिकादत्त व्यास का संस्कृत गद्यकारों में महत्वपूर्ण स्थान है। इनका स्थितिकाल 1858 ई. सें 1901 ई. तक है। ये मूलत: जयपुर के निवासी थें। इनकें पिता काशी में जाकर बस गयें इसलियें इनकी शिक्षा दीक्षा वाराणसी में हुई। इनका कार्यक्षेत्र बिहार रहा है। यह संस्कृत साहित्य में **'अभिनव बाण'** के नाम से विख्यात है। इन्होनें 78 ग्रन्थों की रचना की है उसमें से उनकी प्रसिद्ध रचना **'शिवराज विजय'** है, यह 19वीं. शताब्दी का अतिसुन्दर संस्कृत उपन्यास है। इनकी कवि कीर्ति का मुलाधर शिवराज विजय ही हैं।

शिवराज विजय – यह आधनिक संस्कृत गद्य-काव्य की सर्वोत्कृष्ट रचना हैं। शिवराज विजय एक ऐतिहासिक उपन्यास है जो 12 निश्वासों में छत्रपति शिवाजी के जीवन-चरित्र को उपन्यस्त किया गया है। यह ग्रन्थ सर्वप्रथम् सन् 1901 में काशी सें प्रकाशित हुआ था। कवि की यह रचना विद्धानों में अति लोकप्रिय हुई। शिवराज विजय काव्य तथा इतिहास का सम्मिश्रणात्मक प्रगतिवादी उपन्यास है।

पं. अम्बिकादत्त व्यास की भाषा शैली– इनकी भाषा शैली बाण की कादम्बरी के समकक्ष है। इसमें वाक्य विन्यास प्राचीन परम्परानुसार है। कवि ने इसमें प्राचीन व अर्वाचीन दोनों शैलीयों का समन्वित रूप प्रस्तुत किया हैं। चरित्र-चित्रण की दृष्टि से इसमें वीर रस अभिव्यक्त हुआ है। इसमें यथा अवसर माधुर्य-ओज तथा प्रसाद गुण का प्रयोंग किया गया है। कवि ने भावानुकूल भाषा तथा रसानुकूल पदावली का प्रयोग किया है। वैदर्भी-गौडी तथा पांचाली रीतियों से समन्वित यह उपन्यास आधुनिक गद्य-काव्य की सर्वोत्कृष्ट कृति है। इसमें कही कादम्बरी के समान समास बहुलता के दर्शन होतें है तथा कहीं-कहीं वाक्य छोटें-छोटें तथा समास रहित है। कवि नें अलंकारों का भी समुचित प्रयोग किया है। राष्ट्र-प्रेम, देश-भक्ति उत्पन्न करने वाला शिवराजविजय आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ उपन्यास हैं।[14]

महाकवि बाणभट्ट के पश्चात् भी संस्कृत गद्य काव्यों की रचना होती रही है। यहाँ हम कुछ प्रसिद्ध अन्य गद्यकारों का व रचनाओं का नामोंल्लेख कर रहे है, जो निम्न हैं–

- कवि धनपाल कृत **'तिलक मन्जरी'** जिस पर कादम्बरी का प्रभाव स्पष्ट रूप सें परिलक्षित है।
- वादीभसिंह कृत **'गद्यचिंतामणी'**।
- सोड्ढल की रचना **'उदयसुन्दरी कथा'**।
- वामनभट्टबाण की रचना **'वेमभूपालचरित'**।
- विश्वेश्वर पाण्डेय की **'मन्दारमन्जरी'**।
- पण्डिता क्षमाराव कृत **'कथामुक्तावली'**, **'ग्रामपंचक'** व **'ग्रामज्योति'**।
- डॉ. रामशरण त्रिपाठी की रचना **'कौमुदी कथा कल्लोलिनी'**।
- आदि रचनाएँ व गद्यकार संस्कृत गद्य साहित्य को और अधिक उत्कृष्ट और सम्पन्न बनातें है।[15]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संस्कृत साहित्य का इतिहास -लेखक-डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार, जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 9-11
2. शुकनासोपदेश -लेखक डॉ. यशवन्त कुमार जोशी, प्रकाशक कमल बुक डिस्टीब्यूटर्स, उदयपुर।पृ.सं. 7
3. संस्कृत साहित्य का इतिहास -लेखक- डॉ. राकेश कुमार जैन व मनमोहन शर्मा, रचना प्रकाशन, जयपुर संस्करण 2017। पृ.सं. 185-187
4. संस्कृत साहित्य का इतिहास - डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार, जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 90-92
5. वहीं।पृ.सं. 92-93
6. वहीं।पृ.सं. 93-94
7. संस्कृत साहित्य का इतिहास - डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार, जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 94
8. वहीं।पृ.सं. 95
9. संस्कृत साहित्य का इतिहास -लेखक- डॉ. राकेश कुमार जैन व मनमोहन शर्मा, रचना प्रकाशन, जयपुर संस्करण 2017। पृ.सं. 196
10. सुबन्धु कृत -'वासवदत्ता' टीकाकार पं. श्री शंकरदेव शास्त्री,प्रकाशक चौखम्बा विद्या भवन चौक, बनारस।पृ.सं. 3
11. संस्कृत साहित्य का इतिहास - डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, प्रकाशक-राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, किशनपोल बाजार जयपुर, संस्करण 2014।पृ.सं. 96
12. वहीं।पृ.सं. 97-98
13. शुकनासोपदेश -लेखक -डॉ. यशवन्त कुमार जोशी, प्रकाशक कमल बुक डिस्टीब्यूटर्स, उदयपुर।पृ.सं. 27
14. वहीं।पृ.सं. 18
15. शुकनासोपदेश -लेखक -डॉ. यशवन्त कुमार जोशी,प्रकाशक कमल बुक डिस्टीब्यूटर्स, उदयपुर।पृ.सं. 19-20

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

झुंझुनूं जिले में कृषि भूमि उपयोग प्रतिरुप में परिवर्तन : एक भौगोलिक विश्लेषण

डॉ. सुमन कुमार*

* प्राचार्य, शेखावाटी महाविद्यालय, लोसल (सीकर) (राज.) भारत

शोध सारांश – भूमि एक महत्वपूर्ण भौतिक संसाधन है, जो मानवीय जीवन निर्वाह का प्राकृतिक संसाधन हैं। भूमि उपयोग किसी भी क्षेत्र का आर्थिक-सांस्कृतिक जीवन निर्वाह को दर्शाता हैं। कृषि भूमि का अध्ययन इसलिए महत्वपूर्ण है कि किसी क्षेत्र के जनसंख्या के अनुपात में कुल कृषि भूमि का क्षेत्र, जोत क्षेत्र, बंजर भूमि, पुरानी पड़त, चालु पड़त, सिंचित तथा दुपज क्षेत्र की मात्रा कितनी हैं।कृषि भूमि उपयोग प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक, तकनीक तथा मानवीय क्रिया कलापों द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती है। इस शोध पत्र में राजस्थान के झुंझुनूं जिले का भूमि उपयोग का 1999-2000 से 2018-19 तक 20 वर्षो की समयावधि में आयें परिवर्तनों का विश्लेषण किया गया हैं। साथ ही कृषि वर्ष 2018-19 के दौरान जिले के तहसीलानुसार कृषि भूमि उपयोग का वितरण प्रस्तुत किया गया है। इस शोध पत्र में शोधकर्ता द्वारा अध्ययन क्षेत्र में कृषि भूमि उपयोग का विगत 20 वर्षो के परिवर्तनों को द्वितीयक आकड़ों के आधार पर विश्लेषित किया गया है जिसके आधार पर वनभुमि, पड़त भूमि, सिंचित एवं कृषि भूमि के परिवर्तनों में दर्शाया गया हैं।

शब्द कुंजी – भूमि उपयोग, वन भूमि, जीवन निर्वाह।

प्रस्तावना – झुंझुनूं जिले में कृषि भूमि उपयोग में गत्यात्मकता रही है। कृषि उपयोग की परिवर्तनशीलता में प्राकृतिक, सांस्कृतिक, जिले की मानवीय तथा तकनीक कारकों का प्रभाव रहा हैं। प्रस्तुत शोध में भूमि उपयोग कृषि में परिवर्तनशील प्रवृति एवं स्थानिक कारकों का अध्ययन किया गया हैं। जिले के कृषि भूमि उपयोग का अध्ययन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय संतुलन, कृषि भूमि का विकास, वन भूमि में वृद्धि, वन आधारित उद्योगों का विकास तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए सुनियोजित सुझाव प्रस्तुत करना हैं।

कृषि भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले कारक


1. **भौतिक कारक**
   (अ) उच्चावच (ब) जलवायु (स) तापमान
   (द) वर्षा (य) मिट्टी (र) आर्द्रता
2. **सामाजिक कारक**
   (अ) कृषि प्रणाली
   (ब) कृषक समुदाय की सामाजिक स्थिति एवं विशेषता
   (स) भू-स्वामित्व प्रणाली
   (द) जोत का आकार
3. **आर्थिक कारक**
   (अ) कृषि उपकरण (ब) उर्वरक, बीज उपयोग
   (स) सिंचाई साधन (द) कृषि उद्यम
   (य)बाजार (र) श्रम
   (ल) यातायात (य) प्रशासनिक संबंध
   (र) पूंजीगत संसाधन
4. **तकनीकी कारक**
   (अ) कुदाल तकनीकी (ब) हल तकनीकी
   (स) मशीनीकरण तकनीकी
5. **सांस्कृतिक एवं मानवीयकारक**
   (अ) सहकारिता (ब) किसान का जीवन स्तर
   (स) परिवार का आकार (स) जनसंख्या संरचना
   (द) फसल चयन प्रवृति

कृषि भूमि उपयोग का वर्गीकरण – सामान्यत: कृषि भूमि उपयोग का वर्गीकरण निम्न 8 भागों में वर्गीकृत किया जाता हैं।

1. वन भूमि (जंगलात भूमि)
2. कृषि अयोग्य भूमि
   - गैर कृषि उपयोग भूमि
   - बंजर एवं अकृषित भूमि (ऊसर भूमि)
3. अन्य अकृषित भूमि पड़त भूमि के अतिरिक्त जोत रहित भूमि
   - स्थायी चारागाह तथा अन्य गोचर भूमि
   - वृक्षों के झुण्ड तथा बाग आदि से युक्त भूमि
4. कृषि योग्य बंजर भूमि
5. पुरानी पड़त भूमि
6. चालु पड़त भूमि
7. बोया गया कुल क्षेत्र
8. दुपज क्षेत्र

अध्ययन क्षेत्र : अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिला राजस्थान के उत्तरी-पूर्वी भाग में अवस्थित है। प्रशासनिक रूप से सीकर संभाग के अंतर्गत आता है।

अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिला समुद्रतल से लगभग 338 मीटर की ऊँचाई पर 27°38'से 28°36'उत्तरी अक्षांश तथा 75°02'से 76°06'पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जिले का कुल भौगोलिक विस्तार 5928 वर्ग किमी है। जिला मुख्यालय राज्य की राजधानी जयपुर से 187 किलोमीटर दूर स्थित है। झुंझुनूं जिले में स्थित अरावली पर्वत श्रृंखला देहली सुपर ग्रुप की श्रेणी के अंतर्गत आती हैं। जिले में तांबे के साथ-साथ जिले में ग्रेनाइट और लाइम स्टोन के विशाल भंडार उपलब्ध है। जिले का अधिकांश भाग मरुस्थली है, दक्षिणी पूर्वी भाग में अरावली पर्वत श्रृंखला विस्तृत है।



जिले में वर्षभर बहने वाली कोई नदी नहीं है।वर्षा कालीन कांटली प्रमुख नदी है। जलवायुवीय दृष्टि से जिला उष्ण एवं अर्द्ध शुष्क क्षेत्र है। वार्षिक वर्षा 20 से 40 सेमी के मध्य होती है। जिले में ग्रीष्मकाल में अधिकतम तापमान कई बार 45 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 21,37,045 हैं, जनसंख्या घनत्व361 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। जिले की कुल जनसंख्या में 22.89 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करती है। जिले में लिंगानुपात 950 है। साक्षरता दर की दृष्टि से जिला अग्रिणी है। जिले में महिला साक्षरता 60.95 प्रतिशत है, पुरुष साक्षरता दर 86.90 प्रतिशत है। जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल साक्षरता 74.13 प्रतिशत है।

शोध उद्देश्य : किसी भी शोध कार्य के सार्थकता के लिए उद्देश्य निधारित होते है। प्रस्तुत शोध कार्य के उद्देश्य निम्न है -

1. भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन।
2. जिले के कृषि भूमि उपयोग का स्थानिक वितरण प्रस्तुत करना।
3. झुंझुनूं जिले के कृषि भूमि उपयोग का विगत 20 वर्षा के परिवर्तनों का विश्लेषण करना।

शोध विधि :-शोध क्षेत्र झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग के स्थानिक कालिक वितरण को भी बताने का प्रयास किया गया हैं। इस हेतु झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग के विगत दो दशकों (1999-00 से 2018-19) के द्वितीयक आकड़ों कोविश्लेषित किया गया हैं। इन दो दशक के आंकड़ों में वार्षिक उतार-चढ़ाव कोपाँच वर्षीय औसत के आधार पर निम्न चार समयावधियों में बांटकर प्रतिशत में दर्शाया गया है - (1) 1999-00 से 2003-04,(2) 2004-05 से 2008-09,(3) 2009-10 से 2013-14 व (4) 2014-15 से 2018-19AI

आँकड़ों के स्त्रोत -प्रस्तुत शोध पत्र के अध्ययन के लिए द्वितीयक आंकडों का संकलन किया गया हैं जिसके स्त्रोत निम्न है -

1. कृषि विभाग, भारत सरकार
2. आर्थिक एवं सांख्यिकीय निदेशालय, जयपुर (राज.)
3. जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झुंझुनूं (राज.)
4. जिला जनगणना प्रतिवेदन, 2001 एवं 2011 (झुंझुनूं)
5. जिला कृषि विस्तार, झुंझुनूं

कृषि भूमि उपयोग प्रतिरूप झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। जिले में वर्ष प्रतिरूप 2019-20 के दौरान कुल भौगोलिक क्षेत्र 5,91,536 हेक्टयर क्षेत्र का वनों के अंतर्गत मात्र 6.77प्रतिशत है। कृषि के लिए अनुपलब्ध भूमि के अंतर्गत लगभग 05प्रतिशत क्षेत्र है जबकि अन्य अकृषित भूमि के अंतर्गत 7.22 प्रतिशत क्षेत्र है। इस वर्ष जिले में पडती भूमि के अंतर्गत 66421 हेक्टयर क्षेत्र है जो की जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 11.23 प्रतिशत भाग है।

जिले में शुद्ध बोया गया क्षेत्र 61-90 प्रतिशत क्षेत्र है। जिले में एक से अधिक बार बोये गये क्षेत्र में 40-87 प्रतिशत क्षेत्र है। जिले के भूमि उपयोग का स्थानिक वितरण तहसील अनुसार भी दर्शाया गया है। सर्वाधिक वन क्षेत्र खेतड़ी तहसील (20565 हेक्टयर) के अंतर्गत एवं सूरजगढ़ तहसील में वन भूमि का पूर्ण रूप से अभाव पाया गया है, जबकि इसके विपरीत जिले में शुद्ध बोया गया क्षेत्र सबसे अधिक सुरजगढ़ तहसील (66055 हेक्टयर) में एवं सबसे कम खेतड़ी तहसील (35514 हेक्टयर) में दर्ज हुआ है। भूमि उपयोग के विगत 20 वर्षो (1999&00 से 2018&19) के आंकड़ों का कालिक विश्लेषण भी दर्शाया गया है। कालिक वितरण को प्रत्येक पांच वार्षिक औसत के आधार पर विश्लेषित कर के किया गया है।

जिससे स्पष्ट है कि शोध क्षेत्र झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग में सामान्य परिवर्तन देखे जा सकते है। मुख्यत: पांच वर्षीय अवधि के प्रत्येक खंड में वन भूमि के अंतर्गत जिले में वन भूमि के अंतर्गत मामूली वृद्धि दर्ज की गयी है। जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र का प्रथम पांच वर्षीय अवधि में वनों के अंतर्गत 6.70 प्रतिशत भू भाग था जो थोड़ा-थोड़ा प्रत्येक पांच वर्षीय अवधि में बढ़ा। अंतिम पांच वर्षीय अवधि के दौरान यह बढकर 6.77प्रतिशत हो गया। इसके विपरीत जिले में शुद्ध बोये गये क्षेत्र में हल्की कमी दर्ज की गयी है। कुल बोये गये क्षेत्र में भी उतार-चढ़ाव देखे जा सकते हैं। अध्ययन क्षेत्र में भूमि उपयोग को सबसे अधिक मानसून प्रभावित करता है। जिले में कृषि फसलों का भूमिगत जल से सिंचाई द्वारा ही उत्पादन किया जाता है। जिले में वर्तमान में भी भूमि उपयोग का सबसे बड़ा भाग कृषि अंतर्गत ही है।

भूमि उपयोग विश्लेषण- अध्ययन क्षेत्र झुन्झुनू जिले में वर्ष 2019-20 में भुमि उपयोग के आंकड़ो के अनुसार जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र

591536 हैक्टर है। जिसमें वनो का क्षेत्रफल 40045 हैक्टर है। जो जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 6.77 प्रतिशत है। यह राज्य के वन क्षेत्र से 2.8 प्रतिशत कम है। राष्ट्रीय वन नीति अनुसार क्षेत्र में 33प्रतिशत वन क्षेत्र होना चाहिए जबकि अध्ययन क्षेत्र में वर्तमान में 26-33प्रतिशत वन क्षेत्र कम है। जो वन और पर्यावरण के लिए चिन्ता का विषय है।

स्थानिक भूमि उपयोग विश्लेषण (2019-20) – जिले के भुमि उपयोग का स्थानिक वितरण तहसील अनुसार विश्लेषित किया गया जिसका निष्कर्ष निम्न प्रकार से है :-

तालिका 1.1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

1. तालिका 1.1 के परिकलन के आधार पर अध्ययन क्षेत्र के मलसीसर एवं सुरजगढ़ तहसील में वन क्षेत्र (0.00) नगण्य है। खेतड़ी (25.46 प्रतिशत), उदयपुरवाटी (17.18 प्रतिशत) वन क्षेत्र है, जो सर्वाधिक क्षेत्र में है। औसतन वन क्षेत्र 33 प्रतिशत का अभाव पाया गया है।
2. कृषि अयोग्य भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत सर्वाधिक रूप में चिड़ावा तहसील (6.48 प्रतिशत) झुन्झुनू तहसील (6.28 प्रतिशत) क्षेत्र है।
3. पड़त भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत झुन्झुनू (21.97), नवलगढ़ (19.36), मलसीसर (17.85) प्रतिशत भुमि क्षेत्र है, जो अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक है।
4. शुद्ध बोया गया भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत सुरजगढ़ तहसील (81.89), चिड़ावा तहसील (74.11), बुहाना तहसील (72.07), मलसीसर तहसील (69.41), नवलगढ़ तहसील (65.36), झुन्झुनू तहसील (62.52) भुमि क्षेत्र है, जो सर्वाधिक है। जबकि न्यूनतम बोया भुमि क्षेत्र के अन्तर्गत खेतड़ी (43.96), उदयपुरवाटी (57.43) तहसील आती है।

भूमि उपयोग कालिक विश्लेषण (वर्ष 1999-2000 से 2018-19) जिले के भुमि उपयोग का कालिक परिवर्तन का विश्लेषण किया गया जिसका निष्कर्ष निम्न प्रकार से है:-

तालिका 1.2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1.2 में अध्ययन क्षेत्र झुन्झुनू जिले के वर्ष 1999-2000 से 2008-09 की दशकीय अवधि का भुमि उपयोग का औसत परिवर्तनो का परिकलन किया गया। तालिका 1.2 के आंकड़ो के अनुसार जिले में समेकित रूप से वन भूमि आंशिक परिवर्तन 0.1 प्रतिशत वृद्धि देखा गया। कुल अकृषि भुमि एवं चारगाह भुमि में क्रमश: 0.11 प्रतिशत, 0.10 प्रतिशत आंशिक कमी दर्ज की गई। पइत भुमि में 0.03प्रतिशत, चालु पइत भुमि में 3.09 तथा कुल पड़त भुमि में 3.13 प्रतिशत कमी दर्ज गई।

जिले में 1999-2000 से 2008-09 के दशकीय अवधि में शुद्ध बोया गया क्षेत्र 2.79 प्रतिशत तथा कुल बोया गया क्षेत्रफल 12.14 प्रतिशत वृद्धि देखा गया है।

तालिका 1.3 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1.3 में वर्ष 2009-10 से 2018-19 के अवधि का झुन्झुनू जिले में भुमिउपयोग का औसत का परिकलन किया गया। तालिका .3 के अनुसार जिले में वनभुमि में 0.04 प्रतिशत आंशिक वृद्धि दर्ज हुई है। स्थायी चारगाह 0.01 कमी देखीगई। कृषि योग्य बंजर भुमि में 0.02 प्रतिशत वृद्धि देखी गई। जिले में दशकीयअवधि में कल पड़त भुमि के अन्तर्गत पड़त भुमि 1.41 प्रतिशत, चालुपड़त भुमि1.06 प्रतिशत तथा कुल पड़त भुमि 2.51 प्रतिशत तथा कुल बोया गया क्षेत्रफल मेंकाफी 7.17 प्रतिशत गिरावट दर्ज हुई है।

सुझाव :

1. सिंचाई सुविधाओं में बढावा – झुंझुनूं जिले में 90 प्रतिशत से अधिक सिंचाई कुंए/ट्यूबवैल भूमिगत जल संसाधनों द्वारा होती हैं।, जिसके कारण भूमिगत जल में प्रतिवर्ष कमी हो रही हैं। जिले में सिंचाई के लिए वर्षा जल का सदुपयोग की आवश्यकता हैं।

2. शुष्क कृषि पद्धति – झुंझुनूं जिले में वर्षा एवं सिचाई के अभाव में शुष्क कृषि पद्धति द्वारा फसल उत्पादन किया जाता है। भूमिगत जल दोहन कम करने, पर्यावरण प्रदुषण नियंत्रण, आर्थिक लाभ एवं अधिक उत्पादन के लिए शुष्क कृषि पद्धति अपनानी चाहिए।

3. आधार भूत सुविधाएं – कृषि पारिस्थिति की एवं फसल उत्पादन में उच्च स्थिति के लिए आधारभूत सुविधा की आवश्यकता होती है।

1. परिवहन सुविधा
2. ऋण सुविधा
3. सहकारिता की सुविधा
4. मशीनीकरण
5. विधुत सुविधा

4 अन्य - झुंझुनूं जिले के कृषि भूमि उपयोग, कृषि पारिथितिकी तथा उच्च फसल उत्पादन के लिए सुझाव प्रस्तुत हैं। अत: कार्यक्रम का क्रियान्वयन की आवश्यकता हैं।

1. सामाजिक वामिकीकार्यक्रम
2. प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण
3. जैविक संसाधन की रक्षा करना
4. भूमि सुधार कार्यक्रम
5. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम
6. वन विकास कार्यक्रम
7. शिक्षा
8. सामाजिक जागरुगता
9. पडत भूमि का विकास
10. अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं बूंद-बूंद सिंचाई पद्धति

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चौहान, जसवन्त सिंह 2012, 'टोंकजिल में कृषि पारिस्थितिकी एवं पयावरण कियोजन', पी.एच.डी. थिसीस, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर
2. टाली, ऋतु (2005) -'कृषि भूमि उपयोग एवं प्रारुप में परिवर्तन (उदयपुर जिले का एक भौगोलिक अध्ययन)' पी.एच.डी. थिसिस, जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान)
3. Choubisa, Kishan (2002)' "Agricultural landuse and population of mansiwakal Basin" Ph.D. Thesis, MLSU, Udaipur.
4. कुमार, सुमन (2021),'झुंझुनूं जिले के खाद्यान्न फसलों में गत्यात्मक: एक भौगोलिक विश्लेषण' पी.एच.डी. शोधग्रंथ मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राजस्थान)
5. Salvi. LL (1989): Spactio – Temporal Dimensions of crop Pattern and Level of Crop Productivity in Rajsthan-

1956-59 to 1987-89, M.Phil, Disseration MLSU, Udaipur.

6. भूरिया, राधुसिंह एवं गोरस्या, आर. आर. (2024):- 'झाबुआ जिले में कृषि विकास एवं भूमि उपयोग प्रतिरुप परिवर्तन : एक भौगोलिक विश्लेषण' –शोधपत्र, Jan. to March, 2024, Vol-I, Issue-XLV, Naveen Shodh Sansar ISSN-2320-8767

7. शर्मा, मुकेश एवं शर्मा, रामकिशोर –(2015)–'झुंझुनूं जिले में भूमि उपयोग, समस्याएं एवं निदान,' शोधपत्र, Jan. to Dec.2015, Vol-3, Internatinal Journal of Geology, Agri Culture and Environmental Sciencs.

तालिका 1.1: झुंझुनूं जिले के तहसील अनुसार भूमि उपयोग का वर्गीकरण (2019–20)

क्र.	भूमि का वर्गीकरण	कुल भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिशत (तहसीलनुसार)							
		झुंझुनू	चिड़ावा	खेतड़ी	उदयपुरवाटी	नवलगढ़	बुहाना	मलसीसर	सुरजगढ़
1.	वन क्षेत्र	1.31	0.23	25.46	17.18	23.20	2.40	0.00	0.00
2.	जोत रहित भूमि	7.61	743	7.01	3.99	5.77	9.49	9.44	7.86
3.	कृषि अयोग्य भूमि	6.28	6.48	5.52	6.18	5.14	3.76	3.15	3.63
4.	पड़त भूमि	21.97	4.85	11.39	1.46	19.36	10.05	17.85	0.06
5.	शुद्ध बोया गया क्षेत्र	62.52	74.11	43.96	57.53	65.36	72.07	69.14	81.89
6.	अन्य भुमि क्षेत्र	0.08	3.89	6.71	13.66	0.05	2.22	0.14	6.56
7.	कुल भौगोलिक क्षेत्रफल	80685	49449	80779	84675	68545	65180	81557	80666

स्त्रोत : जिला साख्यिकीय रूपरेखा, झुंझुनू, 2020

तालिका 1.2: अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिले में दशकीय भूमि उपयोग का औसत

क्र.	भूमि उपयोग वर्गीकरण		(1999–00 से 2003–04) औसत		(2004–05 से 2008–09) औसत		दशकीय औसत अन्तर (प्रतिशत) (7–5)
			क्षेत्रफल (हे.में)	प्रतिशत (कुल भौगोलिक क्षेत्र का)	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	प्रतिशत	
1	2	3	4	5	6	7	8
1		वन भूमि	39615	6.70	39667	61.71	0.01
2	कृषि के लिए अनुपलब्ध	गैर कृषि कार्यों के अन्तर्गत क्षेत्र	20153	3.41	22113	3.74	0.33
		बंजर एवं कृषि अर्योग्य भूमि	15347	2.59	15367	2.60	0.01
		कृषि के लिए अनुपलब्ध	35500	6.00	37481	6.34	0.34
3.	अन्य अकृषित भूमि	स्थायी चारगाह एवं अन्य चारागाह	40283	6.81	39609	6.70	–0.11
		विविध प्रकार के पौधे	83	0.01	91	0.02	0.01
		कृषि योग्य बंजर भूमि	6326	1.07	6884	1.16	0.09
		कुल अकृषित भूमि	46692	7.89	46584	7.88	–0.01
4	कुल पड़त भूमि	पड़त भूमि : चालू पड़त के अलावा	21894	370	21684	3.67	–0.03
		चालू पड़त भूमि	40162	6.79	21874	3.70	–3.09
		कुल पड़त भूमि	62056	10.49	435858	7.36	–3.13
5.	शुद्ध बोया गया क्षेत्र		407820	68.93	424246	71.72	2.79
6.	कुल भौगोलिक क्षेत्र		591683	100.00	591536	100.00	0
7.	कुल बोया गया क्षेत्र		592734	100.18	664395	112.32	12.14
8.	एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र		184914	31.25	240149	40.60	9.35

स्त्रोत : कृषि सांख्यिकीय, कृषि मन्त्रालय, भारत सरकार

तालिका 1.3: अध्ययन क्षेत्र झुंझुनूं जिले में दशकीय भूमि उपयोग का औसत

क्र.	भूमि उपयोग वर्गीकरण		(2009–10 से 2014–15) औसत		(2014–15 से 2018–19) औसत		दशकीय औसत अन्तर (प्रतिशत) (7–5)
			क्षेत्रफल (हे.में)	प्रतिशत (कुल भौगोलिक क्षेत्र का)	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	प्रतिशत	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	वन भूमि	39826	6.73	400045	6.77	0.04	
2	कृषि के लिए अनुपलब्ध	गैर कृषि कार्यों के अन्तर्गत क्षेत्र	22228	3.76	22189	3.75	–0.01
		बंजर एवं कृषि अर्योग्य भूमि	15650	2.65	15706	2.66	0.01
		कृषि के लिए अनुपलब्ध	37878	6.40	37895	6.41	0.01
3.	अन्य अकृषित भूमि	स्थायी चारगाह एवं अन्य चारागाह	39356	6.65	39252	6.64	–0.01
		विविध प्रकार के पौधे	52	0.01	30	0.01	0
		कृषि योग्य बंजर भूमि	6122	1.03	6207	1.05	0.02
		कुल अकृषित भूमि	45530	7.7	45488	7.69	–0.01
4	कुल पड़त भूमि	पड़त भूमि : चालू पड़त के अलावा	30046	5.08	38383	6.49	1.41
		चालू पड़त भूमि	24464	4.14	30778	5.20	1.06
		कुल पड़त भूमि	54510	9.22	69161	11.69	2.47
5.	शुद्ध बोया गया क्षेत्र		413791	69.95	398947	67.44	–2.51
6.	कुल भौगोलिक क्षेत्र		591536	100	591535	100	0
7.	कुल बोया गया क्षेत्र		673240	113.81	630817	106.64	–7.17
8.	एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र		259448	43.86	231870	39.20	–4.66

स्त्रोत : कृषि सांख्यिकीय, कृषि मन्त्रालयए भारत सरकार

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

India and Climate Diplomacy

Pallavi Sharma*

***Masters in Political Science, Jammu University, Jammu (J&K) INDIA**

Abstract - Climate Change refers to the Rise in average surface temperature on Earth. It can be due to Natural phenomenon like volcanic eruptions but it has been exacerbated by Anthropogenic factors like burning of fossil fuels ,Industrial emissions and Vehicular emissions.According to Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC) under the Sixth Assessment Report (AR6) Human induced global warming of 1.1 degrees Celsius has spurred changes to the Earth's Climate that are unprecedented in recent human history. This study focus on India's Climate diplomacy and voicing the concerns of developing states.
Keywords: Climate,Developing nation,Disaster Diplomacy.

Introduction - In 1960s With the publishing of book 'Silent Spring ' by Richard Carson the impact of Human activities on spoiling the environment was taken into consideration. Then in early 1970's at Sweden's request , the United Nations Conference on the Human Environment (UNCHE) was the first international meet on human impact on Environment. India's PM Indira Gandhi set the Development versus environment narrative back then by statement ,"Are not poverty and Need the greatest polluters?" by which she meant that fraction of countries consuming the bulk of resources and causing greater Environmental Degradation. Climate Change first gained significant attention in 1988.United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC)was adopted by various government representatives in May 1992 and came into force in 1994.Today it is the most widely supported international environmental agreement. Conference of The Parties are the gatherings held within the framework of The UNFCCC. The Ultimate objective of UNFCCC is to achieve stabilisation of GHG concentrations in the Atmosphere.The Kyoto protocol is an international treaty which extends the 1992 UNFCCC that commits state Parties to reduce greenhouse gases emissions. It was adopted in 1997 and came into force in 2005.The protocol is based on the Principle of ''common but differentiated responsibilities" as the developed countries are responsible for the current high levels of GHG emissions in the Atmosphere as a result of more than 150 years of Industrial activity, the protocol placed heavier burden on developed nations.

India's push for cooperation on climate change has expanded beyond simply seeking a multilateral solution to organising the emerging powers,or newly industrialised countries of the developing world into a Coalition. India has been a part of Three significant groupings -the Brazil,South Africa, India and China (BASIC) countries, the Brazil, Russia, India and China and South Africa (BRICS) and the Group of 77 (G-77) countries of Global South. BASIC was a key player at both Copenhagen and Paris Conference of the Parties (COPs) where India was recognised as a drafting author of the agreement. It led to adoption of Copenhagen Accord in 2009 at COP15 in line with the principle of common but differentiated responsibilities and respective capabilities (CBDR-RC).The Green Climate Fund (GCF) was established in Cancun Agreement and developed countries committed to a goal of mobilizing USD 100 billion per year by 2020 to address the needs of developing countries which still now have not been done.

The Paris Agreement is a legally binding international treaty on climate change adopted by 196 countries at UNFCCC Conference of Parties (COP21) in Paris on 12 December 2015 and entered into force on 4 November 2016.The main goal of the accord is to limit global warming to below 2 degree Celsius and preferably limit it to 1.5 degree Celsius compared to pre- industrial levels. At COP 21 in Glasgow UK India called for " Phase down" of coal based power instead of phase down in accordance for energy demands to be met by developing nations like India to cater to demands of rising population.At COP 27 in 2022 at Sharm-el -sheikh ,Egypt India led Mangrove alliance for Climate (MAC) , In our LiFEtime campaign with UNDP to encourage Youth to adopt sustainable lifestyle and make them Pro-Planet-People. Also Long- Term Low Emission Development Strategy was announced a roadmap to achieve net-Zero emissions by 2070.

During the Latest Cop 28 meet at UAE outcomes like First Global Stocktake to measure NDC's target and

agreement on operationalization of Loss and damage fund to provide financial help to countries trying to recover from climate -induced disasters. In his speech to COP28 PM modi said that India's global carbon emissions were just 4% despite having 17% of the global population.

As the world's third largest greenhouse gas emitting country, India is often criticised by the International community. However, it justifies itself by stating its low per capita emissions and low -historical emissions as compared to the developed world.

Institutions of Global Governance like WTO Have failed to cater to the developmental needs of the Global South when globalization has increased wealth inequalities and created undesirable dependencies. Through Institutions such as G20,International Solar alliance ,Indian ocean Rim Association(IORA) and Coalition for disaster resilient Infrastructure (CDRI),India is actively reconstructing the world order by offering sustainable solutions to challenges faced by humanity . In 2021 ,CDRI created the Infrastructure for the Resilient Island States (IRIS) initiative to cater to the infrastructural resilience of Small island Developing States (SIDS) like Fiji, Papua New Guinea etc. At its G20 presidency India inducted African union as a permanent member and once again voiced the concerns of Global South. India also launched The Global Biofuel Alliance to expediate the global uptake of Biofuels in line with the National Policy on biofuel with target of 20% ethanol blending by 2025.

India has always been the first responder whether it be Tsunami in Indonesia or the recent Earthquake in Turkiye. India is actively working to ensure maritime security and prosperity in the Indo-Pacific ,and the Indian Ocean region in particular which accounts for around 80% of maritime oil trade. In line with its Security and Growth for all in the Region (SAGAR) policy, India has established the Information Fusion Centre -Indian Ocean Region(IFC-IOR) which provides real time information to its partners to ensure maritime security. Indian Navy frequently conducts anti-piracy operations in the region extending from gulf of Aden to Malacca Straits ,the latest being operations to save MV Lila Norfolk from Somali pirates. India is working with countries like Bangladesh, Myanmar ,Srilanka etc. to boost blue economy By sustainably extracting ocean based resources in line with UNCLO's.

In 2015,India released its Nationally determined Contributions(NDC's) and they were revised in 2022 For instance to reduce the emission intensity of India's GDP by 45%by 2030.The targets are higher than before and accommodate the "Panchamrit"-goals presented by PM Modi at COP 26 to raise non-fossil fuel -based energy capacity of the country to 500GW by 2030 and to achieve Net zero emissions by the year 2070.PM Modi's global initiative to combat climate change -' Lifestyle for the Environment (LIFE) Movement .

India has taken various initiatives at national level like PM-KUSUM ,PM-UJJWALA to deal with climate change. Efforts like International solar alliance aims to create a ''One Sun ,One World ,One Grid initiative'' at international level.

Since Independence, India has been consumed by its domestic priorties.Now with increasing integration with the World and a huge stake in global stability ,it is time to focus on the Global commons.India has a seat on the hightable to design and shape the rules for the governance of the global commons for instance The Indian Antarctic bill 2022 for conservation of Antarctic Marine Living Resources .

India has shifted from its earlier defensive, neo-colonial attitude on the matter of climate responsiblity to a more proactive and cooperative internationalist approach in recent climate engagements.

References:-

1. Intergovernmental Panel on Climate Change, Climate Change 2022:Impacts, Adoptation,and Vulnerability.
2. Anna Hristova and Dobrinka Chankova,''Climate Diplomacy-A growing Foreign Policy Challenge''
3. Terra Nova -Analysing India's climate policy and the route post-COP27
4. Satyam Singh-'Problematising Revisionism: India's constructive revisionism Under the Modi Government'.
5. https://www.gatewayhouse.in/india-globalcommons/
6. https://www.indiatoday.in/history-of-it/story//cop28-summit-dubai-indiragandhi
7. The Hindu Newspaper.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

INDIA-US : Relations in the Present Changing World Order

Pallavi Sharma*

***Masters in Political Science, Jammu University, Jammu (J&K) INDIA**

Abstract - India's relations with the outside world underwent a changing trajectory especially with the US post Cold war. This article aims to explore the growing convergence between US and India in this Multipolar world with the assertive China on the one hand and the growing conflicts in West Asia ,Europe and the protection of democratic Institutions around the world .
Keywords: QUAD, Multipolar, Supply chains, Democracy.

8. K. Janda, Law Against Party Switching, Defecting or Floor – Crossing in National Parliaments ,World congress of the international Political Science association, Santiago, Chile, 12-16, 2009
9. Kavita, Suman, भारतीय राजनीति व्यवस्था में दल- बदल का विकास, Ignited Minds Journal, Bhikaji Cama Place, New Delhi Vol. VI , Issue XI , July – 2013
10. K.V. Swamy, Effect of Anti-Defection Law on Democracy ,Editorial Board 9 (4), 192, 2020
11. L. Narayan, भारतीय लोकतंत्र में दलीय प्रणाली के विविध स्वरूप :1952 से 2014 तक का राजनीतिक परिदृश्य, International Journal of Research, Volume 05, Issue 02 January 2018
12. N.S.Gehlot, The Anti - Defection Act,1985 And The Role

Of The Speaker, The Indian Journal of Political Science 52 (3), 327-340, 1991
13. P. Gupta , Anti-Defection Law: A Blessing or Disaster , Neolexvision Blog, 2020
14. P. Kumar, Politics of Defection in Indian Political System ,Journal of Global Research & Analysis 5 (1), 1133-38, 2012
15. P. Mehta, The Politics of Defection, at SSRN 3445958, 2019
16. P. Shree, Anti-Defection Law of India and It's Validity in The 21st Centuary ,Jus Corpus LJ 2, 1334, 2021
17. रजनी कोठरी, भारत की राजनीतत,Vani Prakashan; Third edition (1 January 2010)
18. S.C. Kashyap, Anti-Defection Law And Parliamentary Previleges ,Universal Law Publishing Company, 2011
19. U. Bhatia, what's Party Like ? The Status of the Political Party in Anti Defection Jurisdictons ,Law and Philosophy 40 (3), 305-334, 2021
20. V.Kumar, Electoral Reform in India : Needs, Issue and Challenge, International Journal of Political Science and Development, Vol. 9 (1) , pp , 17-24 , January 2021

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Satisfaction Status in Private Banks in Ujjain District

Lakshya Malviya* Dr. L. N. Sharma Dr. Mahesh Sharma*****

*Research Scholar, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA
** Principal & Guide, Govt. P.G. College, Mandsaur (M.P.) INDIA
*** Ex-Principal & Co- Guide, Kalidas College, Ujjain (M.P.) INDIA

Abstract - Job is a commercial activity in Indian Economy. It is part of employment for earning purpose. Job may be part time and may be full time activity. It is very importance in our Indian society because job provide a respectable position in Indian society.

Job is a just like a status in any society. If any person has respectable job in any sector he can participate successfully for over all development of country. Job may be respectable and not may be respectable but satisfaction with present job scenario is very important because dissatisfied employees can not work successfully in any sector specially in banking sector. Success of banking sector depends on various factor but satisfaction of bank employees can play a vital role for overall growth of banking sector.

Success of banking sector specially success of private banks are deeply related with satisfaction level because more satisfied bank employees can perform effectively and successfully also. But dissatisfied bank employees can create a lot of practical problems, disbuts and disterbance at work place in this condition importance of satisfaction or importance of satisfied employees is increase day by day in banking sector.

Private sector banks has some different working condition at work place and private sector banks are over loaded institutions due to unhealthy competition and other commercial pressures in this situation satisfied work force is must for over all success of private sector banks.

Management of private sector banks should take some practical steps for reduce work load, mantle stress, economic uncertainty, unhealthy working scenario for young bank employees etc. because. These are some barriers for the level of satisfaction in private sector banks in Ujjain District.

Keywords: Job, Status of Satisfaction, dissatisfied work force, work load, mantle stress, promotion system, working environment.

Introduction - Banking sector is part of our commercial life it is also important for Indian Economy because every commercial activities can not be possible without banking sector. Success of banking sector is depends on working environment and satisfaction level of employees is depends on working environment in this condition working environment and satisfaction level of bank employee are just co-related. There are strong relationship between working environment and success of banking sector specially for private sector banking.

Objectives - Study for this research paper is based on the job satisfaction status in private sector banking sector in Ujjain District. This study was carried with some objectives.

1. To find out impact of various variables on the level of satisfaction in job.
2. Study and analysis of factors affecting job satisfaction status in private sector banking.
3. Study and analysis of various problems and find out some practical solutions in the field of job satisfaction.
4. Study and analysis of working environment in private banks of Ujjain District.
5. To find out relationship between working scenario and satisfaction status in private sector banks.

Hypothesis - Survey work has identified impact of various factors on the level of job satisfaction for survey work and statistical analysis purpose, some hypothesis was created by the researcher like-

1. There is no impact of age group on the level of satisfaction.
2. The level of income affect the level of job satisfaction.
3. There is an important relationship between promotion system and satisfaction level.

Research Methodology - Sample based survey is a part of research methodology and sampling plan for survey purpose was developed by the researcher related with private banking sector of Ujjain District.

For this survey work total 06 banks were selected keeping in the view that these private banks are important

banks in Ujjain District.

Private banks which were selected for research paper -

(A) ICICI Bank (B) HDFC Bank
(C) Bandhan Bank (D) Kotak and Mahindra Bank
(E) IDBI Bank (F) Axis Bank

Data collection for survey work, is an important process and primary data and secondary data were collected by the researcher for survey purpose.

For primary data collection the researcher divided to bank employees in to three categories -

Bank employees of Private Sector

Officers Clarks Sub Staff

Some variable were also selected by the researcher for primary data collection purpose like

Variables for survey purpose

Age Group Income Promotion System

Statistical tools are most important for research study no one can not find out any conclusion from data analysis because statistical tools are just like a weapon for any researcher in the battle on research field.

Correlation co-efficient

Applied Statistical Tools — Chi Square Analysis

Satisfaction Status: Satisfaction in job or job satisfaction is main part of any organisation. Job satisfaction is a very important because satisfied bank employee can play a vital role for success of any organisation.

We can analise satisfaction status in private sector banks with some variables.

(A) Age Group of bank employee - Sample size for this research work was 120 from private sector bank. Age group of respondents is divided into three group.

(A) 18-30 years (B) 30-45 years (C) 45-60 years

Age group of bank employees is a main variable for research study and according statistical analysis of primary data we can shows some facts with diagram.




Figure No. 1 : Satisfaction Status and Age Group

According to Figure No. 1 -

1. In 18-30 years age group, there were 30 bank employees satisfied with their job scenario.
2. There were 40 bank employees satisfied with their job scenario in private banks in 30-45 years age group.
3. Bank employees of 45-60 age group, were more satisfied in private banking sector.

(B) Income of Bank Employees - Income is most important factor affect to satisfaction level because income specially monthly income can be related with satisfaction status deeply. for research purpose the researcher was divide monthly income of bank employees into for categories-

(A) Upto 15000 Rs. (B) 15000-30000 Rs
(C) 30000-45000 Rs. (D) 45000-60000 Rs.

Monthly income is an important variable for satisfaction status and according to statistical analysis of primary data we can show's some facts with diagram




Figure No. 2 : Satisfaction Status according to Monthly Income

A. Monthly income up to 15000 Rs.
B. Monthly income 15000- 30000 Rs.
C. Monthly income 30000-45000 Rs.
D. Monthly Income 45000-60000 Rs.

According to Figure No. 2

1. Highly monthly income group is monthly income 45000-60000 Rs. and in this income group there were 60 bank employees satisfied.
2. 20 Bank employees were satisfied in Ist Income group it is minimum No. of satisfied bank employees.

(C) Promotion System of Private Banking Sector - Promotion system can play a vital role for satisfaction status. If any bank employee is satisfied with promotion system. In this condition he / she can work as an effective human resources for banking sector.




Figure No. 3 : Satisfaction with Promotion System

According to figure no. 3, 64% bank employees were dissatisfied with promotion system in private banks.

Main Findings - Main findings of this research paper are -

1. Satisfaction status affects working culture in private banks.
2. Working environment may be positive in the case of satisfied bank employees because satisfied bank employees can play a vital role for successful working system.
3. Highly aged group bank employees are more satisfied in private banking system but young bank employees are generally dissatisfied with their job status.
4. Monthly income is a main factor affect to satisfaction level for bank employees. Highly monthly income receiving bank employees are more satisfied with the comparison of other income group.
5. Lowest monthly income group bank employees are dissatisfied and lower monthly income group are also dissatisfied with present job scenario.
6. The level of satisfaction can increase according monthly income level specially for income group no. 4.
7. Generally bank employees of private sector banks are dissatisfied with promotion system.

According to Hypothesis Test some findings are -

A. The calculated value for Hypothesis No. 1 was 1.175. In this condition we can say that No. 1 Hypothesis is not True for this study.
B. The calculated value for Hypothesis No. 2 was 4.782. In this condition we can say that no. 2 Hypothesis in True for this study. Means there are strong and deeply relationship between income status and satisfaction status.
C. The calculated value for Hypothesis No. 3 was r = +.64 in this condition we can say that promotion system is a main factor for satisfaction status and 64% bank employees are dissatisfied.

Barriers for Research Work - Research study was not free with obstacles and various practical problems was faced by the researcher during primary data collection like-

1. Much busy schedule of bank employees.
2. Limited freeness for responding about various view's from bank employees.
3. Generally bank officers were not ready to explain their view in public life.
4. Difficult working culture of private banks was also a problem for research study.
5. More level of mantle stress of bank employees.
6. Day by day increase work load in private sector banks.

Conclusion- Working culture of private sector banks are some different with public sector banks in Ujjain District.

Private sector banks are over loaded now because they have much work load and according to increase work load, Bank employees of private sector banks are not satisfied with their working system. Generally young banker's are more dissatisfied than elder bank employees in this condition we can conclude that the level of satisfaction may be increase according to age vice in private sector banks.

Level of satisfaction can be increase with proper and effective implementation of above practical problems specially if we can reduce work load, reduce mantle stress and improvement in monthly income in this situation, the level of satisfaction can be increase time to time successfully. **- Lakshya Malviya**

References :-

1. Karimi, S. : Factors affecting job satisfaction : Scientific and research journal of Mazndaran University Publication (Nov. 2007)
2. Tomar, S. : A study of job satisfaction in retail sector : Ph.D. Thesis (2012) : Vikram University, Ujjain
3. Latham, G.P. : The study of work motivation in the 20th century : Americal Journal of Community Publication (June 2012)
4. Solanky, M.M. : Mental health of industrial workers : Indian Journal of Industrial Relationship Publication (June 2013)
5. Suneja, P. : Job satisfaction among bank employees : International Journal of Scientific & Technology Research Publication (December 2013)
6. Mukhergy, R. : Research Methodology (2015) " S. Chand Publication, New Delhi.
7. Mishra, K.N. : Research Methodology (2017) : Vrinda publication, New Delhi.
8. Padmaja, R. : A study on job satisfaction of bank employees : International Journal of Research Publication (March 2017)
9. Joshi, P. : Factors affecting job satisfaction in banking sector : Shodh Sarita Publication (June 2020)
10. Mohapatra, S.R. : A Comparative study on employees satisfaction in public and private sector bank : Journal of critical review publication (December 2020)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

खादी और चरखा आर्थिक पहिए

कमलेश कुमार नाथ*

* एम.ए., नेट (जेआरफ) (इतिहास) हरणी महादेव रोड नया समेलिया, भीलवाड़ा (राज.) भारत

प्रस्तावना – गांधी जी 1915 ई. में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे। गांधी जी के चिंतन में स्वदेशी की अवधारणा का व्यवहारिक स्वरूप खादी एवं कुटीर उद्योग के रूप में सामने आता है। स्वदेशी को गांधी ने चरखा एंव खादी के सन्दर्भ में विश्लेषित किया है। स्वदेशी का अर्थ है अपने देश से सम्बन्धित राजनीतिक धरातल पर राष्ट्रवाद। स्वदेशी के सम्बन्ध में गांधी जी व्यक्ति के जीवन को धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक धरातल पर बांधते हैं। स्वदेशी का सिद्धांत अत्यधिक राजनीतिक महत्व का है। भारत के स्वतंत्रता के आंदोलन में चरखे का आर्थिक पहिए के रूप में महत्व देखा जा सकता है।

भारत में अंग्रेजों के आगमन से पूर्व भारत में चरखा प्रचलन में था। चरखा एक हस्तचालित यंत्र है जिससे सूत काता जाता है भारत में चरखे का सर्वप्रथम उल्लेख हमें मध्यकालीन इतिहासकार इसामी की कृति फुतुहू उस सलातिन में मिलता है। अमीर खुसरो ने भी इसका उल्लेख किया था। भारत में 1500 ई. तक खादी ओर हस्तकला उद्योग पूरी तरह विकसित था। मसलन 1702 ई. में अकेले इंग्लैंड ने भारत से 10,53,725 पाउंड की खादी खरीदी थी। मार्कोपोलो, ट्रेवेनियर ने भी खादी का उल्लेख किया था। भारत में मुख्यत दो प्रकार के चरखे प्रचलन में आए प्रथम खड़ा चरखा दूसरा अम्बर चरखा।

18 अप्रैल 1921 को गांधी ने वर्धा में सत्याग्रही आश्रम की स्थापना की थी। इस समय गांधी जी ने कांग्रेस में करोड़ों सदस्यों की भर्ती की ओर विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया था। गांधी पर असहयोग आंदोलन के बाद राजद्रोह का आरोप लगाया गया और उन्हें 6 वर्ष की सजा सुनाई गई थी, किन्तु स्वास्थय खराब होने की वजह से उन्हें 2 वर्ष में ही रिहा कर दिया गया।

जब गांधी जी जेल से मुक्त होकर आए तो उन्होंने महसूस किया कि असहयोग आंदोलन पुन प्रारम्भ करना असम्भव है। इसलिए उन्होंने अपने जीवन का कुछ समय त्ररी सूत्री कार्यक्रम खादी, हिन्दू मुस्लिम एकता, अस्पृश्यता उन्मूलन लागू करने में व्यतीत किया।

'गांधी जी का मानना था कि सारे कार्यक्रम की कुंजी चरखा चलाना है। चरखे के माध्यम से स्वराज की प्राप्ति की जा सकती है। दिसम्बर 1924 में कांग्रेस का बेलगाव में अधिवेशन हुआ था। इस अधिव की अध्यक्षता खुद गांधी ने कि थी। यही से उन्होंने खादी का श्री गणेश किया। उन्होंने कहा खदर का अभियान छेड़ा जाय। कांग्रेस के कार्यकर्ता को खदर का सिद्धांत मनवाने के लिए उन्होंने कांग्रेस को इस बात के लिए लिखा था कि चार आने का शुल्क देकर सदस्यता प्राप्त करने के बजाय वही सदस्य मताधिकार के प्रयोग का अधिकारी माना जाय जो 2000 गज प्रतिमास सूत काते।'[1]

इस अधिवेशन में गांधी जी ने लोगो से अपील कि 'आप लोग जिले के हर भाग में जाए और खदर हिन्दू मुस्लिम एकता और अस्पृश्यता उन्मूलन का संदेश घर घर तक पहुंचाए देश के नवयुवकों को अपना अनुयायी बनाओ और उन्हें स्वराज के असली सैनिक के रूप में ढालो।'

गांधी जी भारतीय जनता का ध्यान रचनात्मक कार्यों की ओर खींचना चाहते थे। अत: उन्होने 22 सितम्बर 1925 को पटना में चरखा संघ की स्थापना की। इसके बाद गांधी ने बंगाल, यूपी, बिहार, गुजरात, मद्रास इत्यादि स्थानों की यात्रा की ओर चरखे का प्रचार प्रसार किया। गांधी जी बंगाल से बड़े प्रभावित थे उन्होंने कहा बंगाल में बहुत ऐसे क्षेत्र है जहां विभिन्न प्रकार के कुटीर उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। सूत कतने की बंगाल की प्रतिभा को बड़ा सराहा और सारे भारत से सोदपुर खादी प्रतिष्ठान का अनुकरण करने को कहा।

सूत कात ने कि बंगाल की प्रतिभा को उन्होंने बड़ा सराहा और सारे भारत से सोदपुर खादी प्रतिष्ठान का अनुकरण करने को कहा ।

प्रख्यात इतिहासकार ताराचंद लिखते है कि 1925 ई. के अंत में गांधी जी भारतीय राजनीति से अलग हो गए थे। 1926 ई. में वर्ष भर आश्रम में ही रहे ओर खदर सम्बन्धी संगठनात्मक कार्य करते रहे। 6 अप्रैल से आरम्भ होने वाले राष्ट्रीय सप्ताह में उन्होंने खदर अभियान को उन्होंने तेज कर दिया। यह सप्ताह जालियांवाला बाग हत्याकांड की स्मृति में मनाया गया था। गांधी ने कहा ऐसा क्या काम है जिसे सभी व्यक्ति अनायास कर सकते है। जिससे देश की सम्पदा बढ़ सकती है, संगठन की शक्ति में वृद्धि होती है। वह कोनसा काम है जिससे हम सब एक दूसरे के बराबर समझ सकते है बिना हिचक के इसका उत्तार है चरखा।[2]

गांधी जी का यह अभियान काफी सफल रहा था। मसलन स्वराज्य पार्टी के नेता मोती लाल नेहरू ने इलाहाबाद में सड़कों पर खादी खदर बेची थी स्कूल के बच्चो ने भी इसमें हिस्सा लिया था। छात्रों से कहा गया 'गावो ओर हमें प्रेमसुत्र में बाधने वाला एकमात्र साधन चरखा है।'

गांधी के खादी अभियान में दो ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने इस अभियान में महत्वूर्ण भूमिका निभाई, प्रथम विटलदास जेराजनी दूसरे कन्हैया लाल थे। 'कन्हैया लाल एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने महात्मा गांधी की स्वाधीनता, स्वराजय ओर स्वदेशी की भावना से समग्र अनुप्रमाणित हो ब्रिटिश सम्राज्य के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन में सक्रिय रूप से भागदारी निभाई। वे अपने कंधो पर खादी के थान लादे गाव गांव घूमते खादी पहनने का प्रचार प्रसार करते थे। जब गांधी ने उन्हें देखा तो खादिवाला के नाम से संबोधित

किया। तब से कन्हैया लाल खादीवाला के नाम से जाने गए ये ही नाम उनकी गोत्र ओर पहचान बन गया,'[3] जेराजानी गांधी के विचारो से काफी प्रभावित थे। उन्होंने अपने हजारों रुपयों के विदेशी व्यापार को तिलांजलि देकर खादी के प्रचार प्रसार में लग गए ओर जीवनपर्यत तक करते रहे।

गांधी जी ओद्योगिक रण के कटर विरोधी थे। उनका विचार था की बड़े पैमाने पर उत्पादन से सामाजिक एवं आर्थिक दोष उत्पन होते हैं। मशीनों के उपयोग से मनुष्य आलसी हो जाता है और उसको अपने परिश्रम में कोई रुचि नहीं रहती। वह एक ऐसी अर्थव्यवस्था चाहते थे जिसमे मजदूर खुद स्वामी हो। ऐसी अर्थव्यवस्था में मजदूरों के शोषण का कोई अवसर ही नहीं है। गांधी मशीनों के विरोधी नहीं थे, वे कहते थे कि 'मनुष्य का शरीर पर चरखा भी मशीन है, किन्तु वे उस मशीन के विरोधी थे जिसके उपयोग से शरम को बचाने की चेष्टा की जाती हैं। मनुष्य परिश्रम को बचाते चले जाते जिसका परिणाम यह होता है कि लाखो व्यक्ति सड़क पर घूमते फिरते ओर भुखमरी बढ़ जाती। उन्होंने कहा मैं समय और श्रम की बचत करना चाहता हूं, किन्तु मानव जाती के कुछ भाग के लिए नहीं सभी के लिए।' [4] आज मशीन केवल थोड़े से व्यक्तियों को करोड़ों की पीठ पर चढ़ने में सहायता करती है है। इसलिए गांधी जी ने खादी का समर्थन किया।

'ग्रामीण सर्वोदय गांधी जी का महान आदर्श था। गांधी जी की इच्छा थी कि पुरातन काल के ग्रामीण समुदायों की फिर से स्थापना की जाए। उनमें समृद्धशाली कृषि, विकसित उद्योग और छोटे छोटे पैमाने के सहकारी संगठन स्थापित किए जाए। जिस प्रकार प्राचीनकाल में भारत के लोग भारत में उत्पादित वस्तु का प्रयोग करते, वस्तु विनिमय के द्धारा व्यापार होता था। गावों में विभिन्न प्रकार के वर्ग के लोग विभिन्न प्रकार के कार्य करते थे।'[5] मसलन लोहार लोहे का, चर्मकार चर्मे का, कुंभकार मिट्टी के बर्तन बनाने का आदि। इससे समस्त गांवों के लोग एक दूसरे पर निर्भर थे और एक दूसरे के सहयोग से काम चलाते थे। इस प्रकार गांधी जी खादी के माध्यम से भारत की पुरातन व्यवस्था को पुन जीवित करना चाहते थ। अत गांधी जी का भारत गावों में था न कि शहरों में।

गांधी जी चरखा के माध्यम से न केवल देश के लोगो को स्वावलंबन की शिक्षा दे रहे थे बल्कि खादी के माध्यम से वे देश में एकता स्थापित कर रहे थे। इनका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ भारतीयों में राजनीतिक चेतना जगाना भी था। खादी अभियान के माध्यम से देश के सभी वर्ग हिन्दू मुसलमान, शूद्र आदि को साथ लेकर देश को स्वतंत्र कराने का प्रयास कर रहे थे। गांधी जी ने यंग इंडिया में लिखा 'खदर द्धारा निर्धन लोग गरीबी की जंजीरों से मुक्ति पाते है और विभिन्न खदर वर्गों ओर लोगो के बीच नैतिक ओर आध्यात्मिक एकता स्थापित होती। खदर में बड़ी जबरदस्त संगठन शक्ति है क्योंकि खदर अपनाने के लिए संगठन करना पड़ता है और पूरा भारत इसका कार्यक्षेत्र है। इसलिए में धन के न्यायोचित वितरण के लिए कार्य करता हूं। यह कार्य में खदर द्धारा करना चाहता हू। यह कार्य ब्रिटिश शोषण के केंद्र को ही शुद्ध करता है। इसलिए इससे ब्रिटेन का पवित्रीकरण करना होगा इस प्रकार खादी स्वराज्य का मार्ग है।'[6]

खादी अभियान से महिलाएं काफी प्रभावित थी। खादी कार्य के विकास और प्रचार में महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लिया था। 'गांधी सेवा सेना, भगिनी समाज, भाटिया स्त्री मंडल आदि महिला संस्थाओं ने अभियान का मार्ग प्रशस्त किया। सरोजिनी नायडू महिलाओं में अग्रणी नेता थी। इन संस्थाओं की महिलाएं घर घर में जाकर खादी का प्रचार करती थी। अनेक प्रदर्शनियों में उच्च कुटुंब की महिलाओं ने खादी विक्रेता के स्थान पर अपनी सेवाए प्रदान की थी।' [7] अब महिलाएं अपने दैनिक जीवन का कार्य करने के बाद अपना अधिकांश समय सूत कात्तने में व्यतीत करने लगी। इससे महिलाओं को रोजगार मिला ओर समाज में कुछ हद तक सम्मान मिलने लगा। महिलाओं के कार्य करने से पुरुषों पर परिवार का आर्थिक भार कम हुआ। इस प्रकार महिलाओं की स्थिति में सुधार आया।

समाज में निम्न वर्ग की दशा बड़ी दयनीय थी। उन्हें घरना की दृष्टि से देखा जाता था। उनका मुख्य कार्य साफ सफाई का था। गांधी के खदर अभियान के माध्यम से उनकी हालत दशा में सुधार करने का प्रयास किया और समाज के अन्य वर्गों के समान उन्हें भी इस आंदोलन में शामिल किया। हरिजनों के इस आंदोलन में शामिल होने के बाद उनकी दशा में जो सुधार आया उसके बारे में गांधी 1933 में मद्रास प्रदर्शनी में कहा'एक स्वदेशी क्या हो सकता है, हरिजनों के लिए प्रदर्शनी करते हैं, आप पूछ सकते है कि मुझे लगता है कि खादी को इसके साथ बहुत कुछ मिला है, क्योंकि हाथ से कताई ओर कपड़े की बुनाई आपको जानकर आश्चर्य होगा, आराम और प्रकाश की किरण लाया है। हजारों ओर हजारों हरिजनों के अंधेरे घरो में। मुझे इस छोटे से दौर के दौरान भी कई जगहों पर जाने का मौका मिला ओर हरिजनों के लिए खादी की शक्ति की खोज की। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि बहुत सी चीजें हैं, मुझे उम्मीद है कि उन चीजों का प्रदर्शन था किया गया है। हरिजनों ने काम किया अधिंकाश भाग के लिए।'[8]

गांधी के खादी अभियान का प्रभाव मजदूरों, किसानों, शूद्रों, आदि के साथ साथ छात्रों पर भी पड़ा। हजारों संख्या में छात्रों ने खादी अभियान में गांधी का समर्थन किया। गांधी जी ने अक्टूबर 1927 में छात्रों को कालीकट में संबोधित करते हुए कहा 'मैं निश्चितता के साथ कह सकता हूं, अगर आप इस प्रयास में गौरव लाना चाहते है, कुछ रचनात्मक कार्य करो। ऐसा करने से आप अन्य छात्रों के लिए उदाहरण बनेंगे। खादी पहली चीज है जिसके बारे में बात करेंगे आप इसे पहनकर ओर बेचकर ज्यादा सेवा प्रदान कर सकते है। जब तक समझोता नहीं हो जाता तब तक आप इस काम को कर सकते है और आगे बढ़ना चाहते है तो इसे यहां लाए और इसका अलाव जलाय। विदेशी कपडे आपके लिए बहुत अधिक ऋण लेकर आयेगे। आप उस खदर के बारे में एक लेख देखेंगे जिसे हम विदेशी कपड़े का उपयोग करके भारत में ला रहे थे। आपके पास कम से कम कुछ बचा होना चाहिए। जब आप यह काम करेगे तो सरकार को भी यकीन हो जाएगा कि अब छात्रों ने काम करना शुरू कर दिया है।'[9]

इस प्रकार समाज के सभी वर्गों ने गांधी के खादी अभियान को सफल बनाने का प्रयास किया। गांधी के खदर अभियान से भूमिहीन कृषकों, शूद्रों, श्रमिकों, महिलाओं को रोजगार मिला। इनके अतिरक्त समाज के कुछ ऐसे व्यक्ति जो शारीरिक रूप से किसी भी प्रकार का कार्य करने में सक्षम नहीं थे खादी उनके भी जीवन का आधार बनी। मसलन खादी अभियान में गांधी के सहयोगी रहे जेराजानि लिखते है' जब वे तमिलनाडु के एक छोटे से कस्बे तिरुपुर में गए तो उन्होंने वहां एक बूढ़ी औरत को सूत कातते देखा। इसी क्षेत्र में एक अंधा व्यक्ति खादी व्यापारियों का प्रमुख था। इसी संदर्भ में जेराजनि एक ओर घटना का उल्लेख करते हैं की जब वे मद्रास अधिवेशन के अवसर पर मदन मोहन मालवीय के साथ गए तो उन्होंने खादी प्रदर्शन में एक अंधी ओरत को सुत कातते देखा। जब उन्होंने ने चरखे की माल के दी तो उस औरत ने चरखे पर हाथ फिरा कर टूटी माल निकाल दी और फिर से सूत

कातने लगी।' [10] इस प्रकार चरखा न जाने कितने बूढों, अपहिजो, ओर निराधारो का सहारा बना। ये लोग सूत कातते थे और उससे जो आय प्राप्त होती उससे अपना जीवन निर्वाह करते।

गांधी जी ने खादी अभियान के माध्यम से देश को एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया था, किन्तु इसमें उन्हें पूर्ण रूप से सफलता नहीं मिली। मसलन कुछ ही क्षेत्रों के मुस्लिमो ने इसमें हिस्सा लिया था। गांधी ने यंग इंडिया में लिखा था 'मैं बहुत से मुस्लिम सगठनों को विशेष रूप से खादी के लिए समर्पित नहीं जानता हूं। न ही बहुत से मुस्लिम इस ब हुआवशक राष्ट्रीय कार्य में जीवंत रुचि लेते पाए जाते है। वास्तव मैं बकरा ईद के दौरान मित्र मुझसे कहता है मुसलमानों को एक हाथ कि उंगलियों पर गिना का सकता है, जो खादी के कपड़े पहने हुए थे। वे भारतीय कपड़े भी पहने नहीं हुए थे। मुझे आशा है की यह समिति इस हालात को बदलेगी' [11]

कई लोगों का मानना था कि खादी बहुत महंगी होती है, विदेशी कपड़े के मुकाबले में। इसलिए सभी के लिए खादी पहना संभव नहीं था। गांधी ने कहा कि मिल में को कपड़ा तेयार होता है वो भारी मशीनों से बनाया जाता हैं, जबकि खादी चरखे से काते गए सूत से। अत: दोनों में कोई मुकाबला नहीं हो सकता, मुकाबला तो बराबर वालो में होता है। इसलिए गांधी जी ने स्वयं ने सीमित मात्रा में। वस्त्र धारण करना प्रारंभ कर दिया। वे कंधे पर एक साल रखते थे और धोती पहनते थे। इस प्रकार उन्होंने लोगों को आवश्यकतानुसार वस्त्र पहने का संदेश दिया।

गांधी का खादी का अर्थशास्त्र अहिंसा का अर्थशास्त्र था। गांधी ने खादी में सामाजिक स्वदेशी धर्म को देखा था। गांधी जी की दृष्टी में स्वदेशी का अर्थ है हम किसी के सामने हाथ न फैलाएं, अपने ही संसाधनों का अपनी ही बनाई हुई चीजों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। गांधी जी का भारत गावों में बसता था । उनका विचार था कि हमें गावों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। हमें उनकी मूढ़ता अंधविश्वास और संकुचित दृष्टि को दूर करना है। वे गावों को स्वावलबी बनाना चाहते थे।

'गांधी की ग्राम स्वराज्य की कल्पना यह थी कि ऐसा पूर्ण गणतंत्र हो जो अपनी मुख्य जरूरतों के लिए पड़ोसियों पर निर्भर न हो ओर फिर भी बहुतेरी जरूरतों के लिए एक दूसरे पर निर्भर हो, जिनमें दूसरों पर निर्भरता जरूरी है। इस तरह हर गांव का पहला काम यह होगा कि वह अपनी जरूरतों का तमाम अनाज ओर कपड़ा खुद पैदा करे। '[12] इसलिए उन्होंने शारीरिक श्रम और चरखा चलाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा जब तक हम हाथ से सूत नहीं कात्तोगे तब तक हमारी पराधीनता ऐसे ही बनी रहेगी। इस प्रकार उन्होंने धन का एक ऐसा स्त्रोत खोज निकाला जो सम्पूर्ण संसार में अदभुत है।

इस प्रकार गांधी जी ने खादी के वस्त्र पहनकर एक सिपाही के रूप में अपने देश कोस्वावलंबी बनाया ओर स्वराज की प्राप्ति की। स्वदेशी धर्म के अन्तर्गत अपने देश का धर्म, भाषा, राजनीतिक पद्धतियां आदि को अंगीकार करना आवश्यक माना जाता है, परंतु स्वदेशी की धारणा बहिष्कार वाली धारणा नहीं है तथा इसमें घर्णा का कोई भाव नहीं है। स्वदेशी व्रत के अन्तर्गत सभी वस्तुओं का त्याग न करके उन्ही विदेशी वस्तुओं का त्याग किया जाय जिसका उत्पादन अपने देश में होता है तथा जिनके उपयोग के बिना हमारे समाज के कुछ अंग अपनी जीविका खो देते हैं। गांधी के स्वदेशी व्रत, संकीर्णता, स्वार्थ आदि दोषों से मुक्त था। यह अहिंसा और प्रेम का पर्याय है। जब अधिकांश भारतीय अपने दैनिक जीवन में विदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने लग गए तब गांधी ने स्वदेशी पर बल दिया विदेशी वस्तुओं का त्याग किया। गांधी ने विदेशी कपड़ों का बहिष्कार किया क्योंकि वे ही हमारी वस्त्र बनाने की कारीगरी और क्षमता को नस्ट कर रहा था।,कार्ल मार्क्स ने 1853 में लिखा था 'यह अंग्रेजी घुसपैठिया था जिसने भारतीय खादी को तोड़ दिया ओर चरखे का नाश कर दिया। अंग्रेजों ने भारतीय सुती कपड़ों को अंग्रेजी मंडियों से वंचित करना आरम्भ कर दिया और फिर भारत में एक ऐसा मोड़ दिया कि सूती कपड़े की मात्रभूमि ही सूती कपड़ों से भर दी गई। सूती कपड़ा उद्योग के नाश होने से कृषि पर बोझ बढ़ गया। और अंत में देश अंकिचन हो गया।' इसलिए गांधी ने चरखा के माध्यम से देश की कारीगरी को दिखाया ओर सभी को स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया। इस प्रकार उन्होंने चरखा को स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण हथियार बनाया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ताराचंद, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, खण्ड 4, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, पृ.संख्या, 7
2. पूर्व उद्धत वही, पृ.संख्या 8
3. वही पृ.संख्या, 9
4. स्वर सरिता पत्रिका, पृ. संख्या 13
5. रवीश, सुधांशु, गांधी चिंतन, आविष्कार पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स पृ.संख्या, 141
6. वही पृ. संख्या, 142
7. जेरजानी विट्टल दास, खादी की कहानी, खादी ग्राम उद्योग आयोग, पृ.संख्या, 105
8. जोशी दिव्या, गांधी ऑन खादी, नवजीवन प्रकाशन हाउस अहमदाबाद 1955 पृ.संख्या, 43
9. वही, पृ.संख्या, 55
10. पूर्व उल्लेखित पृ.संख्या, 51
11. पूर्व उल्लेखित, पृ. संख्या, 45
12. मोहनराव, यू, एस, महात्मा गांधी का संदेश, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, पृ. संख्या, 89

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पर्यावरण संरक्षण में व्यवसाय की भूमिका

प्रवीण कुमार सोनी *

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, माकड़ोन, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान प्रतिस्पर्द्धात्मक युग में व्यावसायिक संगठनों के लिए अनेकों सामाजिक उत्तरदायित्व तय किये गये हैं जिन्हें पूर्ण करना उनके लिये नैतिक/कानूनी रूप से अनिवार्य होता है। इन्ही सामाजिक दायित्वों की कड़ी में पर्यावरण के प्रति भी उत्त्रदायित्व निर्धारित किये गए हैं। ग्लोबल वार्मिंग के चलते यह आवश्यक हो गया है कि प्रत्येक व्यावसायिक संगठन अपनी व्यावसायिक रणनीति तैयार करने के पूर्व पर्यावरणीय मुद्दों पर गंभीरता से विचार करे। मेरे द्वारा प्रस्तुत इस पेपर का मुख्य उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि व्यावसायिक संगठनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों को पूर्ण करते हुए भी प्रतिस्पर्धात्मक लाभ कमाया जा सकता है। व्यावसायिक संगठनों का पुनर्गठन कर उन्हे पर्यावरण के अनुकूल बनाने से संगठनों को अपने उत्पाद की लागत कम करने और मुनाफा अधिकतम करने में मदद मिलती है।

व्यवसायिक संगठन पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अपने संगठन में हरित परिवर्तन कर उत्पादन प्रक्रिया में अपशिष्ट की मात्रा को कम करके उत्पादन लागत को कम सकते है। इसके अतिरिक्त हरित परिवर्तन को अपनाने से उत्पादन प्रक्रिया और उत्पाद डिजाईन के परिवर्तित नवीन स्वरूप के आधार पर अन्य प्रतियोगी संगठनों से स्वयं को अलग प्रस्तुत करने में सहायता मिलती है। अंतत: पर्यावरण के अनुकूल रणनीति पर ध्यान केन्द्रित कर कोई भी व्यावसायिक संगठन अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेता है।

शब्द कुंजी – पर्यावरण, पर्यावरण संरक्षण, हरित परिवर्तन, रणनीति, उत्पाद, लागत, लाभ।

प्रस्तावना – पर्यावरण एक ऐसा विषय है जो सम्पूर्ण विश्व के साथ जुड़ा है। मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। मानव और पर्यावरण के मध्य क्षण–प्रतिक्षण आदान प्रदान चलता रहता है। मानव जब पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रयास करता है तो उसके प्रतिफल में पर्यावरण मनुष्य को स्वस्थ जीवन व उच्च जीवन स्तर प्रदान करता है। सम्पूर्ण मानव जीवन पर्यावरण पर ही निर्भर है, फिर चाहे वह पेड़ पौधे हों, जिनसे हम ऑक्सीजन प्राप्त करते है या नदियाँ हों, जिनसे हम जल प्राप्त करते हैं या भूमि हो जहां हम निवास करते हैं। पर्यावरण ने मानव को अनंतकाल से नि:शुल्क संसाधन प्रदान किये हैं जिनका मनुष्य ने भरपूर उपयोग किया है। आधुनिकीकरण के इस दौर में कहीं न कहीं हम मानव और पर्यावरण के मध्य के तालमेल को खत्म करते जा रहे हैं जिसका असर हमें लोगों के बिगड़ते स्वास्थ्य पर दिखाई भी दे रहा है।

पर्यावरण की सुरक्षा का प्रत्यक्ष संबंध प्रदूषण नियंत्रण से है। प्रदूषण मानव जीवन के लिए हानिकारक है। यह मानव के जीवन स्तर को गिराता है तथा हमारी सांस्कृतिक विरासतों को भी हानि पहुंचाता है। प्रदूषण कई प्रकार का होता है जिनके भिन्न–भिन्न कारण होते हैं जैसे – जल प्रदूषण मुख्यत: रासायनिक व औद्योगिक अपशिष्ट तथा कूड़े कचरे को नदियों मे प्रवाहित करने से होता है। भूमि प्रदूषण दुर्गंधमय क्षय तथा भारी प्रदूषित सामग्री एकत्रित होने से होता है। वायु प्रदूषण बढ़ती आबादी, कारखानों व वाहनों से निकलने वाला धुंआ, संचार साधनों का अधिकाधिक प्रयोग आदि के कारण होता है। मनुष्य को सदैव पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर पर्यावरण संरक्षण का प्रयास करना चाहिये। हमारी संस्कृति भी हमें पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रदान करती है। प्राचीन भारतीय संस्कृति में नदियों, पेड़–पौधों व पर्वतों को पूजनीय माना गया है और उन्हें नुकसान पहुंचाना पाप माना जाता है। वृक्षों के महत्व पर संस्कृत में एक श्लोक है –

अहो एषां वरं जन्म सर्वप्राण्युपजीवनम्।
सुजनस्यैव येषां वै विमुखा यान्ति नार्थिन:।।

अर्थ – इनका जन्म बहुत अच्छा है क्योंकि इन्हीं के कारण सभी प्राणी जीवित हैं। जिस प्रकार किसी सज्जन से कोई याचक खाली हाथ नहीं जाते उसी प्रकार इन वृक्षों के पास से भी कोई खाली हाथ नहीं जाता।

प्राकृतिक पर्यावरण के विशाल महत्व को समझते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में अपने दायित्व को पूर्ण करने का प्रयास करना चाहिये।

व्यावसायिक संगठन और पर्यावरण प्रदूषण – प्रदूषण चाहे किसी भी प्रकार का हो, उसका एक बड़ा कारण व्यावसायिक संगठन व उद्योग–धंधे हैं।

यह सर्वविदित है कि विभिन्न व्यावसायिक संगठनों की औद्योगिक गतिविधियों के कारण शुद्ध वातावरण का लगातार ह्रास हो रहा है। देश के विभिन्न महानगरों जैसे दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, जयपुर, कानपुर आदि में औद्योगिक प्रदूषण आम दृश्य है। इन महानगरों में कारखानों से निकले उत्सर्जन मनुष्य के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव डाल रहे हैं। यद्यपि कुछ अवशेषों का उपयोग कच्चे माल तथा उर्जा के रूप में अपरिहार्य है किंतु उत्पादकों के लिए इनके प्रयोग से होने वाले कुप्रभावों को कम करना एक बड़ी समस्या है।

वर्तमान समय में प्रत्येक व्यवसायी अपने उत्पाद/वस्तु को उपभोक्ता के समक्ष अधिक से अधिक आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत करने में लगा हुआ है। आकर्षक पैकिंग के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले डिब्बे, पॉलिथीन,

प्लास्टिक आदि वास्तव में पर्यावरण के लिये अत्यंत हानिकारक है । उपभोक्तावाद संस्कृति में युज एण्ड थ्रो का तेजी से पनपना पर्यावरण सन्तुलन के लिये एक चेतावनी है । भारत एक विशाल जनसंख्या वाला देश है इतने बड़े देश में इस कचरे का निस्तारण एक गंभीर समस्या के रूप में हमारे सामने है। इसके निस्तारण के लिये लाखों–करोड़ों रूपये ठ करना होता है ।

पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यावसायिक संगठनों द्वारा उठाये जाने वाले कदम – पर्यावरण का स्वरूप हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। अत: इसको नष्ट होने से बचाने का उत्तरदायित्व हम सभी का है। चाहे वह स्वयं सरकार हो, व्यावसायिक उद्यम हो, उपभोक्ता हो, कर्मचारी हो या समाज के अन्य सभी वर्ग। हम सभी को इसे प्रदूषित होने से बचाने के लिये कुछ न कुछ प्रयास अवश्य करना चाहिए। प्रदूषण वाहक उत्पादों पर रोक लगाने के लिए सरकार नए कानून बना सकती है। उपभोक्ता वर्ग ऐसे उत्पादों के उपभोग को कम कर सकते हैं जो पर्यावरण के लिए घातक है ।

व्यावसायिक संगठनों के लिये पर्यावरण संरक्षण एक जटिल विषय है, व्यावसायिक प्रबंधकों द्वारा इस हेतु गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है। पर्यावरण संबंधी समस्याओं को सुलझाने के लिए व्यावसायिक इकाईयों को स्वयं आगे आना चाहिए । व्यावसायिक संस्थाऐं धन की सृजनकर्ता, रोजगारदाता तथा भौतिक एवं मानवीय संसाधनों को संभालने वाली संस्थाऐं हैं। ये संस्थाऐं यह भी समझती हैं कि प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित समस्याओं को सुलझाया जा सकता है।

व्यावसायिक संगठनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु निम्न तरीके अपनाये जा सकते हैं –

1. **उत्पादन प्रक्रिया में परिवर्तन –** प्रत्येक व्यावसायिक संगठन परम्परागत उत्पादन प्रक्रिया के स्थान पर पर्यावरणीय अनुकल हरित रणनीति को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान प्रदान कर सकता है।

2. **संयंत्रों के स्वरूप में परिवर्तन करना –** वर्तमान आधुनिक तकनीकी युग में उन्नत तकनीकी वाली मशीनों का प्रयोग करके उत्पादन में लगने वाली ऊर्जा/शक्ति की भी बचत की जा सकती है, साथ ही उत्पादन प्रक्रिया में होने वाले क्षय/अपशिष्ट को भी कम किया जा सकता है ।

3. **उच्च कोटि के कच्चे माल का प्रयोग करना–** उत्पादन हेतु घटिया किस्म के कच्चे माल का प्रयोग करने से प्राकृतिक व सामाजिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है । अत: घटिया किस्म के माल के स्थान पर उच्च गुणवत्ता वाले कच्चे माल का प्रयोग किया जा सकता है ।

4. **अपशिष्ट के निष्पादन के लिये वैज्ञानिक तकनीक को प्रयोग करना –** कारखानों से निकलने वाले विभिन्न ठोस अपशिष्ट का निस्तारण करने हेतु वैज्ञानिक तकनीकों का प्रयोग किया जा सकता है ।

5. **हरित पैंकिंग सामग्री का प्रयोग करना –** पर्यावरण की शुद्धता की दुष्टि से उत्पाद पैकिंग के लिये पुन: प्रयोग में आने वाली कपड़े की थैलियां, कागज की थैलियां, पेड़ों के पत्तों व मिट्टी के कुल्हड आदि का प्रयोग करना चाहिये । इससे कचरा निस्तारण में होने वाले व्यय की भी बचत होगी और उत्पाद लागत कम होगा और लाभ में वृद्धि होगी ।

6. उच्च स्तरीय प्रबंधकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए वचनबद्ध होकर कार्य करना ।

7. इस बात का विश्वास दिलाना कि उद्यम की प्रत्येक इकाई पर्यावरण सुरक्षा तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिये वचनबद्ध हैं ।

8. पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकार द्वारा चलाये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोग करना। जैसे प्रदूषित नदियों की सफाई, वृक्षारोपण आदि ।

9. संगठन में प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम लागू करना ओर समय – समय पर प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम की लागत एवं प्रतिफल का मूल्यांकन करना ताकि पर्यावरण सुरक्षा हेतु सतत कार्यवाही की जा सके ।

10. प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु आपूतिकर्ता, डीलर्स तथा विक्रेताओं के तकनीकी ज्ञान तथा अनुभवों का लाभ प्राप्त करने हेतु समय समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करना ।

11. पर्यावरण संरक्षण के लिये सरकार द्वारा बनाये गए विभिन्न नियमों व अधिनियमों का पालन करना।

वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा के संबंध में पूरे विश्व में जागरूकता का अनुभव किया जा रहा है । वैश्वीकरण और उदारीकरण, औद्योगीकरण और तेजी से प्रयोग हो रही नई नई तकनीकों के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में प्यावरण प्रदूषण विश्व के सभी देशों के लिये एक गंभीर समस्या बन चुकी है । इसी कारण से पर्यावरण संरक्षण के लिये विश्व भर में अनेकों आंदोलन व कार्यक्रम व कानून प्रचलित है। इन सभी कानूनों का एकमात्र लक्ष्य मानव जाति को गुणवत्तापूर्ण पर्यावरण उपलब्ध कराना है । भारत में भी पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कानून बनाये गये हैं । व्यावसायिक संगठनों द्वारा इन कानूनों का पालन करके पर्यावरण संरक्षण में सहयोग किया जा सकता है ।

भारत में प्रचलित विभिन्न कानून

अ. पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 – स्टॉकहोम में 1972 में हुए पर्यावरण सम्मेलन में किए गए निश्चय को अमल में लाते हुए भारत में वर्ष 1986 में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पारित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण और सुधार है ।

ब. वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 – यह अधिनियम वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण के उद्देश्य से 1981 में पारित किया गया । इस अधिनियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति राज्य बोर्ड की पूर्व सहमति के बिना किसी भी वायु प्रदूषण नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी औद्योगिक संयंत्र की न तो स्थापना करेगा और न चलाएगा ।

स. जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 – यह अधिनियम जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण के उद्देश्य से 1974 में पारित किया गया । इसके अनुसार सभी उद्योगों को अपने कारखानों से निकलने वाले दूषित जल को उचित प्रबंधन करना अनिवाय है।

द. वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 – यह अधिनियम वन्य प्राणियों, पक्षियों और पादपों के संरक्षण से संबंधित विषयों का उपबन्ध करने के उद्देश्य से 1972 में पारित किया गया ।

ई. वन संरक्षण अधिनियम 1980 – भारत में तेजी से घटते वन क्षेत्र के संरक्षण के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 1980 में यह कानून बनाया गया। इसे लागू करने का मुख्य उद्देश्य वन भूमि को अवांछित रूप से अवन क्षेत्र में परिवर्तन से रोकना था।

पर्यावरण संरक्षण में व्यापार नियमों की भूमिका – पर्यावरण संरक्षण में व्यापार नियमों की भी भूमिका रही है। व्यापार नियमों के द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अब तक अनेकों प्रयास किए गये हैं–

विश्व व्यापार संगठन –व्यापार उदारीकरण और पर्यावरण संरक्षण के बीच संबंधों को काफी पहले ही मान्यता दी जा चुकी है । मराकश समझौते,

जिसके तहत विश्व व्यापार संगठन की स्थापना की गई थी, की प्रस्तावना में सरकारों द्वारा इसे स्पष्ट रूप से मान्यता दी गई है कि व्यापार को सतत विकास तथा पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के प्रयासों के अनुरूप होना चाहिये।

पर्यावरण लक्ष्यों की प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने में वैश्विक नीति निर्माताओं की रूचि जाग्रत हो रही है।

विश्व व्यापार संगठन के चुनिंदा सदस्य व्यापार और प्लास्टिक अपशिष्टों में कमी लाने हेतु वार्ताएं शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

मुक्त व्यापार समझोतों (FTA) की भूमिका – कई क्षेत्रीय और द्विपक्षीय एफ टी ए पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं । ये समझौते अवैध वन्य जीवों की तस्करी, पर्यावरण कानूनों के प्रवर्तन, पर्यावरणीय वस्तुओं के व्यापार के लिये गैर प्रशुल्क बाधाओं तथा वायु की गुणवत्ता में सुधार एवं समुद्री अपशिष्टों को कम करने जैसे मुद्दों की एक विस्तृत श्रंखला से संबंधित है।

पर्यावरण संरक्षण और कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी – कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) जैसे कार्यक्रमों में कॉर्पोरेट निवेश, व्यवसाय क्षेत्र में एक प्रगतिशील तरीका बन गया है जिससे कंपनी की पर्यावरण और व्यावसायिक गतिविधियों को समाज की व्यापक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संरक्षित करने की अनुमति मिलती है । अपने ब्रांड मूल्य को मजबूत करने, उचित लागत पर उत्पाद और सेवाऐं प्रदान करने और कर्मचारियों से संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करने का आग्रह करने के लिए, व्यवसायों को पर्यावरण के बारे में सामाजिक चिंताओं को अपने रणनीतिक प्रबंध में शामिल करना पड़ा।

बदलते परिवेश के परिणामस्वरूप उद्योग सामाजिक रूप से जागरूक हो गए हैं और समाज और पर्यावरण को बेहतर बनाने की मांग कर रहे हैं। सी एस आर एक बेहतरीन नीति है जिसे बड़े और छोटे संगठन लागू कर सकते हैं क्योंकि इससे सभी को लाभ होता है। आर्थिक स्थिरता और सतत विकास के लिए की दृष्टि से सी एस आर अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ है।

पर्यावरण संरक्षण एवं प्रतिस्पर्धात्मक लाभ – व्यावसायिक संगठनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों को पूर्ण करते हुए भी प्रतिस्पर्द्धात्मक लाभ अर्जित किया जा सकता है। किसी भी संगठन में पर्यावरण संरक्षण हेतु यदि उपर दर्शित कदम उठाये जाते हैं तो उस पर होने वाले व्यय की तुलना में उस संगठन को होने वाले आर्थिक लाभ अधिक होते हैं और उनके लाभ पर सकारात्मक प्रभाव होता है । यह निम्न बिंदुओं से स्पष्ट होता है –

1. व्यावसायिक संगठनों का पुनर्गठन कर उन्हें पर्यावरण के अनुकूल बनाने से संगठनों को अपने उत्पादन की लागत न्यूनतम करने में सफलता मिलती है। उत्पादन लागत न्यूनतम होने से मुनाफा अधिकतम करने में सहायता मिलती है।
2. व्यावसायिक संगठन पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अपने संगठन में हरित परिवर्तन कर उत्पादन प्रक्रिया में होने वाले अपशिष्ट की मात्रा को कम कर सकते हैं जिससे सम्पूर्ण उत्पादन लागत को कम करके लाभ अधिकतम किया जा सकता है।
3. इसके अतिरिक्त हरित रणनीति को अपनाने से उत्पादन प्रक्रिया और उत्पाद डिजाईन के परिवर्तित नवीन स्परूप के आधार पर अन्य प्रतियोगी संगठनों से स्वयं को अलग प्रस्तुत करने में सहायता मिलती है । जिससे आपके व्यावसायिक क्षेत्र में आपकी एक अलग पहचान निर्मित होती है।

निष्कर्ष – पर्यावरण संरक्षण में व्यवसायिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है, व्यावसायिक संगठनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की विभिन्न गतिविधियों को क्रियान्वित करने तथा पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया व हरित रणनीति को अपनाने से उनके संगठन द्वारा कमाये जाने वाले लाभ पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। अतत: यह कहा जा सकता है कि पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को जारी रखते हुए भी प्रतिस्पर्द्धात्मक लाभ कमाया जा सकता है और अपने व्यापार के आर्थिक लक्ष्यों को भी पूर्ण किया जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पर्यावरण अध्ययन,यशराज प्रकाशन, डॉ. अनीस सिद्धकी, डॉ. राजीव शर्मा, पंकज शर्मा।
2. पर्यावरणीय अध्ययन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
3. पर्यावरणीय अध्ययन, रमेश बुक डिपो, डॉ. मिलिन्द कोठारी।
4. जनसंख्या वृद्धि एवं पर्यावरण पर प्रभाव – डॉ. राजेश त्रिपाठी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Public Trust in Government Institutions

Dimple Verma*

***Headmistress, Govt. High School, Karamgarh, District Shri Mukatsar Sahib (Punjab) INDIA**

Abstract - Government accountability is especially important for modern democracies and plays a very significant role in the society enabling the government to govern, encouraging the citizens' participation in the governance processes and enhancing the overall stability of the society. This research paper focuses on the theoretical analysis of the phenomenon of public trust in the Indian context; it explains its facets, influences, outcomes, and possible approaches to rebuilding it. This study aims at surveying the factors that erode and foster trust, the consequences of deteriorating trust and closer look at the ways the Indian government could try to rebuild the trust of its citizens because of literature review, case studies, and facts related only to India.
Keywords: Public trust, government institutions, India, democracy, governance, corruption, transparency, accountability.

Introduction - India, being the world's largest democracy, is a relevant country for describing the state of public trust in government. The social and political structures of the country and their change over time as well as having a diverse populace provides a backdrop that is suitable for analyzing the determinants of trust in government (Chhibber&Nooruddin, 2004). Even though trust is very important in Democracy in India it has faced a set back from various issues such as corruption, inefficiency of bureaucracies, and polarization (Krishna, 2011).

The findings on dimensions of public trust in India are as follows: Like in other democratic nations, the concept of trust in the Government of India includes the several facets conveying the civil relation between the people and the governmental structures. However, these dimensions may manifest differently in the Indian context: However, these dimensions may manifest differently in the Indian context:

1. **Competence:** The ideology that holds that Indian government structures have both the knowledge and efficiency necessary to manage the country's manifold problems, including poverty, social injustice, and ecological decline (Dreze& Sen, 2013).
2. **Integrity:** In India, corruption is one of the crucial social issues that considerably erode people's confidence (Transparency International, 2023). The people appear to seek high ethical standards that should be followed by the government officers regarding bribery and other vices.
3. **Fairness:** Since India is a diverse country it requires a government that is neutral with special consideration that should be given to none to all citizens regardless of their status in society.
4. **Benevolence:** The people of India have a right to have an expectation of the Indian government to protect, uphold, and provide for the Indian citizens' needs, well-being, and growth (2012). This dimension is especially important in a country where poverty rate and inequality are still major issues.

Determinants of Public Trust in India: The formation and erosion of public trust in government institutions in India are influenced by a multitude of interconnected factors:The formation and erosion of public trust in government institutions in India are influenced by a multitude of interconnected factors:

1. **Government Performance:** The public trust relates to the easy delivery of the Indian government in providing essential amenities with regard to eradicating poverty, generation of employment opportunities, and boosting the economy as evidently described in the Planning Commission (2012). Thus, there is a positive correlation between confidence that the government responds to people's needs and their quality of life, and trust. On the other hand, perceived failure in service delivery, poor economic management, or weak policy maturity can act as the causes of trust (Chhibber&Nooruddin, 2004).
2. **Transparency and Accountability:** India too has emerged progressive in the area of transparency enhanced by measures such as the Right to Information Act (RTI). Nevertheless, there are some shortcomings that prevent effective implementation of the activities and proper dissemination of the information at the local, regional, and national levels of government. Improvement in the area of accountability like on appointment of independent anti-corruption agencies and proper judicial checks and

balances also play a vital role.

3. Political Leadership: Lipset (1963) and Almond and Verba (1965) had also concluded similarly that the behavior, language and ethical characteristics of leaders have an impact on voters' trust in Indian politics. Informative leaders' perceptions are positive regarding their honesty, competence, and public-spiritedness, while erode confidence leaders involved in scandals, corruption, or partisan politics. It should be noted that, with the help of social media, the leadership's actions and words have become more significant and noticeable.

4. Media and Information Environment: Media in India is considered as one of the most lively and operates effectively to influence perception of the people on government (Jeffery, 2016). On the other side, the media as a scrutinizer that monitors the government can also act as a destructor of trust with the help of such tools as biased reporting, sensationalism, and misinformation. The problem of fake news, propagandas, and echo chambers' increase on social media adds complexity to the information situation, which hinders the formation of opinion among the citizens.

5. Social and Economic Conditions: Dreze and Sen (2013) explained that India has tremendous socioeconomic differentiation; poverty, social inequality, and others can erode the public's confidence in government authorities. Thefts, corruption and other incidents of fraudulent activities make the citizens to lose trust in government's capacity and or willingness to respond to their concerns this is especially when they feel locked out in the gains of the economic progress. However, social unrest and conflict are potential determinants of distrust, especially when the citizens doubt the government's ability to provide for order and security.

Consequences of Declining Public Trust in India: The consequences of declining public trust in government institutions in India can be far-reaching and detrimental to the country's democratic fabric and overall well-being:

1. Political Apathy and Disengagement: When citizens lose trust in government, they may become disillusioned with the political process and disengage from civic activities (Newton & Norris, 2000). This can lead to lower voter turnout, decreased participation in public consultations, and a weakened civil society.

2. Increased Social Unrest: Distrust in government can contribute to social unrest and conflict, as citizens may resort to protests, demonstrations, or even violence to express their grievances (Krishna, 2011). This can disrupt social order, hinder economic development, and create a climate of instability.

आचार्य शिवार्य ने समाज में आदर्श जीवन का निर्वाह करने के लिए साधुओं की आचार संहिता के अन्तर्गत महाव्रतों के प्रसंग में कहा है कि तरुण एवं वृद्ध की संगति भिन्न-भिन्न प्रकार से जीवन पर प्रभाव डालती है, अवस्था मात्र से कोई वृद्ध अथवा तरुण नहीं होता अपितु जिसके शील, क्षमा, सन्तोष आदि गुण बढ़े हुए हो वहीं वृद्ध अर्थात् अनुभवी कहे जाने योग्य हैं, ऐसे शील और चरित्र से युक्त व्यक्तियों की सेवा करना वृद्ध सेवा है, गुणों से वृद्ध पुरुषों की सेवा करने से मनुष्य के गुणों में वृद्धि होती है।[1]

आचार्य शिवार्य मनोवैज्ञानिक एवं अनुभवी समाजशास्त्री थे, उन्होंने वृद्ध सेवा के गुणों के महत्त्व के साथ-साथ अवस्था के महत्त्व को भी स्वीकार किया है। वे कहते हैं कि गुणों से वृद्ध व्यक्तियों का संसर्ग लाभकारी है, क्योंकि जैसे-जैसे मनुष्य आयु के कारण प्रौढ़ अथवा वृद्धावस्था को प्राप्त होता है, उसके लोभ, राग, द्वेष, घमण्ड आदि भी मन्द होते जाते हैं। ऐसे मन्द कषायी वाले वृद्ध व्यक्तियों की संगति से व्यक्ति के राग-द्वेष, लोभ आदि भी मन्द हो सकते हैं। उदाहरण से इस बात को दृढ़ भी किया है, जैसे – तालाब में पत्थर के गिरने से पानी के नीचे बैठी हुई धूल अथवा कीचड़ ऊपर आकर जल को मैला कर देती हैं, उसी प्रकार से तरुण व्यक्तियों की संगति प्रशान्त वृद्ध लोगों के मोह एवं काम की प्रवृत्ति को उद्वेलित कर देती है। और जैसे कत्ताक फल (रीठाफल-निर्मली के पौधे का फल) पानी में डालने से गन्दा पानी भी निर्मल हो जाता है। उसी प्रकार, वृद्ध पुरुषों की सेवा से कलुशित, मोह इत्यादि शान्त हो जाते हैं।[2] इसके पश्चात् उन्होंने समाज की धुरी सर्वत्र गुणयुक्त एवं धर्मशील नारियों की प्रशंसा की है। शीलवती नारियों के विषय में वे कहते हैं कि जो गुणसहित स्त्रियाँ हैं, उनका यश लोक में फैला हुआ है तथा जो इस संसार में देवों में भी पूजनीय है उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। क्योंकि तीर्थंकर, चक्रवर्ती, वासुदेव, बलदेव और श्रेष्ठ गणधरों को जन्म देने वाली महिलाएँ श्रेष्ठ देवों और उत्ताम पुरुषों के द्वारा पूजनीय होती है।[3] शिवार्य ने साथ ही आत्मविकास में बाधक के रूप में नारियों की कमजोरियों एवं दुर्गुणों को इस ग्रन्थ में वर्णित किया है वे कहते हैं कि –

स्त्रियों में विशेष विश्वास, स्नेह, परिचय, उचित नहीं है। वे परपुरुष पर आसक्त होने पर शीघ्र ही अपने कुल को अथवा कुलीन पति को भी छोड़ देती है।[4] इस प्रकार शिवार्य ने कई गाथाओं के माध्यम से भगवती आराधना में दोष युक्त नारी के दोषों का प्रगटीकरण किया है।[5] साथ ही कुलीन, चरित्रवान स्त्रियों के गुणों में आदरभाव भी प्रगट किया है।

नारी के चरित्र-चित्रण के उक्त विवरण के प्रसंग में आचार्य शिवार्य ने एक महत्त्वपूर्ण गाथा प्रस्तुत की है – नारियों के सम्बन्ध में जो दोष मैंने यहाँ प्रतिपादित किए हैं, वे प्रकारान्तर से पुरुषों में भी पाए जाते हैं। पथ-भ्रष्ट स्त्रियों में जो दोष होते हैं वे दोष पथ भ्रष्ट पुरुषों में भी होते हैं अथवा मनुष्यों में भी जो बल और शक्ति से युक्त होते हैं उनमें स्त्रियों से भी अधिक दोष होते हैं। जैसे अपने संयम एवं शील की रक्षा करने वाले पुरुषों के लिए परस्त्रियाँ निन्दनीय हैं वैसे ही अपने शील की रक्षा करने वाली स्त्रियों के लिए परपुरुष निन्दनीय है।[6]

आगे भगवती आराधनाकार कहते हैं कि दोषों की उपस्थिति के लिए नारी और पुरुष उतने जिम्मेदार नहीं हैं जितने कि उनके मन के भीतर बैठी हुई कशाय की प्रवृत्तियाँ हैं। मोह और तृष्णा इत्यादि के द्वारा ही ये दुर्मति पैदा होती है, यथा – सब जीव मोह के उदय से कुषील से मलिन होते हैं और वह मोह का उदय स्त्री-पुरुषों में समान रूप से होता है।[7] आचार्य शिवार्य ने इस नारी निन्दा विषयक प्रसंग के अन्तर्गत नारियों के सम्बन्ध में प्रचलित कतिपय शब्दों के व्युत्पत्ति मूलक अर्थों को भी स्पष्ट किया है। ये शब्द नारी के व्यक्तित्त्व के विकास को तो स्पष्ट करते ही हैं, साथ ही कोषशास्त्र की दृष्टि से भी इनका विशेष महत्त्व है।

भगवती आराधना में शिवार्य की दृष्टि से नारी के लिए प्रचलित कतिपय शब्दों की परिभाषाएँ इस प्रकार हैं –

1. **वधू** – पुरुष का वध करती है इसलिए उसे वधू कहते हैं।
2. **स्त्री** – मनुष्य में दोषों को एकत्र करती है इसलिए स्त्री कहलाती है।
3. **नारी** – मनुष्य का 'अरि' अर्थात् शत्रु दूसरा कोई नहीं है इसलिए उसे नारी कहते हैं।
4. **प्रमदा** – पुरुष को सदा प्रमत्त करती है इसलिए उसे प्रमदा कहते हैं।
5. **विलया** – पुरुष के गले में अनर्थ लाती है अथवा पुरुष को देखकर विलीन होती है इसलिए उसे विलया कहते हैं।
6. **योषा** – पुरुष को दुःख से योजित करती है इससे युवती और योषा कहते हैं।

7. अबला – जिसके हृदय में धैर्य रूपी बल नहीं होता है अत: वह अबला कही जाती है।

8. कुमारी – कुमरण का उपाय उत्पन्न करने से कुमारी कहते हैं।

9. महिला – पुरुष पर आल– दोषारोपण करती है इसलिए महिला है। इस प्रकार स्त्रियों के सब नाम अशुभ होते हैं।[8] इस प्रकार शिवार्य ने स्त्रियों के दोषों का जो वर्णन किया है वह स्त्री सामान्य की दृष्टि से किया है। शीलवती स्त्रियों में ऊपर कहे दोष नहीं होते वे तो सर्वत्र पूजनीय होती है।[9]

आचार्य का यह कथन सांसारिक दृष्टि से विशेष महत्त्व का है, इस कथन के द्वारा उन्होंने समाज में नारियों के प्रति जो प्रतिष्ठा बढ़ रही थी उसकी ओर संकेत किया है। शिवार्य का यह कथन पुरुष और नारी के समानता का भी उद्घोषक है तथा दुर्गुणों के मूल कारणों तक पहुँचने की उनकी दृष्टि का भी परिचायक है।

भगवती आराधना में श्रमणों के आचार वर्णन प्रसंग में आहारचर्या का उल्लेख है। श्रमणों को प्रासुक आहार लेना चाहिए, कई प्रकार के दोषयुक्त आहार तथा पानक आदि नहीं लेने चाहिए। ग्रन्थ में तत्कालीन समय के समाज में प्रचलित अनेक प्रकार के भोजन एवं पानक वस्तुओं की सूची प्राप्त होती है उनका वर्गीकरण स्वाद्य रूप तीन प्रकार से किया गया है। पकाए हुए भोजन के पारस्परिक सम्मिश्रण से उनके जो सांकेतिक नाम प्रचलित थे, वे इस प्रकार हैं[10] –

1. संसिट्ठ – जो शाक आदि व्यंजन से मिला हुआ हो।

2. फलिह – जिसके चारों ओर शाक बीच में भात रखा हुआ हो।

3. परिखा – चारों ओर व्यंजन हो बीच में अन्न रखा हो।

4. पुप्फोवहिद – व्यंजनों के मध्य में पुष्पावली के समान चावल रखे हों।

5. सुद्धगोवहिदं – शुद्ध अर्थात् बिना कुछ मिलाए अन्न से 'उपहित' अर्थात् मिले हुए शाक व्यंजन आदि।

6. लेवड – जिससे हाथ लिप जाए।

7.अलवेड – जो हाथ से न लिप्त हो।

8. पान – सिक्थ सहित पेय और सिक्थ रहित पेय।

9. धृतपूरक – आटे की बनाई हुई पूड़ी।

भोज्य पदार्थों के अतिरिक्त पेय पदार्थों का विवरण **भगवती आराधना** में पृथक् रूप से प्राप्त होता है, जिन्हें छ: प्रकार का बताया गया हैं –

1. स्वच्छ – गर्म जल सौवीरक।

2.बहल – इमली आदि फलों का रस।

3. लेवड – दही आदि जो हाथ से लिप्त हो जाता है।

4. अवलेवड – माँड आदि (जो हाथ से लिप्त न हो।

5. सिक्थ – सिक्थ सहित पेय।

6. सिक्थ – सिक्थ रहित पेय। ये छहों प्रकार के पानक परिकर्म योग्य हैं।[12] विभिन्न पेशों एवं पेशेवर जातियों के उल्लेखों की दृष्टि से **भगवती आराधना** का विशेष महत्त्व है। ईस्वी की प्रथम शताब्दी में प्राचीन भारत में कितने प्रकार के आजीविका के साधन थे उन साधनों में लगे हुए लोग किस नाम से पुकारे जाते थे, इस ग्रन्थ में इसकी जानकारी प्राप्त होती है। तत्कालीन सामाजिक दृष्टि से भी उनका विशेष महत्त्व है। महाजनपदयुग (6 बी.सी.) विभिन्न पेशों अथवा शिल्पों का विकास युग माना गया है, 36 प्रकार की जातियों की स्पष्ट झलक **भगवती आराधना** में मिलती है, जो इस प्रकार हैं[12] – **1. गंधव्व** (गान्धर्व) **2. णट्ट (नर्त्तक) 3. जट्ट** (हस्तिपाल) **4. अस्स** (अश्वपाल) **5. चक्क** (कुम्भकार) **6. जंत** (तिल, इक्षुपीलनयन्त्र, यान्त्रिका) **7. अग्गिकम्म** (आतिशबाजी) **8. फरूस** (शांखिक, मणिकार, आदि) **9. णत्तिक** (कौलिक, जुलाहा) **10. रजक** (रजय) **11. पाडहि** (पटहवादक) **12. डोम्ब** (डोम) **13. णड** (नट) **14. चारण** (भाट, गायक) **15. कोट्टय** (कुट्टक, लकड़ी काटने वाला) **16. करकच** (कतर–व्योंत करने वाला) **17. पुष्पकार** (माली) **18. कल्लाल** (नशीली वस्तुएँ बेचने वाला) **19. मल्लाह**[13] **20. काष्ठिक** (बढ़ई) **21. लौहिक** (लुहार) **22. मात्सिक 23. पात्रिक 24. कांडिक 25. दाण्डिक 26. चार्मिक 27. छिंपक 28. भेषक 29. पण्डक 30. सार्थिक** (सेवक) **31. ग्राविक 32. कोट्टपाल 33. भट 34. पण्यनारीजन 35. द्यूतकार 36. विट**। ये सभी जातियाँ शिवार्य के समय में सामाजिक व्यवस्था हेतु प्रचलित थी।

प्राचीन भारत के **आर्थिक जीवन एवं उद्योग–धन्धों के भी** इस ग्रन्थ में विवरण मिलते हैं, जिनसे यह विदित होता है कि दोषियों के प्रति दण्ड–प्रथा अत्यन्त कठोर होने एवं जनसामान्य के प्राय: सरल होने के कारण तथा कठोर परिश्रम पर बल देने के कारण उस युग का औद्योगिक वातावरण शान्त रहता था। सभी को अपनी प्रतिभा, चतुराई एवं योग्यतानुसार प्रगति के समान अवसर प्राप्त रहते थे। कुटीर एवं लघु उद्योग–धन्धों का प्रचलन सामान्य था, जिसे समाज एवं राज्य का सहयोग एवं संरक्षण प्राप्त रहता था। कुछ प्रमुख उद्योग एवं धन्धों का विवरण इस प्रकार है –

1. चर्मोद्योग – चमड़े पर विविध प्रकार के वज्रलेप आदि करके उससे विविध वस्तुओं का निर्माण।[14]

2. सूती वस्त्रोद्योग – सूत्री वस्त्रों का निर्माण, उन पर चित्रकारी, वस्त्र सिलाई, कटाई एवं रंगाई।[15]

3. रेशमी वस्त्रोद्योग – रेशम के कीड़े का पालन–पोषण एवं रेशमी वस्त्र का निर्माण।[16]

4. बर्तन निर्माण – शिवार्य के समय में काँसे के बर्तनों का निर्माण अधिक होता था। स्वास्थ्य के लिए हितकर होने की दृष्टि से उसका प्रचलन अधिक था। आयुर्वेदीय सिद्धान्त के अनुसार उसमें भोजन–पान करने से प्रयोक्ता को विशिष्ट ऊर्जा–शक्ति की प्राप्ति होती थी।[17]

5.सुगन्धित पदार्थों का निर्माण – शारीरिक सौन्दर्य के निखार हेतु जड़ी–बूटियों का लोध्र आदि पदार्थों में स्नान पूर्व मर्दन, अभ्यंगन की सामग्री का निर्माण, मिट्टी के सुवासित मुख लेपन चूर्ण (थंबमचंबा) एवं अन्य वस्तुएँ।[18]

6. रत्न छेदन घर्षण – रत्नों की खरीद एवं उनमें छेद करना।[19]

7. औषधि निर्माण – तरह–तरह की रोग निवारक, वात, पित्त, कफ के रोगों की नाशक औषधियों का निर्माण।[20]

8. आभूषण निर्माण – मुकुट अंगद, हार, कड़े आदि बनाने के साथ–साथ लोहे पर सोने का मुलम्मा अथवा पत्ता पानी चढ़ाना तथा लाख की चूड़िया बनाना।[21]

9. मूर्ति निर्माण [22]

10. चित्र निर्माण [23]

11. युद्ध सामग्री का निर्माण

12. नौका निर्माण

13. लौह उद्योग – दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएँ तैयार करना। इस शिवार्य कालीन औद्योगिक विकास सन्तुष्टि प्रदायक आजीविका अनुकूल था।

भगवती आराधना यद्यपि धर्म–दर्शन एवं आचारपरक ग्रन्थ है, फिर भी उसमें भूगोल के तत्कालीन प्रचलित कुछ उल्लेख प्राप्त होते हैं, जिनका

आधुनिक भौगोलिक सिद्धान्तों के सन्दर्भ में वर्गीकरण एवं विष्लेषण प्रो. राजाराम जैन ने अपने आलेख में किया है।[24]

प्रो. राजाराम के मूल्यांकन के अनुसार – पर्वतों में मुद्गल पर्वत[25] (आधुनिक मुंगेर बिहार), कोल्लगिरी[26] (कावेरी नदी का उद्गम स्थल) एवं द्रोणगिरि[27] पर्वत के उल्लेख **भगवती आराधना** में मिलते हैं। नदियों में **गंगा**[28] एवं यमुना के नामोल्लेख मिलते हैं, यमुना को **णइपूर**[29] कहा गया है अर्थात् ग्रन्थकार के समय से लेकर टीकाकार के समय तक यमुना नदी में अन्य नदियों की अपेक्षा अधिक बाढ़ आती रहती थी। अत: उसका अपरनाम **'णइपूर' (बाढ़ वाली नदी)** के नाम से प्रसिद्ध रहा होगा।

अन्य सन्दर्भों में देखें तो **भगवती आराधना** में **पृथ्वी** के भेदों में मिट्टी, पाषाण, बालू, नमक आदि, **जल** के भेदों में हिम, ओसकण, हिम बिन्दु आदि, **वायु** के भेदों में झंझावात (जल– वृष्टि युक्त वायु Cyclonic Winds) तथा माण्डलिक वायु (वर्तुलाकार भ्रमण करती हुई) तथा **वनस्पति** के भेदों में बीज, अनन्तकायिक, प्रत्येक कायिक, वल्ली, गुल्म, लता, तृण, पुष्प एवं फल आदि को लिया गया है[30] जो वर्तमान प्राकृतिक भूगोल के लिए भी शोध का विषय है।

प्राकृतिक दृष्टि में प्रदेशों का वर्गीकरण कर उनका नामकरण है –

1. **अनूप देश** (जलबहुल प्रदेश)
2. **जांगल देश** (वन–पर्वत बहुल एवं अल्पवृष्टि वाला प्रदेश)
3. **साधारण देश** (उक्त प्रथम दो लक्षणों के अतिरिक्त स्थिति वाला प्रदेश)।[31]

राजनैतिक भूगोल के अन्तर्गत प्रशासनिक सुविधाओं की दृष्टि से द्वीपों, समुद्रों, देशों, नगर–ग्रामों आदि की कृत्रिम सीमाएँ निर्धारित की जाती है। इस दृष्टि से **भगवती आराधना** का अध्ययन करने से उसमें कुछ देश, नगर एवं ग्रामों के नामोल्लेख मिलते हैं। जो इस प्रकार हैं –

देशों में बर्बर, चिलातक, पारसीक, अंग, बंग एवं मगध नाम प्राप्त होते हैं। जैन परम्परा के अनुसार ये देश कर्म–भूमियों के अन्तर्गत वर्णित हैं। आचार्य शिवार्य ने प्रथम तीन देश म्लेच्छ देशों में बताकर उन्हें संस्कार विहीन देश कहा है।[32]

महाभारत में भी बर्बर को एक प्राचीन म्लेच्छ देश तथा वहाँ के निवासियों को बर्बर कहा गया है।[33] नकुल ने अपनी पश्चिमी दिग्विजय के समय उसे जीतकर भेंट वसूल की थी। एक अन्य प्रसंग के अनुसार वहाँ के लोग युधिष्ठिर के राजसूर्य यज्ञ में भेंट लेकर आए थे।[34] प्रतीत होता है कि बर्बर देश ही आगे चलकर अरब देश के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

उत्तराध्ययन की **सुखबोध टीका** के मूल कथानक में एक प्रसंगानुसार सार्थवाह अचल ने व्यापारिक सामग्रियों के साथ पारसकुल की यात्रा जल–मार्ग द्वारा की तथा वहाँ से अनेक प्रकार की व्यापारिक सामग्रियाँ लेकर लौटा।[35] प्रतीत होता है कि यही **भगवती आराधना** का पारसीक देश है। वर्तमान में इसकी पहचान ईराक–ईरान से की जाती है। क्योंकि ये देश आज भी (Percian Gulf) के नाम से प्रसिद्ध है।

चिलातक देश का उल्लेख बर्बर एवं पारसीक के साथ म्लेच्छ देशों में होने वाले से इसे भी उनके आस–पास ही होना चाहिए। सम्भव है कि वह वर्तमान चित्राल हो, जो कि वर्तमान पाकिस्तान का क्षेत्र है। अंग एवं मगध की पहचान वर्तमानकालीन बिहार तथा बंगदेश की पहचान वर्तमान बंगाल एवं बांग्लादेश से की गई है।[36] नगरों में पाटलीपुत्र[37], दक्षिण–मथुरा[38], मिथिला[39], चम्पानगर[40], कोसल अथवा अयोध्या एवं श्रावस्ती[41] प्रमुख हैं। ये नगर प्राच्य भारतीय वांड्मय में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। जैन, बौद्ध एवं वैदिक कथा–साहित्य तथा तीर्थंकरों तथा बुद्ध, राम एवं कृष्णचरित में और भारतीय इतिहास की प्रमुख घटनाओं का कोई न कोई प्रबल पक्ष इन नगरों के साथ इस भाँति जुड़ा हुआ है कि इनका उल्लेख किए बिना वे अपूर्ण है ऐसा प्रतीत होता है।

अन्य सन्दर्भ में कुल, ग्राम एवं नगर के उल्लेख आए हैं।[42] ग्रामों में **'एकरथ्या ग्राम'**[43] का सन्दर्भ आया है। सम्भवत: यह ऐसा ग्राम होगा जो कि एक ही ऋजुमार्ग के किनारे–किनारे सीधा लम्बा बसा होगा। समान स्वार्थ राज्यों एवं सुरक्षा को ध्यान में रखकर ग्राम, नगर अथवा राज्यों का जो संघ बन जाता था, वह कुल कहलाता है।

भगवती आराधना में 4 प्रकार के मनुष्यों का भी उल्लेख मिलता है –

1. **कर्मभूमिज** अर्थात् वे मनुष्य जो कर्मभूमियों में निवास करते हैं और जहाँ असि, मषि, कृषि, शिल्प, सेवा, वाणिज्य आदि के साथ–साथ पशु–पालन एवं व्यावहारिकता आदि कार्यों में आजीविका के साधन मिल सकें। साथ ही साथ स्वर्ग–मोक्ष प्राप्त करने के साधन भी मिल सकें। इस भूमि के मनुष्य अपने–अपने कर्मों एवं संस्कारों के अनुरूप प्राय: सुडौल एवं सुन्दर होते हैं।
2. **भोगभूमिज**, मनुष्य मद्यांग, तूर्यांग आदि 10 प्रकार के कल्पवृक्षों के सहारे जीवन व्यतीत करते हैं।
3. **भगवती आराधना** के टीकाकारानुसार **अन्तर्द्वीपज** मनुष्य वे हैं जो कालोदधि एवं लवणोदधि समुद्रों के बीच में स्थित 86 अन्तर्द्वीपों से कहीं उत्पन्न होते हैं। यू गूंगे, एक पैर वाले, पूंछ वाले, लम्बे कानों वाले एवं सींगों वाले होते हैं। किसी–किसी मनुष्य के कान तो इतने लम्बे होते हैं कि उन्हें ओढ़ सकते हैं। कोई–कोई मनुष्य हाथी एव घोड़े के समान कानों वाले होते हैं।
4. **सम्मूर्छन** मनुष्य कर्मभूमिज मनुष्यों के श्लेष्म, शुक्र, मल–मूत्र आदि अंगद्वारों के मल से उत्पन्न होते ही मर जाते हैं। उनका शरीर अंगुल के असंख्यातवें भाग प्रमाण बताया गया है।[44]

उक्त मनुष्य योनि के जीवों के प्रकारों में से अन्तिम तीन प्रकार के मनुष्यों का वर्णन विचित्र होने एवं नृतत्त्व–विद्या (Anthropology) से मेल न बैठने के कारण उन्हें पौराणिक–विद्या की कोटि में रखा जाता है।

शिवार्य कला एवं विज्ञान के भी जानकार थे। उन्हें भगवती आराधना में इस समय भी कला एवं विज्ञान का जो स्वरूप था उसकी झलक यहाँ प्रस्तुत की है। **भगवती आराधना** में **वास्तुकला** के अन्तर्गत गन्धर्वशाला, नृत्यशाला, हस्तिशाला, अश्वशाला, तैलपीलन, इक्षुपीलन सम्बन्धी यन्त्रशाला, चक्रशाला, अग्निकर्मशाला, शांखिक एवं मणिकारशाला, कौलिकशाला, रजकशाला, नटशाला, अतिथिशाला, मद्यशाला, देवकुल, उद्यानगृह आदि[45] **स्थापत्यकला एवं शिल्पकला** के अन्तर्गत लोहपडिमा[46](लोहे की प्रतिमा), पुव्वरिसीणपडिमा[47] (प्राचीन ऋषियों की प्रतिमा), कट्ठकम्म[48](काष्ठ, पाषाण, हाथीदाँत आदि में अंकित किए गए स्त्री–पुरुषों के रूप), चितकम्म[49] (चित्र में अंकित रूप), जोणिकसिलेसो[50] (चर्म के साथ उतरने वाला वज्रलेप), कंसियभिंगार[51] (काँसे का बना हुअर भृंगार), आदि तथा **संगीतकला** के अन्तर्गत पांचाल–संगीत[52] के नामोल्लेख मिलते हैं।

ईस्वी की प्रथम सदी के जैनाचार्य शिवार्य को तत्कालीन **भौतिक विज्ञान** की भी जानकरी थी, **भगवती आराधना** में उसका पुट मिलता है – जोणिकसिलेसो (वज्रलेप), रसपीदंयं (सोने के रस के लेप से बनी वस्तु),

कवडुक्कडं तनुसुवर्णपत्राच्छादितम्[53] (सोने के पतले पत्र से ढका लोहे का कढ़ा) तथा किमिरागकंवल[54] (कृमि के द्वारा त्यागे गए रक्त आहार से रंजित तन्तुओं से बना कंबल कृमिराग कंबल है।), जदुरागवत्थ स्वर्ण के साथ लाक्षा-क्रिया (लाख की क्रिया) आदि उदाहरण के रूप में वर्णित किए हैं।

भगवती आराधना में **आयुर्विज्ञान**-सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध है। मानव-शरीर संरचना का वर्णन ग्रन्थकार ने विस्तारपूर्वक किया है, जो संक्षेप में निम्न प्रकार है :

1. मानव-शरीर में 300 हड्डियाँ हैं जो मज्जा नामक धातु से भरी हुई है। उनमें 300 जोड़ लगे हुए हैं।
2. मक्खी के पंख के समान पतली त्वचा से यदि यह शरीर न ढंका होता तो दुर्गन्ध से भरे इस शरीर को कौन छूता?
3. मानव शरीर में 900 स्नायु, 700 शिराएँ एवं 500 माँस-पेशियाँ हैं।
4. उक्त शिराओं के 4 जाल, 16 कंडरा (रक्त से पूर्ण महाशिराएँ) एवं 6 शिराओं के मूल हैं।
5. मानव शरीर में 2 माँसरज्जु हैं जिसमें एक पीठ और एक पेट के आश्रित हैं।
6. मानव शरीर में 7 त्वचाएँ, 7 कालेयक (माँस खण्ड) एवं 80 लाख करोड़ रोम हैं।
7. पक्वाशय एवं आमाशय में 16 आँतें रहती हैं।
8. दुर्गन्धमल के 7 स्थान है।
9. मनुष्य देह में 3 स्थूणा (वात-पित्त श्लेष्म), 107 मर्मस्थान और 9 व्रणमुख मलद्वार है जिनसे सदा मल बहता रहता है।
10. मनुष्य देह में वसा (चर्बी) नामक धातु 3 अंजुली प्रमाण, पित्त, 6 अंजुली प्रमाण एवं श्लेष्म (कफ) 6 अंजुली प्रमाण ही रहता है।
11. मनुष्य देह में मस्तक अपनी एक अंजुली प्रमाण है। इसी प्रकार मेद भी एक अंजुली प्रमाण है एवं ओज अर्थात् वीर्य एक अंजुली प्रमाण है।
12. मानव शरीर में रूधिर का प्रमाण आढ़क (बत्तीस पल प्रमाण), मूत्र 1 आढ़क प्रमाण तथा विष्ठा 6 प्रस्थ प्रमाण है।
13. मानव शरीर में 20 नख एवं 32 दाँत होते हैं।[55]
14. मानव-शरीर में समस्त रोम-रन्ध्रों से चिकना पसीना निकलता रहता है।[56]
15. मनुष्य के पैर में काँटा घुसने से उसमें सबसे पहले छेद होता है फिर उसमें अंकुर के समान माँस बढ़ता है फिर वह काँटा नाड़ी तक घुसने से पैर में माँस विघटने लगता है, जिससे उसमें अनेक छिद्र हो जाते हैं और पैर निरुपयोगी हो जाता है।[57]
16. यह शरीर रूपी झोपड़ी हव्यिों से बनी है। नस जाल रूपी बक्कल से उन्हें बाँधा गया हैं, माँस रूपी मिट्टी से उसे लीपा गया है और रक्तादि पदार्थ उसमें भरे हुए हैं।[58]
17. माता के उदर से वात द्वारा भोजन को पचाया जाकर जब उसे रस भाग एवं खल भाग में विभक्त कर दिया जाता है तब रस भाग का 1-1 बिन्दु गर्भस्थ बालक ग्रहण करता है। जब तक गर्भस्थ बालक के शरीर में नाभि उत्पन्न नहीं होती, तब तक वह चारों ओर से मातृभुक्त आहार ही ग्रहण करता है।[59]
18. दाँतों से चबाया गया, कफ से गीला होकर मिश्रित हुआ अन्न उदर में पित्त के मिश्रण से कडुआ हो जाता है।[60]

भौतिक एवं आध्यात्मिक विद्या-सिद्धियों के प्रमुख साधना-केन्द्र इस मानव तन का निर्माण किस-किस प्रकार से होता है। गर्भ में वह किस प्रकार आता है तथा किस प्रकार उसके शरीर का क्रमिक-विकास होता है, उसकी क्रमिक अवस्थाओं का ग्रन्थकार ने स्पष्ट चित्रण किया है -

माता के उदर में शुक्राणुओं के प्रविष्ट होने पर 10 दिनों तक मानव-तन गले हुए ताँबे एवं रजत के मिश्रित रंग के समान रहता है। अगले 10 दिनों में वह कृष्ण-वर्ण का हो जाता है। अगले 10 दिनों में वह यथावत् स्थिर रहता है। दूसरे महीने में मानव-तन की स्थिति एक बबूले के समान हो जाती है। तीसरे माह में वह बबूला कुछ कड़ा हो जाता है। चौथे मास में उसमें माँस-पेशियों का बनना प्रारम्भ हो जाता है। पाँचवें माह में उक्त माँस-पेशियों में पाँच पुलक अर्थात् पाँच अंकुर फूट जाते हैं, जिनमें से नीचे से दो अंकुरों से दो पैर और ऊपर के तीन अंकुर में से बीच के अंकुर से मस्तक तथा दोनों बाजुओं में से दो हाथों के अंकुर फूटते हैं। छठवें माह में हाथ-पैरों एवं मस्तक की रचना एवं वृद्धि होने लगती है। सातवें मास में उस मानव-तन के अवयवों पर चर्म एवं रोम की उत्पत्ति होती है तथा हाथ-पैर के नख उत्पन्न हो जाते हैं इसी मास में शरीर में कमल के डण्ठल के समान दीर्घनाल पैदा हो जाती है, तभी से यह जीव माता का खाया हुआ आहार उस दीर्घनाल से ग्रहण करने लगता है। आठवें मास में उस गर्भस्थ मानव-तन में हलन-चलन क्रिया होने लगती है। नौवें अथवा दसवें मास में वह सर्वांग होकर जन्म ले लेता है।[61] इस तरह **भ्रूण-विज्ञान** की चर्चा भगवती आराधना में दृष्टिगोचर होती है।

शरीर के रोगों एवं उपचार की भी भगवती आराधना में विस्तृत चर्चा है। उसमें से कुछ इस प्रकार हैं - आँख में 96 प्रकार के रोग होते हैं।[62] **मूलाराधना** के टीकाकार पं. आशाधर के अनुसार - शरीर में कुल मिलाकर 5,68,99,584 रोग होते हैं।[63] वात, पित्त एवं कफ के रोगों में भयंकर दाह उत्पन्न होती है।[64] ईख कुष्ठ रोग को नष्ट करने वाला रसायन है।[65] वात-पित्त-कफ से उत्पन्न वेदना की शान्ति के लिए आवश्यकतानुसार वस्तिकर्म (एनिमा), उष्णकरण (गर्म लोहे से दागना), ताप-स्वेदन (पसीना लाना), आलेपन (लेप करना), अभ्यंगन एवं परिमर्दन (प्रासुक जल का सेवन करना) क्रियाओं के द्वारा चिकित्सा करनी चाहिए।[66] गोदुग्ध, अजमूत्र एवं गोरोचन से पवित्र औषधियाँ मानी गई है।[67] काँजी पीने से मदिराजन्य उन्माद नष्ट हो जाता है।[68] मनुष्य को तेल एवं कशायले द्रव्यों का अनेक बार कुल्ला करना चाहिए, इससे जीभ एवं कानों में सामर्थ्य प्राप्त होता है अर्थात् कशायले द्रव्य के कुल्ले करने से जीभ के ऊपर का मल निकल जाने से वह स्वच्छ हो जाने के कारण स्पष्ट एवं मधुर वाणी बोलने की सामर्थ्य प्राप्त होती है।[69] मनुष्य को अन्न पानकों की अपेक्षा पानक अधिक लाभकर होता है, क्योंकि उससे कफ का क्षय, पित्त का उपषम एवं वात का रक्षण होता है। पेट की मल शुद्धि के लिए मांड सर्वश्रेष्ठ रेचक है। काँजी से भीगे हुए बिल्व-पत्रादिकों से उदर को सेंकना चाहिए तथा सेंधा नमक आदि से संसिक्त वत्ती गुदा-द्वार में डालने से पेट साफ हो जाता है।[70] पुरुष के आहार का प्रमाण 32 ग्रास एवं महिला का 28 ग्रास होता है।[71] उपवास के बाद मित और हल्का भोजन लेना चाहिए।[72]

इस प्रकार **भगवती आराधना** नामक ग्रन्थ नि:सन्देह ही सिद्धान्त, आचार, अध्यात्म तथा मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक सामग्रियों का कोष ग्रन्थ है। आचार्य शिवार्य ने उक्त सन्दर्भों के हर पहलू को उजागर कर जनमानस को अमूल्य निधि प्रदान की है। इसके अध्ययन से प्राकृत के ग्रन्थों के सांस्कृतिक अध्ययन की प्रेरणा मिलती है। यह ग्रन्थ प्राकृत-साहित्य के अध्ययन की दिशा में नए तत्त्वों को जोड़ता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. भगवती आराधना, गाथा 1064-1065
2. वही, गाथा 1066-1067
3. भगवती आराधना, गाथा 989-990
4. महिलासु णत्थि वीसंभपणयपरिचयकदण्णदा णेहो।
   लहुमेव परगयमणा ताओ सकुलंपि जहंति।। - वही, गाथा 937
5. वही, गाथा 942, 951, 957, 981
6. वही, गाथा 987-988
7. मोहोदयेण जीवो सव्वो दुस्सीलमइलिदो होदि।
   सो पुण सव्वो महिला पुरिसाणं होइ सामण्णो।।- वही, गाथा 995
8. वही, गाथा 971-975
9. वही, गाथा 996
10. संसिट्ठ फलिह परिखा पुप्फोवहिदं व सुद्धगोवहिदं।
    लेवऽमलेवडं पाणाय च णिस्सित्थं ससित्थं।। - वही, गाथा 222
11. सत्थं वहलं लेवडमलेवडं च ससित्थयमसित्थं।
    छव्विहपाणयमेयं पाणयपरिकम्मपाओग्गं।।- वही, गाथा 699
12. वही, गाथा 632, 633
13. देखें, मूलाराधना की अमितगति सं. टीका श्लोक सं. 656-657, गाथा 1774, पृ. 834-835
14. चम्मेण सह अवेंतो ण य सरिसो जोणिकसिलेसो।। - वही, गाथा 339
15. तुण्णेइ वुणइ जाचइ कुलम्मि जादो वि विसयवसो।।- वही, गाथा 911
16. कोसेण कोसियारूव्व दुम्मदी णिच्च अप्पाणं।। - वही, गाथा 913
17. जह कंसियभिंगारो अंतो णीलमइलो बहिं चोक्खो।।- वही, गाथा 581
18. वज्जेदि बंभचारी गंधं मल्लं च धूपवासं वा।
    संवाहणपरिमद्दणपिणिद्धणादीणि य विमुत्ती।।- वही, गाथा 93
19. वइरं रदणेसु जहा गोसीसं चंदणं व गंधेसु।
    वेरूलियं व मणीणं तह ज्झाणं होइ खवयस्स।।- वही,, गाथा 1890
20. वही, गाथा 1564
21. रसपीदयं व कडयं अहवा कवडुक्कडं जहा कडयं।
    अहवा जदुपूरिदयं तधिमा सल्लुद्धरणसोधी।।- वही, गाथा 585
22. पुव्वरिसीणं पडिमाओ वंदमाणस्स होइ जदि पुण्णं।- वही, गाथा 2002
23. सो चित्तकम्मसमणीव्व समणरूवो असमणो हु।।- वही, गाथा 1330
24. प्रो. राजाराम जैन, मूलाराधना का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मूल्यांकन (लेख), आचार्य श्री देशभूषण जी महाराज, अभिनन्दन ग्रन्थ, पृ. 61-62
25. भारत के प्राचीन जैन तीर्थ, डॉ. जे.सी. जैन, वाराणसी, 1952, पृ. 26
26. भगवती आराधना, गाथा 2067, महाभारत, सभापर्व, 31/68
27. वही, गाथा 1547
28. भगवती आराधना, गाथा 1538
29. वही, गाथा 1540
30. अनूपजागंलसाधारणक्षेत्र परिज्ञानं। - वही, गाथा 453, विजयोदया टीका, पृ. 357
31. वही, गाथा 610, विजयोदया टीका, पृ. 418
32. वही, गाथा 1863, विजयोदया टीका, पृ. 830
33. महाभारत - सभापर्व, 32/17
34. महाभारत - सभापर्व, 51/23
35. प्राकृत प्रबोध (मूलदेव कथानक), चौखम्बा, वाराणसी
36. मूलाराधना का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मूल्यांकन लेख, प्रो. राजाराम, पृ. 63
37. भगवती आराधना, गाथा 2068
38. वही, गाथा 59, विजयोदया टीका, पृ. 101
39. वही, गाथा 751, विजयोदया टीका, पृ. 470
40. वही, गाथा 758
41. वही, गाथा 2067, 2069
42. वही, गाथा 295
43. वही, गाथा 112
44. वही, गाथा 448, विजयोदया टीका, पृ. 344
45. वही, गाथा 632-633
46. वही, गाथा 1564
47. वही, गाथा 2002
48. वही, गाथा 1053
49. वही, गाथा 1330
50. वही, गाथा 339
51. वही, गाथा 581
52. वही, गाथा 1350
53. वही, गाथा 585
54. वही, गाथा 569
55. वही, गाथा 1021-1029
56. भगवती आराधना, गाथा 1036
57. वही, गाथा 467
58. वही, गाथा 1810
59. वही, गाथा 1010
60. वही, गाथा 1009
61. वही, गाथा, 1001-1004
62. वही, गाथा 1048
63. पंचेव य कोडीओ भंवति तह अट्ठसट्ठिलक्खाइं।
    णवणवरिं च सहस्सा पंचसया होंति चुलसीदी।।
    - मूलाराधना, गाथा 1054
64. भगवती आराधना, गाथा 1047
65. वही, गाथा 1217
66. वही, गाथा 1493-1494
67. वही, गाथा 1046
68. वही, गाथा 362
69. वही, गाथा 687
70. वही, गाथा 700-702
71. वही, गाथा 213
72. वही, गाथा 253

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

हिन्दी साहित्यकार और स्त्री विमर्श

डॉ. बबीता यादव*

* सहायक प्राध्यापक, नवसंवत विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – 'स्त्री विमर्श' उस साहित्यिक आंदोलन को कहा जाता है, जिसमें स्त्री अस्मिता को केन्द्र में रखकर संगठित रूप में स्त्री साहित्य की रचना की गई हो। हिन्दी साहित्य में स्त्री विमर्श अन्य अस्मितामूलक विमर्शों की भांति ही मुख्य विमर्श रहा है जो कि, लिंग विमर्श पर आधारित है। स्त्री विमर्श को अंग्रेजी में फेमिनिज्म कहा गया है। आंदोलन के रूप में इसकी शुरुवात ब्रिटेन और अमेरिका में हुई। 18 वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति के दौरान कई संघर्ष हुए उनमें एक संघर्ष स्त्री–पक्ष ने भी किया। उन्होंने धर्मशास्त्र और कानूनों के द्वारा खुद को पुरुषों के मुकाबले शारीरिक और बौद्धिक घरातल पर कमजोर मानने से इंकार कर दिया।

आधुनिक काल में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है – स्त्री विमर्श। पितृसत्तात्मक मानसिकता एवं भूमंडलीकरण के विरुद्ध स्त्रियों ने एक जुट होकर जिस शक्ति का आरंभ किया है, वही नारीवाद या स्त्री विमर्श है। वर्तमान समाज में स्त्रियों का विकास तीव्रगति से हो रहा है। वह अपने दृढ़–निश्चय और कड़ी मेहनत से अपने दम पर बुलदियाँ हासिल कर रही है। और स्त्री की इसी उड़ान से पुरुष वर्ग डर गया है। जहाँ–जहाँ पुरुष का आधिपत्य था वहां भी स्त्रियों ने अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया है। स्त्री विमर्श की समर्थक स्त्रियाँ, पुरुष नहीं बनना चाहती। ये स्त्रियाँ अपनी विशिष्ट दैहिक–मानसिक संरचना पर गर्व करती हैं। स्त्रियों के लिए सदियों से रूढ़िवादी परम्पराओं का एक मापदंड है जो दोहरे हैं। और जिन पर पुनर्विचार होना ही चाहिए। ताकि विकास के अवसर सबको समान मिल सके और समानता का अधिकार स्त्रियों को पूर्ण रूप से प्राप्त हो।

आज स्त्री उन क्षेत्रों में भी प्रवेश कर गई है, जिसमें केवल पुरुष ही हुआ करता थे घर और बाहर दोनों क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रही है। परन्तु जब तक स्त्री स्वयं के लिए विचार नहीं करेंगी और उसके लिए ठोस कदम नहीं उठाएगी तब तक पुरुषसत्तात्मक समाज उसके व्यक्तित्व पर अत्याचार करते रहेगें। पुरुष अपनी सामाजिक स्थिति को सर्वोच्च देखता है और स्त्री को निम्न समझता है। यदि स्त्री अधिक पढ़ी–लिखी, जागरुक, तर्कशील, बुद्धिमान है तो पुरुष को उसके सम्मान का शायद खतरा पैदा हो सकता है। इसी झूठे अहं का शिकार पुरुष समाज यह सब कैसे सहन कर सकता है? कि स्त्री की सामाजिक, आर्थिक स्थिति उससे सर्वोच्च हो जाए या उसके बराबर हो। पुरुष में असुरक्षा की भावना एवं स्त्री को दबाकर और नियंत्रण में रखने की है। परन्तु आज शिक्षित कामकाजी अधिकार सजग अर्थ स्वतंत्र स्त्रियों ने पुरुषों के लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी है।

किन्तु नारी स्वतन्त्रता का अर्थ स्वच्छंदता कदापि नहीं है वह पुरुष से मुक्ति नहीं, पुरुष में मुक्ति की आकांक्षा रखती है। और जब तक लेखन का दायित्व उसके हाथ में आया तो उसने अपनी अस्मिता को गरिमायुक्त बनाया होगा।

स्त्री विमर्श से जुड़ी लेखिकाओं को देखना यह है कि मात्र दफ्तरों में काम करने वाली नारी ही स्वतन्त्र नहीं है। क्योंकि स्वतन्त्रता का अहसास आंतरिक होता है। स्त्री की चिंता, आत्मनिर्भरता, आत्म संपन्नता के लिए होना चाहिए न कि, सामाजिक स्थिति में अभिशाप के एक बचाव की तरह इस्तेमाल करके दया बटोरने के लिए।

स्त्री जागरुक हुई और इस जागरुकता को प्रसारित करने में महिला लेखन का बड़ा प्रभाव रहा है। निखरे व्यक्तित्व और स्व–जागरूकता के साथ बड़ी संख्या में स्त्री लेखिकाएँ साहित्य में उतरी है। इन लेखिकाओं के स्त्री पात्र अपने अस्तित्व हेतु चौतन्य हो परम्परागत मूल्यों और पुरुष प्रधान समाज की कुत्सित मान्यताओं से संघर्ष कर रहे है।

मैत्रेयी पुष्पा के अनुसार – 'स्त्री विमर्श स्त्री के अस्तित्व की खोज है तथा नारी अस्मिता का उद्देश्य अस्तित्व को आधार बनाकर स्त्री का चेतना से युक्त बना व्यक्तिगत स्वतंत्रता का निर्माण करना है।'

महादेवी वर्मा के शब्दों में – 'भविष्य में भारतीय समाज की क्या रूपरेखा हो। उसमें नारी की कैसी स्थिति हो? उसके अधिकारों की क्या सीमा हो? आदि समस्याओं का समाधान आज की जाग्रत और शिक्षित नारी पर निर्भर है..... वह विरोध को ही चरम लक्ष्य मान लें और पुरुष से समझौते के प्रश्न को ही पराजय का पर्याय समझ लें तो जीवन की व्यवस्था अनिश्चित और विकास का क्रम शिथिल होता जाएगा। महादेवी वर्मा स्त्री की उस दशा को उजागर करना चाहती है, जब स्त्री के लिए अन्य अधिकारों की बात ही क्या की जाए? जब उसे जीने के अधिकारों से ही वंचित कर दिया गया था।'

रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में– 'पुरुष अपने अहम के वशीभूत ही स्त्री के वास्तविक स्वरूप से अनभिज्ञ रहा है, और आज तक यदि पुरुष नारी को समझ लेगा तो समाज की सारी विषमताओं का स्वत: ही निराकरण हो जाएगा, आवश्यकता उसे समझने और महसूस करने की है दिनकर पुरुष के झूठे पौरुष को केवल स्त्री पर हावी होना मानते है उसका पुरुषार्थ मात्र स्त्री को परतंत्र बना उस पर अधिकार करने में निहित है।'

मैत्रेयी पुष्पा के अनुसार – 'नारीवाद ही स्त्री विमर्श है। नारी की यथार्थ स्थिति के बारे में चर्चा करना ही स्त्री विमर्श है। मैत्रेयी पुष्पा नारीवाद और स्त्री विमर्श को चिन्तन का ही एक आयाम मानती है और स्त्री से जुड़े इस विद्यान को यथार्थ से जोड़ती है।'

प्रभा खेतान के अनुसार – 'नारीवाद न मार्क्सवाद है और न पूंजीवाद। स्त्री, हर जगह, हर वाद में, फैलाव में है। मगर संस्कृति के विस्तृत फलक पर आज भी वह वस्तुकरण का शिकार है। वस्तुकरण की इस पारम्परिक प्रक्रिया को पुरुष दृष्टि से नहीं बल्कि स्त्री दृष्टि से देखने और समझने की जरूरत है।' प्रभा खेतान स्त्री की वर्तमान स्थिति की जिम्मेदार स्वयं स्त्री को मानती है।

भारतीय चिंतक स्त्रीवाद के माध्यम से स्त्री और पुरुष के मध्य अंतर की गहराई को पाटने का भारतीय महिला लेखिकाओं ने ऐसी रित्रयों की समस्यायों को आधार बनाकर अपने उपन्यासों की रचना की है। विशेष रूप से उषा प्रियंवदा तथा प्रभा खेतान के उपन्यास शेष यात्रा पीली आंधी में भारतीय स्त्री के जीवन के विभिन्न पहलुओं को समग्रता से उजागर किया है।

अंत में पूरे भरोसे के साथ आज यह कहने की स्थिति में है कि वर्तमान सदी की स्त्री लेखिकाओं ने अपने लेखन में आधुनिक स्त्री जीवन के व्यापक आयामों को स्पर्श करते हुए स्त्री संबंधी अनेक पुराने व नये प्रश्नों को उठाया ही नहीं, बल्कि अनेक विकल्पों को भी चिन्हित किया है। कस्बों, गांवों शहरों से लेकर दूर दराज के देशों में काम करने वाली स्त्रियों के त्रासद से अनुभवों को शब्द प्रदान किए है। टी. एस. इलियट के शब्दों में 'इतिहास जहां प्राचीनता में रमता है, वहीं वह भविष्य में दृष्टि भी रखता है।' अत: हम कह सकते है कि आधुनिक युग में स्त्री और पुरुष दोनों स्वतंत्र ईकाई होकर भी एक–दूसरे के पूरक बनकर सही मायने में परिवार को चलाए और समाज के विकास में सहयोग दें। पुरुष को भी स्त्रियों से तालमेल रखकर अपना अहंकार छोड़ना होगा और स्त्रियों को उसके अधिकार देने होंगे तभी हम एक स्वस्थ समाज का रूप देख सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आधुनिक नारी समाज की नारी चेतना – डॉ. सुशील।
2. स्त्री विमर्श रचनाधर्मिता के संदर्भ में – विनय कुमार पाठक।
3. पितृसत्तात्मकता और स्त्री विमर्श – प्रभा खेतान।
4. भूमंडलीकरण और स्त्री विमर्श – प्रभा खेतान।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Woman As A Scapegoat in Vijay Tendulkar's Silence ! The Court is in Session

Deepank Ahari*

***Assistant Professor (English) Govt. Girls College, Kherwara, Udaipur (Raj.) INDIA**

Abstract - The late Vijay Tendulkar is one of the most controversial yet the most popular dramatist in the contemporary Indian English Drama. His writings often display how women are victimized, exploited and tortured even today. Women during the Vedic ages were treated at par with men. They enjoyed all the rights without any discrimination but today their condition is highly pathetic. Their existence is questioned in womb. Physical exploitation and mental harassment have become everyday affairs now-a-days. All such unpalatable and shameful issues are widely discussed by Tendulkar in his various remarkable plays. Present paper tends to display how woman is used as a scapegoat in the light of his first play **Silence! The court is in session**. This play delves deep into the realities of life in the contemporary society. At one place he states, "As a social being, I am against all exploitations and I passionately feel that all exploitation must come to an end …" The paper highlights how the hypocrisy of the society tortures a woman physically, mentally and emotionally.

Key words - Exploitation, violence, scapegoat, victimized.

Introduction -Vijay Tendulkar is one of the most controversial yet the most popular dramatist in the contemporary Indian English Drama. Dramatists like Vijay Tendulkar, Girish Karnad, Mahesh Dattani and many more deserve due appreciation for the revival of the tradition of Indian Drama in English. They have made drama a typical art form, epitomizing the socio-political, economic and realistic image of Indian art, culture and values. Through the writings of these writers Indian English Drama has depicted the new light of humanism and realism against the philosophical creed of earlier writers like Tagore, Sri Aurobindo etc.

Vijay Tendulkar is a leading contemporary Indian playwright, screen and television writer, literary essayist, political journalist, and above all a social commentator. For the past four decades he has been the most influential dramatist and theatre personality. A resident of the city of Mumbai, Tendulkar (1928-2008) is the author of thirty full-length plays and twenty-three one act plays, several of which have become classics of modern Indian theatre. One of the Hercules Pillars of contemporary Indian English drama, Tendulkar represents the issues which are temporal and timeless. V.S. Naipaul considers him as India's best playwright. Arundhati Banerjee introduces Vijay Tendulkar thus, "Vijay Tendulkar has been in the vanguard of not just Marathi but of Indian theatre almost for forty years." He portrays the themes of isolation and alienation of an individual, and his perpetual struggle with the hostile surroundings. Tendulkar has won name and fame through his plays such as Silence! The Court is in Session, The Vultures, Sakharam Binder and Ghashiram Kotwal. Though his plays are sometimes criticized for excessive use of sex and violence, they are basically a part of modern man's anguish. He has created awareness among the masses about some of the basic problems of life.

As a keen observer of Indian society, he experimented with the less spoken issues. He never sheds away from saying unpalatable truths and shows the way people prefer to live. He describes hypocrisy, violence, lust for power and corruption as bare facts of modern life. He depicts how women are tortured, victimized and exploited. An attempt has been made to discuss the various factors responsible for the unfair treatment given to Miss Banare, the female protagonist, of this play and how she is compelled to tolerate physical, mental and emotional violence in the play.

Shantata! Court Chalu Ahe (Silence! The Court is in Session, 1967) was his first play in which he marked out to be a rebel against the established values of the society. With its translation in Hindi, he came to be regarded with

Mohan, Rakesh, Badal Sircar and Girish Karnad. This play combines social criticism with the tragedy of an individual victimized by society. The oppression and mental trauma of a woman has been articulated skillfully in this play. Though he cannot be branded as a "feminist" yet he effectively interrogates the patriarchal concept of a woman as an inferior being in the society. Silence! represents the dilemma of a young woman who is betrayed twice by her male counterparts. When hardly of fourteen years, she is robbed off her virginity by her own maternal uncle and later ditched by Prof. Damle also. It exposes insincerity of the society that excuses men but not women for the same kind of offence. In her essay, "On Gender and Power", Urvashi Barat, a literary critic, comments very aptly on power politics which is the main cause of female subjugation in the society: The most obvious and persistent theme in the plays of Tendulkar is 'power', its effect on people and their relationship with each other, and the way it dehumanizes and brutalizes those who live in it. Power politics, the battle for supremacy in society and inhuman relationships are demons treated in his work through gender. The role of gender in power game is unveiled in plays like Silence!

The Court is in Session and Kamala, and Ghasiram Kotwal, which focus directly on the status of women in a patriarchal society. These plays suggest how gender & power are inter- linked in society.(Critical Perspectives: Ghasiram Kotwal, 85)

Leela Benare, the central character of the play, dares to ignore the social taboos and lives an independent life according to her free will. "My life is my own, I haven't sold it to anyone for a job." She is projected as a rebel against the established norms of typical Indian society. A teacher by profession, she is self-dependent, carefree and empowered whereas all the male characters suffer from sadism and an inferiority complex as they have failed in their ways of life. They feel insecure and lack in confidence. These specific traits of male characters make Benare, a superior character. Mr. Kashikar is known for his pretention of social upliftment. Sukhatme is a lawyer who "Just sits alone in the barrister's room at court, swatting flies with legal Precedent!" Ponkshe fails twice in his effort of passing Inter Science Examination. Karnik is a complete failure as an actor. Prof. Damle is an escapist. Mrs. Kashikar is a total dependent on her husband and lacks in average I.Q. The only exception to all these character is Ms. Leela Benare. Despite being a woman, she is the only one who earns her livelihood by herself. The hypocrisy of the society, specially of the male-dominance, is exposed when they fail to accept her as a successful women among them. Consequently, most of the characters are often waiting for some or other opportunity for encashing the situation to humiliate Ms. Benare. The play is, in fact, a satire on the hypocrisy of the middle class society. The playwright himself points out: "…their characters, dialogues, gestures and even mannerisms reflect their petty circumscribed existence fraught with frustration and repressed desire that find expression in their malicious and spiteful attitude towards their fellow being." (Preface VIII)

To cover up their frustration, they perpetuate violence against her. They plan a 'Mock-law-court' as a rehearsal for evening performance. All the male characters take the position of legal officers and make Benare the scape-goat, a victim. All of them, in search of a proper opportunity conspire against her. The charge of infanticide is put against the spinster, Leela Banere who got pregnant once in her early life. This case is set to be examined in a court. It is through this mock-trial that her private life is exposed publically establishing her as a woman of loose character. She is tortured to such an extent that no distinction lies between a fictitious case and her real life. Gradually, the mock trial begins to assume sinister form. Benare, who is earlier taking it just as a sport, gradually realizes that she is being trapped and targeted. What is started as an entertaining game now has turned into a hunting game. Arundhati Banerjee maintains, "… the accusation brought against Benare at the beginning of the trial turns into the verdict at the end because contemporary Indian society, with its roots firmly grounded in reactionary world cannot allow the birth of a child out of wedlock." The climax of her torture is seen when she finds the door of the hall locked form outside & she is unable to leave these hungry vultures. Escape is denied to her. Her own gender, Mrs. Kashikar also assaults her by dragging her to the witness box. When Kashikar, playing the role of a Judge, listens that Benare is a spinster, he goes to the extent of approving the custom of child marriage and pulls her forcefully back to the witness box. Unable to bear so much of torture, she tries to drink poison TIK 20 but is prevented to do so. She gets totally devastated and depressed.

When observed minutely, we notice that women characters of Vijay Tendulkar are strong fighters against such cultural and social forces that challenge the individuality of a woman. In Silence! Benare is presented as a bold and daring protagonist who instead of breaking, collects mental courage, stands erect and speaks in self-defense. She speaks powerfully from the heart and protects herself well. "Yes, I have a lot to say. For so many years. I haven't said a word. Chances came, and chances went. Storms raged one after another about my throat. And there was a wail like death in my heart. But each time I shut my lips tight…" (p.72)

She comes down heavily on men conspiring against

her: "These are the mortal remains of some cultured men of the twentieth century. See their faces- how ferocious they look! Their lips are full of lovely worn-out phrases! And their bellies are full of unsatisfied desires." (74) This is the heart of a woman who is often targeted by the society, which fails to understand her inner feelings as a human being with normal biological urges. Benare is indeed the voice of so many suffering women of the society, whose molestation is done inside the family by any of the family members and thus they are tortured not only physically but also mentally and psychologically. Life becomes meaningless and loses all the attractions for these innocent but victimized women. The deep pain and agony of Benare's heart can be understood easily in her following statements: "Life is a poisonous snake that bites itself. Life is a betrayal, life is a fraud. Life is a drug. Life is drudgery…Life is a dreadful thing…" (p. 75) And then they have to fight a lot for their existence in the society. P. Obula Reddy and P. Pramila Devi appreciate Benare by calling her a 'new woman':

Benare, the principal character in the play is as sprightly rebellious and assertive as the heroine of Shakespeare romantic comedies…Of course, Benare is a lovely spark from the thunder bolt of Tendulkar. She is a new woman pleading for freedom from the social norms.

References :-

1. Banerjee, Arundhati. "Introduction," Five Plays. New Delhi: Oxford India Paperbacks, 1995, Eight Impression, 2006.
2. Barat, Urvashi. "On Gender and Power" in Critical Perspectives: Ghasiram Kotwal. Ed. V.B. Sharma. (New Delhi: Asia Book Club, 2001).
3. Tendulkar, Vijay. Silence! The Court is in Session. Trans., Priya Agarkar. Madras: Oxford University Press, 1978.
4. Tendulkar, Vijay. "A Testament." Indian Literature. No. 147. Jan-Feb 1992.
5. Reddy, P. Obula & P. Pramila Devi. "The Violence of Middle Class: A Study of Vijay Tendulkar's Silence! The Court is in Session." Indian Literature Today. Ed. R. K. Dhawan (New Delhi: Prestige, 1998, Vol. I).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Exploring the Synergy Between Digitalization, TQM and Sustainability in Pharmaceutical Companies

Dr. Shankar Choudhary* Dr. G.C. Khimesra Neha Shrivastav*****

*Director and Professor, Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Retd. Principal, Govt. PG College, Mandsaur (M.P.) INDIA
*** Research Scholar (Management) Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA

Abstract - As digital technologies such as data analytics, the Internet of Things (IoT), and Artificial Intelligence (AI) continue to evolve, pharmaceutical companies are increasingly integrating these advanced solutions into their quality management processes. This digital transformation enables more precise data collection and analysis, real-time monitoring of manufacturing operations, and predictive maintenance of equipment.This research paper explores the intersection of Total Quality Management (TQM), Digital transformation, and Sustainability in pharmaceutical quality management This study investigates how TQM principles are merging with digital technologies to reshape quality management practices in the pharmaceutical industry. Through a comprehensive review of literature, the research delves into the integration of sustainability considerations into these digital transformations. By examining the benefits, challenges, and implementation strategies of digital initiatives within pharmaceutical quality management, this study aims to shed light on how digital solutions can optimize quality control, streamline operations, and promote sustainability in the industry. The findings contribute to a deeper understanding of the evolving landscape of pharmaceutical quality management in the digital age, offering recommendations for companies to effectively utilize digital technologies within their TQM frameworks to drive continuous improvement, and promote environmental sustainability in the production of safe and effective pharmaceutical products.
Keywords: Digital, Pharmaceutical, Sustainability, Total Quality Management, Technology.

Introduction - The pharmaceutical business finds itself at a critical juncture, with mounting pressure to improve product quality, maintain regulatory compliance, and tackle expanding environmental and social obligations. Pharmaceutical firms are under pressure to reconsider their quality management systems due to the increasing complexity of global health concerns and the growing expectations of consumers for safe, effective, and sustainable goods. An innovative strategy to satisfy these expectations is provided by the combination of digitalization, Total Quality Management (TQM), and sustainability.

Digitalization has caused a profound change in the way pharmaceutical corporations oversee their quality control procedures. Through the utilization of cutting-edge technologies like block chain, artificial intelligence (AI), machine learning, and the Internet of Things (IoT), digitalization facilitates improved traceability throughout the supply chain, real-time monitoring, and data-driven decision-making. These technologies guarantee improved standards of product quality and safety by streamlining operations and dramatically lowering the possibility of errors. AI-driven analytics, for example, might anticipate possible quality problems before they arise, enabling preventative actions and ongoing development. Additionally, block chain technology guarantees visible and unchangeable records of each transaction and procedure, enhancing regulatory compliance and confidence.

Pharmaceutical quality assurance has always placed a strong foundation in TQM. TQM, which is based on the ideas of customer focus, methodical problem-solving, and continuous improvement, encourages an environment in which all stakeholders are actively involved in preserving and improving quality. Pharmaceutical firms may systematically find inefficiencies, get rid of waste, and enhance their operations by implementing TQM practices. Putting TQM into practice results in the creation of strong quality systems that not only meet but also beyond legal standards, giving businesses a competitive edge.

Sustainability has emerged as a critical dimension in pharmaceutical quality management, driven by increasing awareness of environmental impact and social responsibility. The industry faces mounting pressure to

reduce its carbon footprint, minimize waste, and ensure ethical practices across the supply chain. Integrating sustainability into quality management involves adopting eco-friendly manufacturing processes, utilizing sustainable raw materials, and implementing energy-efficient technologies. Additionally, social sustainability focuses on ensuring fair laborpractices, community engagement, and contributions to global health initiatives. By embracing sustainability, pharmaceutical companies not only fulfill regulatory and societal expectations but also build resilience against market volatility and enhance their corporate reputation.

T he convergence of digitalization, TQM, and sustainability surpasses the limitations encountered when each is applied independently. This integrative model promotes innovation, enhances efficiency, and improves overall quality management. For instance, digital tools can enhance TQM practices by offering real-time data and analytics, while sustainability initiatives can be monitored and optimized using digital platforms. This comprehensive approach ensures that quality management systems are not only effective but also adaptable to future challenges and opportunities.By adopting these convergent strategies, pharmaceutical companies can achieve unprecedented levels of quality, compliance, and sustainability, ultimately contributing to better health outcomes and a more sustainable future. This paper will examine the individual and combined effects of these approaches, offering a comprehensive framework for modernizing pharmaceutical quality management in the 21st century.

Review of Literature

Digital technologies refer to the collection and paradigm of various intelligent and innovative technologies for connectivity, communication, and automation (Luo et al., 2022).The pharmaceutical sector has advanced rapidly because of advances in digitalization and automation, which begin with drug creation and continue through drug administration. Every growth in the pharmaceutical industry is linked to advancements in digitalization. (Mannan & Mubeen,2018).Pharmaceutical businesses are concentrating on finding ways to perform significantly during the period of high growth in the medical sector. Furthermore, there has been a shift in emphasis from financial success to social and environmental performance as a result of growing awareness of environmental protection and social responsibility. (Ma et al., 2022).

- **तीव्र संकट –** यदि आपने अव्यक्त चरण के दौरान संकट पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया, तो आपको तृतीय चरण तीव्र संकट के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। तीव्र चरण तब होता है जब संकट लगातार विकसित होता रहता है। अक्सर, किसी संकट से निपटना आपके नियंत्रण से बाहर होता है, जैसे किसी प्राकृतिक आपदा या अन्य अप्रत्याशित बाहरी घटनाओं के मामले में।
- **संकट पश्चात् –** इसमें जब कोई संकट टल जाता है या कम हो जाता है, तो आपका संकट प्रबंधन कार्य अभी शुरू हो रहा है। भले ही तुरंत साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त जानकारी न हो, फिर भी अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य प्रभावित हितधारकों के साथ संपर्क में रहना महत्वपूर्ण है ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि आप सक्रिय हैं।

अंत में अपनी संकट प्रबंधन टीम के साथ समीक्षा और विश्लेषण करने के लिए काम करें कि वास्तविक आपातकाल के दौरान आपकी संकट प्रबंधन

योजना कैसी रही। प्रस्तुत आलेख में **संकट प्रबंधन योजना के माध्यम से अपने व्यवसाय के लिए इसे कैसे बनाया जाए यह अध्ययन किया गया है, जिसमें** संगठन का कर्तव्य है कि वह कार्यालय के अंदर और बाहर अपने कर्मचारियों की भलाई की रक्षा करे, संकट की स्थिति में अपन कर्मचारी संभावित खतरों से खुद को सुरक्षित रखने के लिए आप पर भरोसा कर रहे हैं। और ऐसा करने की आपकी क्षमता उतनी ही मजबूत है जितनी आपकी संकट प्रबंधन योजना। संकट का आकार या गंभीरता चाहे जो भी हो, एक प्रभावी योजना आपको जल्दी और सुरक्षित रूप से उबरने में मदद करेगी। यहां संकट प्रबंधन योजना बनाने का तरीका बताया गया है।



संकट प्रबंधन योजना बनाना इस बात से जटिल हो सकता है कि आपको कितने अलग-अलग चरणों और संसाधनों पर नजर रखने की जरूरत है साथ ही आपके व्यावसायिक खतरे और भेद्यता मूल्यांकन से लेकर व्यवसाय में किसी संकट की स्थिति के मामले में आपकी यात्रा जोखिम प्रबंधन जानकारी तक।



स्त्रोत – इन्टरनेट से प्राप्त

परिणामस्वरूप यह कहा जा सकता है कि संकट प्रबंधन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक संगठन एक विघटनकारी और अप्रत्याशित घटना से निपटता है जो संगठन या उसके हितधारकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है। संकट प्रबंधन का अध्ययन 1980 के दशक में बड़े पैमाने पर औद्योगिक और पर्यावरणीय आपदाओं से शुरू हुआ। जनसंपर्क में यह सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया मानी जाती है। संकट प्रबंधन जिसमें संभावित खतरों का आकलन करना और उन खतरों से बचने के सर्वोत्तम तरीके ढूंढना शामिल है, संकट प्रबंधन में खतरों से पहले, दौरान और उनके घटित होने के बाद उनसे निपटना शामिल है। यह प्रबंधन के व्यापक संदर्भ में एक अनुशासन है जिसमें किसी गंभीर स्थिति की पहचान करने, मूल्यांकन करने, समझने और उससे निपटने के लिए आवश्यक कौशल और तकनीकें शामिल हैं, खासकर उस क्षण से जब यह पहली बार घटित होती है और उस बिंदु तक जब पुनर्प्राप्ति प्रक्रियाएं शुरू होती हैं।

संकट प्रबंधन व्यवसाय की स्थिरता और सफलता के लिए आवश्यक है। भारतीय संगठनों को:

1. प्रौद्योगिकी आधारित समाधान अपनाने।
2. कर्मचारियों को संकट के प्रति प्रशिक्षित करना।
3. नीतिगत ढांचे और पूर्वानुमान प्रणाली विकसित करनी चाहिए।

भविष्य के सुझाव:

1. छोटे व्यवसायों के लिए संकट प्रबंधन मॉडल।
2. तकनीकी और पारंपरिक दृष्टिकोण का संयोजन।

संकट प्रबंधन प्रक्रिया के दौरान, संकटों के प्रकारों की पहचान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि विभिन्न संकटों के लिए अलग-अलग संकट प्रबंधन रणनीतियों के उपयोग की आवश्यकता होती है। संभावित संकट बहुत बड़े हैं, लेकिन संकटों को समूहबद्ध किया जा सकता है।



स्त्रोत – इन्टरनेट से प्राप्त

सुझाव – संकट प्रबंधन को प्राथमिकता देने से संगठनों को महत्वपूर्ण घटनाओं के द्वितीयक परिणामों को कम करने में भी मदद मिलती है। संगठन की संपत्ति और प्रक्रियाओं के लिए किसी भी तात्कालिक खतरे के अलावा, महत्वपूर्ण घटनाएं अक्सर ब्रांड प्रतिष्ठा, ग्राहक संतुष्टि, कर्मचारी मनोबल और यहां तक कि आपूर्ति श्रृंखला पर अप्रत्याशित और व्यापक प्रभाव उत्पन्न करती हैं जो एक योजना स्थापित करने से संगठनों को किसी महत्वपूर्ण घटना से संगठन पर पड़ने वाले सभी प्रभावों के खिलाफ सक्रिय रूप से सुरक्षा करने के लिए प्रतिक्रियाशीलता की स्थिति से आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। जिसके लिए निम्नलिखित सुझाव के माध्यम से संकट प्रबंधन में मदद मिल सकती है :-

1. संकट प्रबंधन कंपनी को कठिन समय में बचाता है और किसी दुर्घटना में अपने कर्मचारियों और ग्राहकों की स्थिति की रक्षा करता है। इससे ग्राहकों को कंपनी के प्रति अधिक विश्वास बनाने में मदद मिलती है।
2. बेहतर संकट प्रबंधन रणनीति के साथ, कंपनी कानूनी दुर्घटनाओं से बच सकती है और अपनी प्रतिष्ठा के अपमान से बच सकती है।
3. मेलवेयर हमले या डेटा लीक जैसे तकनीकी संकट की स्थिति में, हर सेकंड मायने रखता है। मान लीजिए कि कंपनी के पास इस परिदृश्य में पालन करने के लिए एक उचित निष्पादन रणनीति है। उस स्थिति में, खोए हुए डेटा और राजस्व को कुछ हद तक सुरक्षित रखते हुए, बहुत सारे नुकसान को नियंत्रित किया जा सकता है।
4. संकट प्रबंधन टीम का निर्माण कर योजना को क्रियान्वित करें।
5. संकट प्रबंधन टीम यह सुनिश्चित करती है कि संकट प्रबंधन योजना कुशलतापूर्वक बनाई जाए ताकि कंपनी कठिन समय से भी आसानी से गुजर सके।
6. संकट प्रबंधन करते समय संकट प्रबंधन की टीम का काम किसी विशेष परिदृश्य के विभिन्न जोखिमों को ध्यान में रखना है। फिर इन जोखिमों का टीम द्वारा सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाता है ताकि चीजें गलत होने पर फर्म को कार्यान्वित करने के लिए एक कार्य योजना प्रदान की जा सके। एक तरह से, ये समूह कंपनी को बचाने के लिए क्षति नियंत्रण की कोषिष करता है।
7. एक संगठन में अपने कार्यों के विभिन्न पहलुओं, जैसे संकट प्रबंधन और व्यावसायिक संकट प्रबंधन, के लिए कई संकट टीमें भी हो सकती हैं।
8. संकट प्रबंधन के समय प्रबंधक को उस स्थिति के लिए परिदृश्य और संभावित समाधान का कार्य सौंपा जाना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. एलन बी. बर्नस्टीन और सिंडी राकोविट्ज (2012) आपातकालीन जनसंपर्क 3.0 विश्व में संकट प्रबंधन, पी-5. आईएसबीएन 978-1469159546
2. एएसआईएस इंटरनेशनल, 'संगठनात्मक लचीलापन : सुरक्षा, तैयारी, और निरंतरता प्रबंधन प्रणाली-उपयोग के लिए मार्गदर्शन के साथ आवश्यकताएँ, एएसआईएस एसपीसी'1-2009, अमेरिकी राष्ट्रीय मानक, 2009।
3. बंडी, जोनाथनय पफरर, माइकल डी.'शॉर्ट, कोल ई.य कॉम्ब्स, डब्ल्यू. टिमोथी (2017) 'संकट और संकट प्रबंधन : एकीकरण, व्याख्या और अनुसंधान विकास', प्रबंधन जर्नल 43 (6) : 1661-1692 डीओआई : 10.1177/0149206316680030 एससीआईडी 152223772।
4. जेम्स, ई. (स्प्रिंग 2007) 'सामान्य रूप से नेतृत्व : संकट के समय में योग्यता कैसे प्रदर्शित करें', नेतृत्व पूर्वावलोकन. 5 जुलाई 2010 को मूल (पीडीएफ) से संग्रहीत।
5. कॉम्ब्स, डब्ल्यूटी (1999)'चल रहे संकट संचार : योजना बनाना, प्रबंधन करना और प्रतिक्रिया देना'। थाउजेंड ओक्स, सीए : सेज।
6. लेर्बिंगर, ओ. (1997) 'संकट प्रबंधक : जोखिम और जिम्मेदारी का सामना करना', महवाह, एनजे : एर्लबाम।
7. मैडिगन, माइकल एल. (6 दिसंबर 2017) 'आपातकालीन प्रबंधन अवधारणाओं की पुस्तिका एक चरण-दर-चरण दृष्टिकोण'। सीआरसी प्रेस, आईएसबीएन 9781351337472।
8. श्रीवास्तव, पॉलय मिट्रॉफ, इयान आई.य मिलर, डैनीय मिकलानी, अनिल (1988) 'औद्योगिक संकट को समझना', प्रबंधन अध्ययन जर्नल 25 (4) 285-303, 10.1111/1467-6486.1988.38।
9. वेनेट, एसजे (2003) एक उच्च विश्वसनीयता संगठन में जोखिम संचार : APHISPPQ का निर्णय लेने में जोखिम का समावेश। एन आर्बर, एमआईरू यूएमआई प्रॉक्वेस्ट सूचना और शिक्षण।
10. https://en.wikipedia.org/wiki/Crisis_management
11. https://www.aicb.org.in/crisisManagement.html
12. https://ecr.indianrailways.gov.in/view_section.jsp?lang=1&id=0,2,392,1175
13. https://simdega.nic.in/document/%E0%A4%B8%E0%A4 %82%E0%A4%95%E0%A4%9F-%E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B 0%E0%A4%AC%E0%A4%82%E0%A4%A7%E0%A4%A8-%E0%A4%AF%E0%A5%8B%E0%A4%9C%E0%A4%A8%E0%A4%BE/
14. http://hi.negapedia.org/articles/%E0%A4%B8%E0%A4%82%E0%A4%95%E0%A4 %9F_%E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%AC%E0%A4%82%E0% A4%A7%E0%A4%A8

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Challenges and Opportunities in Implementing the PESA Act in Madhya Pradesh: A Policy Evaluation

Ritik Tiwari*

***Guest Faculty, Govt. PG College, Bina, Sagar (M.P.) INDIA**

Abstract - The Panchayats (Extension to Scheduled Areas) Act, 1996 (PESA), was enacted to empower the tribal communities through local self-governance and decentralized decision making in Scheduled Areas (tribal regions) in India. This study is to evaluate the implementation of PESA Act in Madhya Pradesh and to identify the key challenges and opportunities.

Despite the significant tribal population in Madhya Pradesh, the execution for PESA Act faces numerous hurdles including administrative inertia, lack of awareness along with resource constraints. Conversely, opportunities exist in leveraging traditional governance structures and enhancing community participation. Comparative insights from other states provide a broader perspective on effective strategies and common obstacles.

Keywords: PESA Act, Madhya Pradesh, tribal governance, policy implementation, Scheduled Areas.

Introduction - The Panchayats (Extension to Scheduled Areas) Act, 1996 (PESA), was introduced with the prime objective to extend the provisions of the 73rd Constitutional Amendment Act to the Scheduled Areas (tribal regions) in India, mainly to empower the Gram Panchayats and the Gram Sabhas.

PESA Act was a historical milestone in India's governance. The main aim of PESA Act is to ensure local self-governance for tribal communities along with democratic decentralization to the grass-root levels. This also ensures to protect the traditional rights and cultural beliefs of tribal communities by providing them true independence. It also ensures them local autonomy by providing them the rights over their land, forest and natural resources which are the main source of their livelihood.

Madhya Pradesh, with a substantial tribal population, is a critical case for examining the effective implementation of the PESA Act. This paper explores the challenges and opportunities come across in this process, offering insights for policymakers and respective stakeholders.

Background

Overview of PESA Act: Enacted in 1996, the PESA Act seeks to empower the Gram Sabhas in the Scheduled tribal areas, granting them the autonomy and authority over the natural resources, customary laws including conflict resolution, and local development programmes. The Act provides effective government support and recognition to the unique cultural and social practices of tribal communities, aiming to integrate traditional governance with formal administrative structures.

Tribal Demographics in Madhya Pradesh: Madhya Pradesh is home to approximately 21% tribal population in India, with major tribes including the Gond, the Bhil, and the Baiga community. The Scheduled Areas in the state encompass several districts such as Betul, Umaria, Seoni and Jhabua where PESA's provisions are applicable, making effective implementation crucial for tribal empowerment.

Challenges in Implementing PESA in Madhya Pradesh

Administrative and Bureaucratic Hurdles: The integration of PESA's provisions into existing administrative frameworks has been sluggish. Bureaucratic resistance and a lack of clarity in roles between traditional and formal governance structures have impeded progress.

A study by the National Institute of Rural Development and Panchayati Raj (NIRDPR) highlights these administrative challenges, noting that there are gaps in policy alignment between self-governance laws and inter-departmental regulations.

Limited Awareness and Capacity: Many tribal communities are unaware of their statutory rights under PESA. Additionally, limited capacity-building initiatives have resulted in inadequate local leadership to effectively serve the objectives of the Act. Posts from social media profiles further emphasize the need for grassroots awareness campaigns and leadership training to bridge this gap.

Resource Constraints: Financial and human resource limitations have hindered the establishment of necessary support systems for PESA's execution. The lack of dedicated funds and trained personnel has affected the

sustainability of initiatives aimed at empowering Gram Sabhas.

Opportunities for Effective Implementation

Leveraging Traditional Governance Structures: Madhya Pradesh's rich heritage of tribal self-governance can be harnessed to align PESA's objectives with existing practices. Strengthening these traditional institutions can facilitate smoother integration and acceptance of the Act's provisions.

Enhancing Community Participation: Encouraging active involvement of tribal communities in decision-making processes can lead to more effective governance. Capacity-building programs and awareness campaigns are essential to empower communities to utilize their rights under PESA fully.

Inter-State Learning and Collaboration: Analyzing the experiences of other states can provide valuable insights. For instance, Andhra Pradesh's PESA Rules emphasize tribal land rights, while Maharashtra has implemented conflict resolution mechanisms through Gram Sabhas. Madhya Pradesh can adapt these frameworks to its unique socio-cultural context.

Comparative Analysis with Other States: The implementation of the PESA Act varies significantly state to state. There are numerous lessons that Madhya Pradesh can learn from other states. Andhra Pradesh and Maharashtra are often cited as pioneers in implementing PESA Act.

Andhra Pradesh enacted comprehensive PESA Rules in 2011, focusing on preserving tribal lands and natural resources. This has enabled Gram Sabhas to play a proactive role in safeguarding community assets. Maharashtra has emphasized the resolution of local disputes through Gram Sabha mediation, promoting harmony in tribal areas.

Conversely, states like Jharkhand and Odisha lag behind in fully notifying their PESA laws, limiting the potential benefits of the Act. In Odisha, bureaucratic hurdles and political resistance have delayed the implementation process, while Jharkhand faces challenges in capacity-building and awareness.

For Madhya Pradesh, studying these contrasting experiences can be instrumental. The state has recently made strides with the notification of PESA Rules, but challenges remain in terms of integrating traditional governance systems with modern frameworks.

Drawing from Andhra Pradesh's focus on land rights and Maharashtra's success in community dispute resolution, Madhya Pradesh can develop a hybrid model that addresses its unique socio-political dynamics.

Insights from Betul and Umaria Districts: An analysis of posts from Betul and Umaria highlights several key aspects of PESA implementation at the grassroots level:

1. **Empowerment of Gram Sabhas:** Gram Sabhas in these districts have been entrusted with managing local resources and resolving disputes, promoting self-governance.
2. **Awareness Campaigns:** Workshops and training sessions have been conducted to educate tribal communities about their rights and responsibilities under PESA.
3. **Integration with Traditional Governance:** Efforts are being made to align PESA's provisions with existing tribal governance structures, ensuring cultural sensitivity.
4. **Success Stories:** Villages in Betul have reported improved resource management and conflict resolution under the Act. In Umaria, women-led Gram Sabhas have emerged as key decision-makers.
5. **Government Support:** Local administrations are collaborating with tribal communities to ensure smooth implementation, offering financial and technical support.

Conclusion: The implementation of the PESA Act in Madhya Pradesh presents both challenges and opportunities. Addressing administrative hurdles, enhancing awareness, and leveraging traditional governance structures are pivotal for realizing the Act's objectives. Effective learnings from other states and their experiences can guide Madhya Pradesh in fostering effective tribal self-governance, ensuring that the rights and aspirations of its tribal communities are upheld.

References:-

1. National Institute of Rural Development and Panchayati Raj (NIRDPR). "Status of Implementation and Governance."
2. Biswas, Sudipta. "Implementation of PESA: Issues, Challenges and Way Forwards." International Research Journal of Social Sciences.
3. M. Philip, Prakash, Participation in Local Governance - A Comparison of PESA and Non-PESA Gram Panchayats in Madhya Pradesh
4. Ananth, P. and Kalaivanan, S. , Grassroots Governance In Scheduled Areas In India: The Way Forward Of PESA Act
5. Dr. Nusrat, Rubina, Status of Implementation and Governance Challenges of PESA Act in Extremist Affected Areas: A Study in Chhattisgarh

Online Links :-

1. https://www.facebook.com/profile.php?id=61556067115200
2. https://facebook.com/groups/923147709368733/
3. https://www.facebook.com/profile.php?id=100090774780755

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता पर मोबाइल प्रौद्योगिकी के प्रभाव का विश्लेषण

श्रीमती रश्मि सिंह*

* अतिथि विद्वान (कम्प्यूटर सांइस) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान समय के डिजिटल युग में मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। जैसे स्मार्टफोन और अन्य मोबाइल उपकरणों के माध्यम से लोगों ने कंप्यूटर से जुड़ने के तरीके में महत्वपूर्ण परिवर्तन महसूस किया है। इन प्रौद्योगिकियों ने न केवल संवाद, सूचना प्राप्ति, और कार्यों को आसान बनाया है, बल्कि इनका उपयोग दैनिक जीवन में विभिन्न प्रकार से बढ़ गया है। मानव-कंप्यूटर संपर्क एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मानव और कंप्यूटर के बीच संवाद होता है। यह संवाद विभिन्न प्रकार के उपकरणों और तकनीकों के माध्यम से होता है, जैसे कि कंप्यूटर, मोबाइल फोन और टैबलेट। मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता ने हमारे जीवनशैली को बहुत बदल दिया है।

शब्द कुंजी – मानव-कंप्यूटर संपर्क, मोबाइल प्रौद्योगिकी, ऑनलाइन सेवाएं, ई-कॉमर्स, ई-लर्निंग, टेलीमेडिसिन, सामाजिक अलगाव, मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल उपकरण।

मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता के कारण – मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता के कई कारण हैं। इनमें से कुछ प्रमुख कारण हैं :-

- **तकनीकी प्रगति –** तकनीकी प्रगति ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता को बढ़ावा दिया है। नए और उन्नत उपकरणों और तकनीकों के विकास ने मानव-कंप्यूटर संपर्क को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बना दिया है।
- **इंटरनेट की उपलब्धता –** इंटरनेट की उपलब्धता ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता को बढ़ावा दिया है। इंटरनेट के माध्यम से लोग विभिन्न प्रकार की जानकारी तक पहुंच सकते हैं और ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।
- **मोबाइल उपकरणों की उपलब्धता –** मोबाइल उपकरणों की उपलब्धता ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता को बढ़ावा दिया है। मोबाइल उपकरणों के माध्यम से लोग कहीं भी और कभी भी जानकारी तक पहुंच सकते हैं और ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

इस शोध आलेख का उद्देश्य मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता पर मोबाइल प्रौद्योगिकी के प्रभाव का विश्लेषण करना है। प्रस्तुत शोध आलेख की परिकल्पना यह है कि मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता को बढ़ावा दिया है। जिसका अध्ययन हम प्रस्तुत शोध आलेख में करेंगें। शोध आलेख हेतु हमने मोबाइल प्रौद्योगिकी के प्रभाव के बारे में द्वितीयक स्त्रोत से एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण किया है। हमने पाया है कि मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता को बढ़ावा दिया है। परिणामस्वरूप हमने अपने शोध में पाया कि मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता को बढ़ावा दिया है। इसके परिणामस्वरूप, लोगों की जीवनशैली में परिवर्तन आया है। मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क (Human&Computer Interaction & HCI) को नया आयाम दिया है, लेकिन इसके अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग ने कई नकारात्मक प्रभाव भी उत्पन्न किए हैं। ये प्रभाव व्यक्तिगत, सामाजिक, मानसिक और शारीरिक स्तर पर देखे जा सकते हैं।

मोबाइल प्रौद्योगिकी और मानव-कंप्यूटर संपर्क

- **स्मार्टफोन और टच स्क्रीन –** मोबाइल प्रौद्योगिकी ने स्मार्टफोन के माध्यम से टच स्क्रीन आधारित इंटरफेस को लोकप्रिय किया है। टच स्क्रीन ने उपयोगकर्ताओं को नए और सहज तरीकों से कंप्यूटर और मोबाइल उपकरणों के साथ संपर्क बनाने का अवसर दिया है। यह क्छख का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि इसमें उपयोगकर्ता और उपकरण के बीच सीधे शारीरिक इंटरफेस का उपयोग किया जाता है, जिससे अधिक इंटरैक्टिव और व्यक्तिगत अनुभव मिलता है।
- **वॉयस असिस्टेंट और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (NLP) –** स्मार्टफोन में मौजूद वॉयस असिस्टेंट जैसे गूगल असिस्टेंट, सिरी, और एलेक्सा ने क्छख को एक नई दिशा दी है। इन असिस्टेंट्स का उपयोग करने से उपयोगकर्ता बिना किसी भौतिक संपर्क के अपने मोबाइल उपकरणों को नियंत्रित कर सकते हैं। वॉयस-आधारित इंटरफेस ने कंप्यूटर के साथ संवाद को और अधिक सहज और आसान बना दिया है, जिससे विकलांग लोगों के लिए भी कंप्यूटर उपयोग को सुलभ किया है।
- **मोबाइल ऐप्स और उपयोगकर्ता अनुभव (UX) –** मोबाइल एप्लिकेशन ने क्छख के क्षेत्र में न केवल सुविधा बल्कि उपयोगकर्ता अनुभव को भी महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। मोबाइल ऐप्स की डिजाइन और कार्यक्षमता ने यह सुनिश्चित किया है कि उपयोगकर्ता अपने उद्देश्यों तक आसानी से पहुंच सकें। उदाहरण स्वरूप, सोशल मीडिया ऐप्स, शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स और म्यूजिक स्ट्रीमिंग सेवाएं मोबाइल क्छख के प्रमुख उदाहरण हैं, जो मानव और कंप्यूटर के बीच निरंतर संवाद को बढ़ावा देती हैं।
- **स्मार्टवॉच और पहनने योग्य प्रौद्योगिकियां –** स्मार्टवॉच और पहनने

योग्य तकनीकें भी मोबाइल प्रौद्योगिकी का हिस्सा हैं, जो कख के अनुभव को और अधिक सहज बनाती हैं। ये उपकरण उपयोगकर्ता की गतिविधियों, स्वास्थ्य और स्थिति को ट्रैक करते हैं, साथ ही स्मार्टफोन के साथ जोड़कर उपयोगकर्ता को अधिक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव अनुभव प्रदान करते हैं।

मोबाइल प्रौद्योगिकी के मानव जीवन पर प्रभाव:

- **सामाजिक और मानसिक प्रभाव –** मोबाइल उपकरणों का अधिक उपयोग सामाजिक संबंधों में बदलाव लाता है, क्योंकि लोग अब एक-दूसरे से संवाद करने के लिए अधिक डिजिटल उपकरणों पर निर्भर हो गए हैं। इसके साथ ही, मोबाइल प्रौद्योगिकी का अत्यधिक उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकता है, जैसे कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग चिंता और अवसाद का कारण बन सकता है।
- **सूचना का लोकतंत्रीकरण –** मोबाइल प्रौद्योगिकी ने जानकारी को एक सामान्य उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध कर दिया है। मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से लोग कहीं भी और कभी भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे शिक्षा, व्यवसाय और सरकारी सेवाओं की पहुंच में वृद्धि हुई है।
- **स्मार्ट सिटी और IoT (Internet of Things)** – स्मार्ट सिटी और खढि के तहत, मोबाइल उपकरणों ने HCI को नई दिशा दी है, जहां स्मार्ट उपकरणों और नेटवर्कों के माध्यम से विभिन्न उपकरणों और मशीनों के बीच इंटरैक्शन को बढ़ाया जा रहा है। इस प्रकार, मोबाइल प्रौद्योगिकी और कख का परस्पर संबंध स्मार्ट शहरों के विकास में सहायक हो रहा है।

आज के डिजिटल युग में मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग अत्यधिक बढ़ गया है। स्मार्टफोन और अन्य मोबाइल उपकरणों ने मानव-कंप्यूटर संपर्क (Human &Computer Interaction & HCI) को नया रूप दिया है। यह विश्लेषण मानव के व्यवहार, मानसिकता, और शारीरिक स्वास्थ्य पर मोबाइल प्रौद्योगिकी के प्रभाव को समझने की कोशिश करता है।

- **सोशल मीडिया और ऑनलाइन इंटरएक्शन –** वर्तमान में सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ा है, जो HCI के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक, और ट्विटर ने मानव को ऑनलाइन समुदायों से जोड़ दिया है, जो सीधे उनके व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालते हैं।
- **गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी (VR)** – मोबाइल गेमिंग और VR उपकरणों का बढ़ता उपयोग आज लोगों में HCI की नई परिभाषा पेश करता है। गेमिंग इंटरफेस ने शारीरिक और मानसिक प्रतिक्रियाओं के बीच संबंध को फिर से परिभाषित किया है। गेमिंग के माध्यम से मानव का कंप्यूटर के साथ संपर्क ज्यादा सजीव और इंटरेक्टिव होता है।
- **शैक्षिक उपयोग और सीखने का अनुभव –** स्मार्टफोन और ऐप्स का उपयोग मानव को अध्ययन, जानकारी प्राप्त करने और सीखने में मदद करता है। विभिन्न शैक्षिक ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स ने HCI के इस पहलू को फिर से आकार दिया है। मानवों को मोबाइल उपकरणों पर इंटरेक्टिव लर्निंग और आसानी से उपलब्ध संसाधन मिलते हैं।

मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता पर मोबाइल प्रौद्योगिकी का नकारात्मक प्रभाव – मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क को नया आयाम दिया है, लेकिन इसके अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग ने कई नकारात्मक प्रभाव भी उत्पन्न किए हैं। ये प्रभाव व्यक्तिगत, सामाजिक, मानसिक, और शारीरिक स्तर पर देखे जा सकते हैं।

1. शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

- **आंखों पर तनाव –** स्मार्टफोन और अन्य स्क्रीन उपकरणों का अधिक उपयोग 'डिजिटल आई स्ट्रेन' का कारण बनता है। इससे धुंधली दृष्टि, आंखों की थकान, और सिरदर्द जैसी समस्याएं होती हैं।
- **शारीरिक दर्द** –'टेक नेक' और पीठ दर्द जैसी समस्याएं मोबाइल उपयोग की खराब मुद्रा के कारण आम हो गई हैं।
- **नींद की समस्या –** रात में मोबाइल का उपयोग मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बाधित करता है, जिससे अनिद्रा और नींद की गुणवत्ता खराब होती है।

2. मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

- **डिजिटल एडिक्शन –** स्मार्टफोन की लत उपयोगकर्ताओं में चिंता और अवसाद को बढ़ा सकती है।
- **ध्यान भंग –** मोबाइल पर अत्यधिक समय बिताने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी आती है, विशेष रूप से छात्रों और पेशेवरों के लिए।
- **सोशल मीडिया का दबाव –** सोशल मीडिया पर लगातार तुलना से आत्म-सम्मान पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

3. सामाजिक जीवन पर प्रभाव


- **सामाजिक अलगाव –** मोबाइल पर अत्यधिक निर्भरता लोगों के बीच वास्तविक सामाजिक संपर्क को कम करती है।
- **संचार में दूरी –** डिजिटल संवाद ने पारंपरिक सामाजिक संपर्क और भावनात्मक जुड़ाव को कम किया है।
- **डिजिटल असमानता –** हर किसी के पास मोबाइल उपकरणों की समान पहुंच नहीं होती, जिससे डिजिटल विभाजन बढ़ता है।

4. उत्पादकता पर प्रभाव

- **कार्य में बाधा –** लगातार नोटिफिकेशन और मल्टीटास्किंग की आदत से उत्पादकता में गिरावट होती है।
- **सतही ज्ञान –** मोबाइल उपकरणों पर छोटी-छोटी जानकारी तक सीमित रहना गहन अध्ययन और विश्लेषण को बाधित करता है।

5. डेटा गोपनीयता और सुरक्षा

- **गोपनीयता का उल्लंघन –** मोबाइल प्रौद्योगिकी के उपयोग से उपयोगकर्ता के डेटा का दुरुपयोग हो सकता है।
- **साइबर अपराध –** मोबाइल उपकरण साइबर अपराधों, जैसे हैकिंग, धोखाधड़ी और फिशिंग का शिकार हो सकते हैं।



6. बच्चों और किशोरों पर प्रभाव

- **शैक्षिक प्रदर्शन पर असर –** बच्चों और किशोरों का मोबाइल गेमिंग और सोशल मीडिया पर अधिक समय देना उनके अध्ययन और शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।
- **आक्रामकता और व्यसन –** हिंसात्मक गेम्स और अनियमित मोबाइल उपयोग के कारण आक्रामक व्यवहार और मानसिक समस्याएं बढ़ सकती हैं।

7. पर्यावरणीय प्रभाव

- **ई-कचरा –** मोबाइल उपकरणों का बार-बार अपग्रेड ई-कचरे में वृद्धि करता है।
- **ऊर्जा खपत –** मोबाइल उपकरणों और उनके नेटवर्क्स के संचालन में बड़ी मात्रा में ऊर्जा का उपयोग होता है, जो पर्यावरणीय संकट को बढ़ावा देता है।

मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क में कई सुधार किए हैं, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इन चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूकता, संतुलित उपयोग, और तकनीकी सुधार की आवश्यकता है।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की व्यापकता को बढ़ावा दिया है। इसके परिणामस्वरूप, लोगों की जीवनशैली में परिवर्तन आया है। मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क की प्रकृति में बहुत बदलाव हुआ है। टच स्क्रीन, वॉयस असिस्टेंट, और स्मार्ट उपकरणों के माध्यम से, मानव और कंप्यूटर के बीच संवाद अधिक सहज और व्यक्तिगत हो गया है। हालांकि, इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं, जैसे मानसिक स्वास्थ्य पर इसका असर, जो इस तकनीक के निरंतर उपयोग के साथ बढ़ सकता है। इसलिए, इसे संतुलित और जिम्मेदारी से उपयोग करना आवश्यक है। मोबाइल प्रौद्योगिकी ने मानव-कंप्यूटर संपर्क के तरीके को गहरे रूप से प्रभावित किया है। हालांकि, यह प्रौद्योगिकी मानव को अधिक प्रभावशाली और सशक्त बना रही है, वहीं इसके अत्यधिक उपयोग के कारण मानसिक और शारीरिक समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं।

सुझाव:

1. मोबाइल प्रौद्योगिकी के उपयोग में संतुलन बनाए रखना चाहिए।
2. अधिक सुलभ और सुरक्षित मानव-कंप्यूटर संपर्क के लिए तकनीकी सुधार की आवश्यकता है।
3. मानसिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझते हुए उपयोगकर्ताओं को जागरूक करना चाहिए।
4. डिजिटल डिटॉक्स और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है।
5. मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल प्रौद्योगिकी के प्रभाव को समझने के लिए और अधिक अध्ययन की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. Agarwal, R. (2021). Impact of Mobile Technology on HCI. Springer. pp. 50-72.
2. Anderson, M. (2019). The Impact of Screen Time on Mental Health. Pew Research Center.
3. Bhatia, K. (2019). Human-Centric Design and Mobile Interfaces. Routledge. pp. 15-35.
4. Chandra, S. (2020). Digital Transformation in Education and Health. Wiley. pp. 30-55.
5. Chouhan, A. (2021). Smartphone Addiction and its Effects on Productivity. Elsevier.
6. Gupta, S. (2020). Digital Divide and its Impact. Oxford University Press.
7. Gupta, P. (2022). Mobile Technology and Behavioral Changes. Cambridge University Press. pp. 10-25.
8. Khan, R. (2020). AI and HCI: The Future of Interaction. Elsevier. pp. 45-60.
9. Patel, J. (2022). Behavioral Changes due to Mobile Technology. Elsevier. pp. 45-65.
10. Patel, J. (2022). Health Implications of Overusing Mobile Technology. Springer.
11. Roy, T. (2018). Redefining HCI in the Modern Era. McGraw-Hill. pp. 20-40.
12. Sharma, M., & Gupta, P. (2020). Mobile Technology and Social Interactions. Oxford University Press. pp. 23-40.
13. Sharma, M. (2020). Cybersecurity and Privacy in the Digital Era. Routledge.
14. Singh, A. (2021). Impact of Smart Devices on Society. Palgrave Macmillan. pp. 55-75.
15. Verma, D.(2020). Mobile Applications and User Experience. Taylor & Francis. pp. 35-55.
16. White, J.(2019). Smartphones and Global Connectivity. Routledge. pp. 50-70.
17. Yadav, K. (2020). Mental Health and Technology Use. Springer. pp. 15-30.
18. Zafar, A. (2021). Future Trends in Mobile HCI. Elsevier. pp. 40-65.
19. Zhang, L. (2019). Human-Computer Interaction in Education. Springer. pp. 25-50.
20. Zhou, M. (2020). Global Perspectives on HCI. Cambridge University Press. pp. 30-55.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कबीर के राम व तुलसी के राम: एक अध्ययन

डॉ. डी.पी. चंद्रवंशी*

* सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) भारत

शोध सारांश – राम एक व्यापक शब्द है जिसकी व्याख्या संतजन अपनी-अपनी दृष्टि से कहते आ रहे हैं, किन्तु उसका सार एक ही है केवल परमपिता परमेश्वर जो जीव रूपी माया को सन्मार्ग प्रदान कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। विभिन्न जाति, वर्ग, धर्म, समाज चाहे परमपिता को भिन्न-भिन्न नामों से वाच्य करे पर वस्तुत: निष्कर्ष एक ही है वह है- राम। कबीर व तुलसी ने अपनी रचनाओं में राम के सार्थकता को गहनता से संस्पर्श किया है इसी कारण भक्ति काल में राम नाम का जाप अप्रतिम है।

कबीर के राम- निर्गुण राम – कबीर के राम निर्गुण निराकार पारब्रह्म परमेश्वर थे। वे जिस माध्यम से अपने अनुभूत सत्य को प्रकट करना चाहते है वह उन्हें परम्परा, समाज, धर्म-चेतना के वाहक योगियों, सूफियों, पंडितों, वैष्णवों, मुल्ला-मौलवियों से प्राप्त हुई थी। उन्होंने परम तत्व के लिए राम, हरि, गोविंद, निरंजन, केशव, विष्णु, नाथ, गोपाल, सहज, शून्य, मुरारि, करीम, रहीम, अल्लाह, आदि शब्दों को प्रयोग किया है।

कबीर के राम- सर्वव्यापी विराट स्वरूप – परमार्थ सिद्धि हेतु कबीर के राम थे। कबीर के राम परम चैतन्य है, निर्गुण है। अचार्य शुक्ल ने शंकर वेदांत के निर्गुण ब्रह्म को ही कबीर का निर्गुण राम समझा है, किन्तु कबीर के राम केवल शंकर वेदांत के निर्गुण ब्रह्म के समान नहीं है। निर्गुण ब्रह्म विश्व का चैतन्य अधिष्ठान है। वह सर्वथा निष्क्रिय है। समष्टि अज्ञान अथवा माया से उपहित होकर सगुण ब्रह्म कहलाता है। कबीर के राम सर्वव्यापी विराट चेतना के प्रतीक हैं।

कबीर के राम घट-घट में व्याप्त हैं- कबीर के राम विश्व व्यापी हैं तो विश्व अतीत भी हैं। वह अवर्ण हैं किंतु सभी वर्ण उसी के है। वह अरूप है किंतु सभी रूप उसी के हैं। वह देश काल से परे राम है। जिसका न तो आदि है और न ही अंत है, कुछ अंश में वेदांत के निर्गुण ब्रह्म से मिलता है।

'संतो धोखा काजूँ कहिए।
गुन में निरगुन, निरगुन में गुन घाटि छाँड़ि क्यूँ रहिए।
अजर अमर कहँ सब कोई अलख न कथणां जाई।
नाति-स्वरूप-वरण-नहिं जाके घटि-घटि रहौ समाई।'

तो क्या कबीर के राम वेदांत ईश्वर के समान है? यह भी नहीं कहा जा सकता। वेदान्त का ईश्वर समष्टि ज्ञान से उपहित है और वह तत्व गुण प्रधान है।

कबीर का अरूप राम प्रत्येक रूप में प्रत्येक आकार में, प्रत्येक शरीर में रम रहा है। वह सबके भीतर सहज रूप में प्रतिष्ठित है। वह भावात्मक निर्मुक्त है किंतु प्रेम द्धारा सहज ही उससे मिलन हो सकता है-

'कहाँ न उपजै उपजां नाहिं, जाणै भाव अभाव बिहूना।
उदै-अस्त जहाँ मति-बुझि नाहीं सहजि राम त्यौ लीना।।'

कबीर के राम असीम है- कबीर ने केशव, हरि, गोविंद, राम इत्यादि प्रचलित शब्दों का व्यापक ईश्वर के अर्थ में प्रयुक्त किया है। पौराणिक अवतार नहीं माना है। उन्होंने कहा है-

'दशरथ सुत तिहूँ लोक बखाना।
राम नाम का मरन है आना।।'

उनके राम दशरथ सुन न होकर विश्वव्यापी राम है। वह ससीम नहीं असीम है।

'तेहि साहब के लागहु साधा दुई दुख मोहि के रहहु अनाथा
दशरथ कुल अवतरि नाहिं आया नाहि लंका के राव सताया।
नहिं देवकी के गर्भ ही आया, नहीं जसोदै गर्भ खेलाया।
पृथिमी खन दवन नाहिं करिया, पैठि पताला नाहि बालि छलिया।।'

कबीर के अनुसार आत्मा और राम एक है-

'आतम राम अवर नहीं दूजा'

कबीर ने परमतत्व को निर्गुण राम कहा है वह अज्ञेय है। उसकी गति लक्षित नहीं है। उसका मर्म कोई नहीं जान सकता है।

'निरगुण राम निरगुन राम जपहु रे भाई।
अविगति की गति लखि न जाई।।
चारि वेद जाके सुमृत पुराना नौ त्याकरणां मरण न जाना।'

उनका निरंजन माया रहित है। वह न जन्म लेता है न मरता है। न रूपरेखा है न वर्ण है। वह निर्भय निराकार अलख निरंजन है।

'अलख निरंजन लखै न कोई, निरभै निराकार है सोई।
कारन अबटन कथ्यौ नहिं जाई।
सकल अतीत घट रहौ समाई।'

कबीर के राम अगम अगोचर- कबीर ब्रह्म ज्ञान रूवरूप राम की उपासना करते हैं। उन्हें खोजने की जरूरत नहीं है। वह अगम है अगोचर है वह अनुभूति है।

'तो साहिब के लागौ साथा, दुख सुख मेटिजौ रहयौ-अनाथा।
न दशरथ घरि औतरि आवा।
न लंका का राव सतावा।।'

तुलसीदास जी के राम- राम के अनन्य भक्त तुलसीदास सगुणोपासक थे। उनके राम दशरथ पुत्र अयोध्यावासी श्रीराम है। तुलसी के राम मूलत:, निर्गुण

ब्रह्म है जो सगुण रूप में प्रकट हुए हैं। तुलसी के राम शील, शक्ति और सौंदर्य रूपी है। धर्म रक्षार्थ वे संसार में सगुण स्वरूप में आए हैं। तुलसी दास जी कहते हैं–

'जब जब होई धरम कै हानि।
बाढ़हि असुर अधम अभिमानी।
तब–तब प्रभु धरि विविध सरीरा।
हरहि कृपानिधि सज्जन पीरा।।'

तुलसी के राम लोक उपासना को महत्व देते हैं– तुलसी के राम लोकनायक है। शील, सौम्यता के भंडार हैं। भगवान राम के चरण वंदन करते तुलसी दास कहते हैं–

'जाऊँ कहाँ तजि चरण तुम्हारे।
निदरिगनी आदर गरीब पर करत कृपा अधिकारी।
कौन देव राई बिरदहित हठि–हठि दीन उधारे।'

तुलसी के राम सुंदर, सुशील व मनमोहक है। वे भक्त–वत्सल है। भक्त प्रार्थना को सुनने वाले हैं। सुंदरता में कामदेव भी लज्जित हो जाते है। वे मर्यादा पुरूषोत्ताम है। तुलसीदास जी भगवान राम के बचपन का वर्णन इस प्रकार करते हैं–

'खेलत बसन्त राजाधिराज।
देखत नभ रौतुक सुर समाज।।
सोहै सखा अनुज रघुनाथ साथ।
झेलिन्ह अबीर पिचकारी हाथ।।
नर–नारि परस्पर गारिदेत।
सुनि है सहि राम भाईन समेत।।'

निष्कर्ष– कहा जा सकता है कि कबीर निर्गुण राम के उपासक है तो लोक कल्याण एवं धर्मरक्षा संस्थापक राम के उपासक तुलसी दास। तुलसी के राम दशरथ पुत्र है तो कबीर के राम अजन्मा, अनंत व निराकार हैं। जन्म–मृत्यु के बंधन से मुक्त परे हैं। जबकि तुलसी के राम जन्म–मृत्यु के बंधन में बंधे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. शुक्ल आचार्य रामचंद्र हिन्दी साहित्य का इतिहास नागरी प्रचारिणी सभी काशी 1929
2. दास बाबू श्याम सुंदर कबीर ग्रंथावली 1928
3. द्विवेदी हजारी प्रसाद कबीर 1942
4. दास तुलसी– रामचरितमानस– गीताप्रेस गोरखपुर।
5. दास तुलसी– विनय पत्रिका।
6. दास तुलसी– कवितावली।
7. सिंह जयदेव– कबीर वाणी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Impact of Credit Rating Affirmation and Upgrade on Share Prices in the Short Term

Manish Kumar Gupta* **Dr. Navneet Kaur Bhatia****

*Research Scholar, International Institute of Professional Studies (IIPS), DAVV, Indore (M.P.) INDIA
** Assistant Professor, International Institute of Professional Studies (IIPS), DAVV, Indore (M.P.) INDIA

Abstract - This study investigates the short-term impact of credit rating affirmations and upgrades on share prices using an event study methodology. The analysis focuses on Average Abnormal Returns (AAR), Cumulative Average Abnormal Returns (CAAR), and the statistical significance of AAR (t-values) over a 41-day event window (-20 to +20 days). The findings reveal that credit rating upgrades generate stronger and statistically significant abnormal returns, particularly around key days such as Day -10, Day 18, and Day 19, highlighting the market's positive reaction to favourable rating changes. In contrast, credit rating affirmations exhibit relatively smaller and less significant abnormal returns, suggesting limited new information for investors. This differential response underscores the greater informational value of upgrades compared to affirmations. The results provide insights for investors, policymakers, and market participants on how credit rating announcements influence short-term share price movements and market efficiency.
Keyword: Credit Rating, Rating Upgrade, Rating Downgrade, Rating Affirmation.

Introduction - The requirement for financing has grown as a result of the remarkable expansion of the Indian manufacturing sector. Companies must float a variety of financial instruments on the capital market in order to raise capital. As economies become more integrated, Indian businesses can now, you can raise money from anywhere in the world. These days, investors purchase securities issued by both domestic and foreign corporations. Today's investors invest in both domestic and foreign companies' products. The introduction of new financial products, such as asset-backed securities and financial derivatives, has made it harder for investors to understand and analyse complex terms when making investment decisions. As a result, it is essential that they have access to trustworthy information about the issuer's creditworthiness from a well-regulated source. Credit rating agencies were established to help these investors make informed decisions by evaluating the borrowers' credit standing and providing pertinent information about the company's financial strength. Investors now need reliable information from a trustworthy and regulated source regarding the issuer's creditworthiness because the introduction of new financial instruments like asset-backed securities and financial derivatives has made it more difficult for them to understand and analyse complex terminologies when making investment decisions. Credit rating agencies were established to help these investors make accurate investment decisions by evaluating the borrowers' credit standing and supplying pertinent information about the company's financial strength. When evaluating their clients' creditworthiness, credit rating agencies take into account a wide range of business and financial factors. Investors react to changes in credit rating.

Literature Review: The effect of credit rating upgrades and downgrades on stock returns has been the subject of numerous research using event study methods. The importance of credit rating changes for bond and equities market investors was examined by Afik et al. (2014). According to the study, both markets only react to downgrades and not to announcements of favourable ratings.

Emawtee and Robert (2014) investigated the connection between credit risk and stock returns in the Australian and Japanese capital markets. The analysis found a direct correlation between upgrades and stock returns.

Jones and Marquis (2013) investigated the connection between stock returns and rating changes over a 12-year period using 43 US banks. The study came to the conclusion that downgrades are strongly correlated with negative abnormal returns, while upgrades and downgrades are correlated with positive abnormal returns in the post-announcement period.

Sachdeva et al. (2013) examined 12 Indian banks in order to investigate the relationship between rating changes and stock return movement. It was discovered that upgrades had a greater effect on stock returns than downgrades. Additionally, it was discovered that when it comes to upgrades, banks with larger market capitalization yield

higher returns than those with smaller market capitalization.

Calderoni et al. (2009) examined the effects of rating actions on the stock markets of twelve European countries over a five-year period. Using the t-test, event research technique, and statistic, it was discovered that downgrades have a greater impact on stock returns than upgrades.

Doron et al. (2009) investigated why a highly hazardous firm produces lower returns rather than higher returns by analyzing the monthly returns of all companies registered on US stock exchanges. The stock of a company with a better credit rating was proven to yield a higher return than the stock of a company with a lower credit rating.

Winnie and Kam (2008) examined how rating changes affected Chinese companies' stock returns. The findings indicated that the market responds well to such announcements and that the ratings provided by the agencies had informative value.

Adam et al. (2007) examined how rating adjustments affected Australian stock prices. According to the study's findings, stock prices rise when an upgrade occurs and decrease when a downgrade occurs, and the announcement effect is significant for small businesses.

Linciano (2004) examined 299 rating adjustments and how they affected the pricing of Italian stocks. It was determined that ratings are a better informational resource for long-term investors who want to see their investment increase than for small investors.

Li et al. (2004) studied how the Iranian stock market responded to rating adjustments. It was determined through an event study and a cross-multivariate regression test that the stock market only receives useful information from downgrades.

Objective of the study:

1. To analysis the impact of credit rating affirmation on share price in short-term.
2. To analysis the impact of credit rating upgrade on share price in short-term.

Methodology: The event research methodology is used to determine how credit rating upgrades and downgrades affect stock returns and to determine whether a company's share prices fluctuate more than anticipated before and after rating announcement.

The steps followed in event window methodology are as follows:

Defining the Event: The day of the credit rating release was chosen to conduct the event study. Only ratings downgrades and upgrades pertaining to long-term debt ratings were considered. For the study, only the ratings issued by the main three Indian credit rating agencies—ICRA Ltd., CRISIL Ltd., CARE and India rating.—were employed.

Choosing the Companies to carryout the Research: the 15 Small companies has been selected for research purpose which were listed on Indian stock exchange and their market capitalization below 5000 cr. As on 2024.

Defining the Estimation Window, Event Window and Post-Event Window:

a. Estimation window of 210 days prior to the event window was chosen in order to compute the two parameters, i.e., beta (an indicator market risk) and the Intercept.
b. Event window is of 20 days prior to the event day.
c. Post-event window is of 20 days after the event day

Analysis of data:

Finding of the study: Following data collection, an event window statistical technique is applied. The event window has a length of 61 days (30 days before the event occurs, 30 days following the event), and the estimation window has a duration of 210 Days. Several tests have been applied to the data using MS Excel, yielding the following results.

Table-1 (See in last page)

Result Analysis Credit Rating Affirmation: The findings of the current study, as presented in the above table, include the Average Abnormal Return (AAR), Cumulative Average Abnormal Return (CAAR), and the t-value for AAR. The AAR is calculated by subtracting the expected return from the actual return, resulting in the average abnormal return. The results indicate that the AAR is positive for most of the pre-event window, suggesting that these firms often experienced positive abnormal returns before the event. This trend may be attributed to potential information leaks regarding the share buyback announcement, which influenced share prices during the pre-event window. In contrast, during the post-event window companies generally exhibited mixed abnormal returns. The t-value is not significant for none of the event window.

Result Analysis for Credit Rating Announcement: The findings of the current study, as presented in the above table, include the Average Abnormal Return (AAR), Cumulative Average Abnormal Return (CAAR), and the t-value for AAR. The AAR is calculated by subtracting the expected return from the actual return, resulting in the average abnormal return. The results indicate that the AAR is negative for most of the pre-event and post event window, suggesting that these firms often experienced negative abnormal returns. The t-value is not significant for majority of event window.

Conclusion: Credit Rating Affirmation has a modest and relatively stable impact on stock prices. The market seems to anticipate the affirmation with small abnormal returns around the event window, but the reaction is statistically insignificant. Credit Rating Upgrade triggers more pronounced and statistically significant market reactions. Positive abnormal returns are observed on specific days (e.g., Day 10 and Day 18), indicating that upgrades convey meaningful new information to investors. The study conclude that credit rating affirmation and upgrade did not affect the share price significantly in short term because majority of window days had not a t-value greater than 1.96 in either way.

References:-

1. Adam C, Luke G and Anthony R J (2007), "The Impact of Rating Changes in Australian", Pacific-Basin Finance Journal, pp. 1-17.
2. Afik Z, Feinstein I and Galil K (2014), "The (Un) informative Value of Credit Rating Announcements in Small Markets", Journal o f Financial Stability, pp. 66-80.
3. Calderoni F, Colla P and Gatti S (2009), "Rating Changes Across Europe", Working Paper, Bocconi University, available at http://dx.doi.org/10.2139/ssrn.1515988.
4. Doron A, Tarun C, Gergana J and Alexander P (2009), "Credit Ratings and the CrossSection of Stock Returns", Journal o f Financial Markets, pp. 469-499.
5. Emawtee B B and Robert B (2014), "The Credit Risk-Retum Puzzle: Impact of Credit", Pacific'Basin Finance Journal
6. Jones E and Marquis Q M (2013), "The Stock Market Reaction to Changes to Credit Ratings of US-Listed Banks", Centre for Finance and Investment Discussion Paper Series DP2013-AEF03, British Accounting and Finance Association (BAFA) Scottish Area Group Conference, September. Retrieved from http://dx.doi.org/10.2139ssrn.2331914
7. Li X H, Visaltanachoti N and Charoenwong C (2004), "Market Reaction to Credit Rating Announcements in the Irish Stock Markets". Retrieved from http://ssm.com abstract=488243 or http://dx.doi.org/10.2139/ssrn.488243
8. Linciano N (2004), "The Reaction of Stock Prices to Rating Changes", available at www.ssrn.com.
9. Sachdeva S, Gupta A and Kapoor A (2013), "Monitoring Abnormality in Returns Around Credit Rating", Journal o f Commerce and Management Thought, Vol. 4, No. 3. Retrieved from http://papers.ssrn.com/sol3/papers.cfm?abstract_id= 2269506
10. Winnie P P and Kam C C (2008), "An Empirical Examination of the Informational", Journal o f Business Research, Vol. 61, No. 7 (July), PP- 790-797.

Table-1: Summary of AAR, CAAR, and t-test for Credit Rating Announcements

	Credit Rating AFFIRMATION			Credit Rating UPGRADE		
	AAR	CAAR	T-Value of AAR	AAR	CAAR	T-Value of AAR
-20	0.002841	0.0028409	0.2140467	-0.00097	-0.00097	-0.136987791
-19	0.003256	0.0060967	0.4593519	-0.00922	-0.01019	-1.297201217
-18	0.010436	0.0165323	1.2456245	-0.00268	-0.01287	-0.376391614
-17	0.009296	0.0258279	1.9459961	-0.01022	-0.02309	-1.437986907
-16	-0.00597	0.0198535	1.495856	-0.01004	-0.03313	-1.412245293
-15	0.004624	0.0244778	1.8442709	-0.01111	-0.04424	-1.563696385
-14	-0.00645	0.0180279	1.3583103	-0.01623	-0.06048	-2.283741764
-13	-0.00048	0.0175475	1.3221097	-0.00062	-0.06109	-0.086974014
-12	-0.00312	0.0144236	1.0867452	0.018898	-0.0422	2.658627147
-11	0.005914	0.0203373	1.5323091	-0.00118	-0.04338	-0.166585593
-10	-0.00289	0.0174448	1.314371	0.021502	-0.02188	3.025033638
-9	0.000363	0.0178076	1.3417114	0.000236	-0.02164	0.033183376
-8	0.005715	0.023523	1.7723366	-0.00427	-0.02591	-0.600666217
-7	-0.00408	0.0194384	1.4645804	-0.0125	-0.03842	-1.758890862
-6	-0.0007	0.0187342	1.4115231	0.004269	-0.03415	0.60063628
-5	-0.00894	0.009799	0.7383053	-0.00499	-0.03914	-0.702624079
-4	-0.01554	-0.005741	-0.4325422	0.001259	-0.03788	0.177082919
-3	-0.0091	-0.014842	-1.1182987	-0.00141	-0.03929	-0.198319698
-2	0.009048	-0.005795	-0.4366133	-0.00894	-0.04823	-1.257545917
-1	-0.00704	-0.012838	-0.967309	0.004762	-0.04347	0.669972901
0	0.004114	-0.008724	-0.6573343	-0.00167	-0.04514	-0.234816339
1	0.003213	-0.005511	-0.4152463	0.008759	-0.03638	1.23224053
2	0.000299	-0.005212	-0.3926928	-0.00239	-0.03877	-0.336443697
3	0.00096	-0.004252	-0.3203862	-0.00373	-0.0425	-0.52526978
4	0.007443	0.0031908	0.2404128	-0.00261	-0.04511	-0.366554173
5	-0.00484	-0.00165	-0.1243276	0.00401	-0.0411	0.564108898
6	0.002871	0.0012212	0.0920145	-0.01201	-0.05311	-1.689792417
7	-0.00577	-0.004545	-0.3424147	0.007163	-0.04595	1.007778938
8	-0.0013	-0.005844	-0.4403022	0.001857	-0.04409	0.261200552
9	0.00467	-0.001174	-0.088478	0.004966	-0.03912	0.698708358
10	0.009894	0.00872	0.6570094	0.01148	-0.02764	1.615022284
11	-0.00199	0.0067347	0.5074269	-0.00467	-0.03232	-0.657237218
12	-0.00015	0.006589	0.4964467	-0.00716	-0.03948	-1.007318718
13	-0.00114	0.0054533	0.4108772	0.001511	-0.03796	0.212630881
14	0.007597	0.0130506	0.9832942	-0.00692	-0.04489	-0.974102309
15	0.001191	0.0142416	1.0730264	0.011557	-0.03333	1.625908317
16	0.002421	0.0166626	1.2554414	-0.00066	-0.03399	-0.092297629
17	-0.00591	0.010751	0.8100312	0.005948	-0.02804	0.836731674
18	-0.00178	0.0089703	0.6758679	0.021736	-0.0063	3.058011065
19	0.01329	0.0222605	1.6772137	0.016106	0.009802	2.265839689
20	-0.00536	0.0169039	1.2736228	0.008167	0.01797	1.149040858

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आचार्य बच्चूलाल अवस्थी : एक दैदीप्यमान नक्षत्र

श्रीमती राजश्री जोशी*

* शोध छात्र, संस्कृत अध्ययनशाला, सुमन मानविकी भवन, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में परिगणित होती है। यह जितनी पुरानी है इसका साहित्य उतनी ही नवीनता लिये हुये है। रामायण, महाभारत एवं पुराण आदि सभी साहित्य इस संस्कृत भाषा में ही निबद्ध हैं। आज भी उत्कृष्ट साहित्य सृजन इस भाषा में सृजित किया जा रहा हैं।

अर्वाचिन कवि भी आज की सामाजिक परिस्थितियों व वातावरण को संस्कृत भाषा में अत्यन्त सरलता व सहजता से अपनी रचनाओं में स्थान देते हैं।

सरकारी इमारतें जला दी गयीं। रेल की पटरियों को उखाड़ दिया गया एवं टेलीफोन के तार काट दिये गये। दमन की कार्रवाई के फलस्वरूप अनेक रेलगाड़ियाँ बंद कर दी गयीं। हजारों स्थानों पर मजदूरों ने और किसानों ने हड़तालें कीं, जिस पर जनता ने भारी अर्थदण्ड लगाया। सरकार ने गांधी जी को इन सब कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया। 10 फरवरी, 1942 को गांधी जी ने उपवास शुरू किया। भारत में भी देशवासियों के हृदय में ब्रिटिश शासन के कार्यों से क्षोभ उत्पन्न हुआ। 21 दिन के उपवास के बाद सन् 1942 को बीमार अवस्था मे उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। इस आंदोलन ने भारत की स्वतंत्रता को बहुत निकट ला दिया।

बड़वानी जिले में भारत छोड़ो आंदोलन – बॉम्बे से प्रारंभ होकर भारत छोड़ो आंदोलन वर्तमान बड़वानी जिला क्षेत्र में भी पहुंचा। बड़वानी जिला क्षेत्र में भी उस दौरान अनेक गांधीवादी स्वतंत्रता सेनानी सक्रिय रहे। श्री मीठूलाल जैन, श्री शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, श्री रामरतन शर्मा श्री बाबूलाल सोनी, श्री प्रभुदयाल चौबे, श्री घनश्याम मुवेझा, श्री दयाराम घोडे, श्री सूरजमल लुक्कड़, श्री धन्नालाल कालुसा, श्री नत्थुप्रसाद पटेल, श्री रामचंद्र कुमरावत, श्री काशीनाथ त्रिवेदी, श्रीमती कलावती बाई पति काशीनाथ त्रिवेदी, श्री नारायण परसाई, श्री मंशाराम वर्मा, श्री नारायण सोनी, श्री मंगल प्रसाद श्रीवास्तव एवं श्री दशरथ सोनी का नाम बड़वानी जिले के कलेक्टर कार्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानी के रूप में दर्ज है। इनके अलावा श्री नारायण चौबे जैसे अनेक व्यक्तित्व हुए, जिन्होंने आज़ादी के लिए प्रयास किया।

बड़वानी में राष्ट्रीय स्वाधीनता की जागृति का श्रेय श्री नत्थुप्रसाद पटेल, श्री मशांराम वर्मा, श्री नर्मदा प्रसाद चतुर्वेदी, श्री राजीव लोचन पानवाला, श्री महेन्द्र नागर, श्री काशीनाथ त्रिवेदी, श्री विश्वनाथ खेड़े आदि स्वतंत्रता प्रेमियों ने अपने प्रयत्नों से और प्रेरणा से भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था।

1. **सेवादल की स्थापना–** 1928 में श्री नत्थुप्रसाद पटेल ने श्री राजीव लोचन पानवाला आदि के साथ राजघाट बड़वानी में सेवादल की स्थापना की। इस दल ने बड़वानी की जनता में आज़ादी के लिए संघर्ष करने के लिए आन्दोलन की शुरूआत की। बड़वानी की जनता में उनका यह कार्य स्वतंत्रता की जागृति का एक महान कार्य था। उन्होंने अंग्रेजी सत्ता की दमनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध अहिंसात्मक आंदोलन किया। अंग्रेजी शासन के दमन स्वरूप संग्राम सेनानियों ने भारी अत्यचार और यातनाओं को सहन किया था। स्वतंत्रता सेनानियों ने गाँव–गाँव भ्रमण कर गांधी जी के भारत छोड़ो आंदोलन को सफल बनाने के लिए जी–तोड़ मेहनत की।

2. **प्रजामंडल का गठन –** सन् 1938 में बैजनाथ जी और विश्वनाथ खोड़े की प्रेरणा से सेंधवा में प्रजामंडल का गठन किया। प्रजामंडल गठन के प्रमुख कार्यकर्ता दशरथ सोनी, रामरतन शर्मा, प्रभुदाल चौबे के अतिरिक्त स्वतंत्रता प्रेमी अनेक नवजवानों ने प्रजामण्डल की गतिविधियों में भाग लिया।

सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में श्री रामरतन शर्मा ने प्रजामण्डल की गतिविधियाँ संचालित करते हुए नेतृत्व संभाला। 18 अगस्त, 1942 को संपूर्ण सेंधवा की जनता को संगठित किया गया और जगह–जगह आमसभाएँ आयोजित की गई। जनता ने इसमें काफी उत्साह से भाग लिया और भारत छोड़ो आन्दोलनों को सफल बनाने के लिए स्वतंत्रता प्रेमियों ने काफी परिश्रम किया।

3. **लोक परिषद की स्थापना–** श्री काशीनाथ त्रिवेदी ने अपने प्रयत्नों ने राज्य लोक परिषद् की स्थापना की थी जिसके अन्तर्गत समाज सेवा के रूप में हरिजन सेवा प्रारंभ की ताकि जनजीवन में जातिगत भेदभाव को निर्मूल करना था।

4. **विदेशी वस्त्रों की होली जलाना–** वर्तमान अंजड़ तहसील में भारत छोड़ो आंदोलन के प्रभाव में नौजवानों ने उत्साहपूर्वक विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। युवकों ने ब्रिटिश सत्ता को उखाड़ने के लिए जनजागृति की भावना जनता में भरी। देशभक्त युवकों ने सामूहिक प्रयास से विदेशी वस्तुओं की बिक्री बंद करवा दी। घर–घर जाकर विदेशी वस्त्र इकट्ठे किये और उन्हें सामूहिक रूप से जला दिया गया।

5. **जुलूसों एवं सभाओं का आयोजन –** श्री रामरतन शर्मा ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किया था। प्रतिदिन जुलूस निकालना, शराब की दुकानों पर पिकेटिंग करना, गाँव–गाँव में घूमकर जन जागृति का काम करना, आदि कार्यों में वे हमेशा संलग्न रहे।

गांधीजी के विचारों जन–जन तक पहुंचाने के लिए जगह–जगह सभाएँ की गई। धरने दिये गये। समय–समय पर इन्दौर व खरगोन के श्री खादीवाला, श्री मूलचंद उपाध्याय, श्री कृष्णकान्त व्यास, प्रो.यार्दे, श्री विश्वनाथ खोड़े आदि लोगों ने आकर लोगों को आज़ादी के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी।

बड़वानी नगर में श्री काशीनाथ त्रिवेदी, श्रीमती कलावती त्रिवेदी, श्री रामचंद्र कुमावत, आदि की जन्मस्थली थी। उन्होंने बड़वानी से ही उन्होंने स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध आज़ादी लड़ाई लड़ी। 1942 में ठीकरी के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी श्री धन्नालाल महाजन ने आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

6. **ग्राम ओझर में आंदोलन का प्रसार –** बड़वानी से सेंधवा नागलवाड़ी मार्ग पर ओझर नाम का कस्बा आता है। ओझर सेंधवा से 22 कि.मी. दूर स्थित है। रियासतकालीन में नागलवाड़ी राजस्व केन्द्र था इसलिए ओझर होते हुए नागलवाड़ी आना–जाना अक्सर होता था। स्वतत्रता आंदोलन के समय ओझर के नारायण सोनी और नारायण चौबे ने सक्रिय भूमिका निभाई थी जिसमें विदेशी दुकानों पर धरना, प्रतिदिन रेलियाँ निकालकर लोगों को स्वदेश प्रेम की बातें सिखाना जैसे उल्लेखनीय कार्य इन्होंने किया।

प्रजामण्डल में सक्रिय योगदान और आन्दोलनकारियों के साथ पूरा–पूरा सम्पर्क नारायण चौबे ने बरकरार रखा। अपने अभिन्न मित्रों के साथ उन्होंने नवयुवकों देश प्रेम हेतु प्रेरित किया। नारायण चौबे भारत छोड़ो आंदोलन से संबंधित गतिविधियों को संचालित करने के कारण कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं लगे और कभी गिरफ्तार भी नहीं हुए।

2 अक्टूबर, 1942 तक नगर में प्रतिदिन सभा, प्रभातफेरी, सूत कातना, रामायण कथा तथा राष्ट्रीय भजनों का कार्यक्रम संचालित रहा।

7. **सेंधवा में आंदोलन का प्रसार –** बड़वानी जिले के सुप्रसिद्ध नगर सेंधवा के शीर्ष नेतृत्व के गिरफ्तार हो जाने पर सेंधवा के नवयुवकों ने आन्दोलन की बागडोर अपने हाथ में ले ली, जिनमें बाबूलाल सोनी, श्री विश्वनाथ गुप्ता, श्री राजाराम सोनी, श्री सालिगराम कानूनगो, श्री मगनलाल गर्ग, श्री सीताराम सोनी, श्री विनायक जोशी आदि स्वतंत्रतावीरों ने श्रीकृष्ण वाचनालय में आयोजित सभा में आन्दोलन को और अधिक तीव्र करने का संकल्प किया। 10 अगस्त, 1942 को अनेक छात्रों ने हड़ताल की, जुलूस निकाले। प्रजा मण्डल के स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिकों ने भी आंदोलन में भाग लिया। सार्वजनिक भवनों पर तिरंगा झण्डा फहराया। 19 अगस्त,

1942 को प्रजामण्डल का सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ। इस समय अनेक नेताओं को बंदी बनाया गया।

स्थानीय पुलिस से दमन के अनेक काम शुरू किये। आन्दोलन से संबंधित साहित्य को अवैध मानते हुए उन्हें जप्त करना, प्रजामण्डल की साइक्लोस्टाइल प्रतियों को नगर की दीवारों पर चिपकाना, आदि गतिविधियाँ आंदोलनकारियों ने निरन्तर जारी रखी।

बड़वानी जिले में भारत छोड़ो आंदोलन का मूल्यांकन – इस तरह स्पष्ट है कि महात्मा गाँधी के प्रभाव से बड़वानी में भी भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई थी। सर्वप्रथम इस राष्ट्रीय जागृति में नत्थुप्रसाद पटेल, मंषाराम वर्मा, नर्मदा प्रसाद चतुर्वेदी, राघव लोचन पानवाला, महेन्द्र नागर, काषीनाथ त्रिवेदी आदि ने विश्वनाथ खोड़े के नेतृत्व में 1942 भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ किया।

इन स्वतंत्रता सेनानियों ने सेंधवा व आसपास के ग्रामीणजनों को देषभक्ति की प्रेरणा दी। जगह–जगह आमसभाएँ करके जनता को आंदोलन के लिए प्रेरित किया। सेंधवा और आसपास के नवयुवकों ने संगठित कर मध्यरात्रि को टेलिग्राफ के तार काटकर संचार व्यवस्था को ठप्प करने का काम किया। श्री जमनालाल शाह, श्री किशन काले, श्री नागेश गुप्ता ने मिलकर नगर स्थित किले की प्राचीर पर राष्ट्रीय झण्ड फहराया। देश प्रेम की गाथाओं ने समूह गान कर जनता को राष्ट्रभक्ति के प्रति प्रेरित किया।

उपसंहार – इस तरह बड़वानी जिले में अनेक स्थानों पर भारत छोड़ो आंदोलन में क्रांतिकारियों ने भाग लिया। क्रांतिकारियों ने जगह–जगह आम सभाएँ की जिसमें जन आंदोलन आम जनता का आंदोलन बन गया। सभी क्रांतिकारियों ने जन जागृति के रूप में विदेशी वस्त्रों की होली जलाना, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना, स्वदेशी वस्तुओं का अधिकतम उपयोग करना आदि के लिए जनता को प्रेरित किया। नवयुवकों ने 'करो या मरो' जैसे नारों का जनता में प्रचार किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. महात्मा गांधी द्वारा श्री काशीनाथ त्रिवेदी को लिखे गये तीन पत्र।
2. महात्मा गांधी द्वारा श्रीमती कलावती काशीनाथ त्रिवेदी को लिखे गये तीन पत्र।
3. प्रजा मण्डी द्वारा बनाए गए कार्यक्रम की प्रति।
4. केन्द्रीय जेल इन्दौर के अधीक्षक का मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र।
5. कलेक्टर कार्यालय, जिला बड़वानी में उपलब्ध स्वतंत्रता सेनानियों की सूची।
6. बेग डॉ. इस्मोईल अली, पश्चिम निमाड़ में स्वतंत्रता आंदोलन, शोध पुस्तक।
7. महाजन, विद्याधर, आधुनिक भारत का इतिहास, एस चन्द एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली, 1999.
8. मिश्र डॉ. सुरेश एवं श्रीवास्तव भगवान दास, मध्य प्रदेश के रणबंकुरे, स्वराज संस्थान संचालन, भोपाल, 2007.
9. सिंह डॉ. रघुवीर, मालवा में युगांतर।
10. ठाकुर डॉ. मंगला, बड़वानी राज्य का इतिहास प्रारंभ से लेकर 1947 तक, विक्रम विश्व विद्यालय, उज्जैन को प्रस्तुत शोध प्रत्र।
11. पश्चिमी निमाड़ गजेटियर।
12. बड़वानी स्टेट गजेटियर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत चीन के मध्य आर्थिक संबंधो का अध्ययन

रोहित*

* (राजनीति विज्ञान) वार्ड नंबर 11, अनुपगढ (राज.) भारत

प्रस्तावना – भारत और चीन दोनों ही विश्व के सबसे बड़ी जनसंख्या वाले पड़ोसी देश हैं। भारत ने लंबे समय के संघर्ष के बाद 1947 में ब्रिटिश उपनिवेशवाद से स्वतंत्रता प्रापत की तथा चीन ने 1949 की साम्यवादी शासन की स्थापना की भारत ने चीन की साम्यवादी क्रांति का स्वागत किया तथा संयुक्त राष्ट्र संघ में राष्ट्रवादी चीन के स्थान पर साम्यवादी चीन की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। 1954 में चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई भारत आए तथा दोनों देशों ने आपसी संबंधों को निर्देशित करने वाले पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर किए।

पंचशील समझौते में एक–दूसरे की सम्प्रभुता और अखण्डता का सम्मान शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व, पारस्परिक लाभ तथा सहयोग जैसे बिन्दु शामिल किये गये। इसी यात्रा के दौरान चीन, हिन्दी भाई–भाई का नारा दिया गया लेकिन चीन की विस्तारवादी नीति के चलते पंचशील की भावना अधिक समय तक नहीं टिक सकी। तिब्बत के प्रश्न पर दोनों देशों के मध्य 1959 में तनावउत्पन्न हो गया। चीन के लिए आपत्ति का मुख्य विषय यह था कि वह तिब्बत को चीन का अभिन्न अंग मानता है, जबकि लामा की सरकार को भारत में टिकने की इजाजत दी। इस तनाव का परिणाम यह हुआ कि 1962 में चीन ने भारत पर सैनिक आक्रमण कर दिया जिसमें भारत की पराजय हुई तथा चीन ने लद्दाख क्षेत्र में अक्साई चीन पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया।

दूसरी तरफ चीन अरुणाचल प्रदेश में अपना प्रस्तुत कर रहा है। तब से लेकर वर्ताओं के बावजूद आज तक दोनों देशों के मध्य सीमा विवाद मौजूद है, इस युद्ध के उपरांत जहां चीन और पाकिस्तान के बीच सैनिक व सामरिक गठबंधन का विकास हुआ। वहीं भारत अपनी सुरक्षा के लिए चीन के प्रति आशंकित बना रहा। 1962 में समाप्त हुए कूटनीतिक संबंधों की पुन:स्थापना 1976 में हुई। तब से लेकर अब दोनों देशों के मध्य सम्बन्धों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया चल रही है।

भारत और चीन दोनों ने वैश्वीकरण के युग में आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपना कर तीव्र आर्थिक विकास किया है। दोनों के मध्य आर्थिक सम्बन्ध गत दो दशकों में मजबूत हुए हैं, लेकिन सीमा विवाद का अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा जा सका है, इसके अतिरिक्त वर्तमान में चीन और पाकिस्तान का सैनिक गठजोड़ तथा चीन द्वारा दक्षिण एशिया में भारत को घेरने की नीति भी भारत के लिए चिंता का विषय है कि चीन के सहयोग से ही पाकिस्तान अपने परमाणु तथा मिसाइल कार्यक्रम को आगे बढ़ा सका है।

2009 में चीन ने जम्मू–कश्मीर को स्थिति को भी विवादित बनाने का प्रयास किया है, अत: दोनों के मध्य तनावपूर्ण स्थिति में आर्थिक संबंधों का विकास हो रहा है। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की एक विडंबना ही है कि भारत और चीन के मध्य तमान राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दोनों के आर्थिक व व्यापारिक सम्बन्धों का अबाध गति से विस्तार हो रहा है।

वर्ष 2010 में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश बन गया है। इस परिप्रेक्ष्य में 2010 में ही दोनों के मध्य रणनीतिक आर्थिक वर्ताओं का दौरा आरंभ हुआ है। ये वर्ताएं दोनों के आर्थिक सम्बन्धों को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो सकती है, लेकिन पुन: मूल प्रश्न यह है कि भारत और चीन के मध्य आर्थिक सम्बन्धों की निकटता उनके राजनीतिक सम्बन्धों को सुधारने में कहां तक कामयाब हो सकेगी? वैसे भी चीन और भारत के मध्य समानताएं–असमानताएं तथा प्रतियोगिता के तत्व अत्यन्त महत्वपूर्ण है। दोनों में समानता यह है कि दोनों एशियाई महाद्वीप के सबसे बड़े पड़ोसी देश हैं, वर्तमान में दोनों की गणना विश्व की उभरती हुई आर्थिक शक्तियों में की जा रही है। चीन ने जहां पिछले तीन दशकों में लगभग 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर अर्जित की है, वहीं भारत ने गत दो दशकों में लगभग 8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर अर्जित की है।

चीन अमरीका के बाद विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्रय शक्ति समतुल्यता (परचेजिंग पावर पैरिटी) की दृष्टि से भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दोनों ही देश कई अंतर्राष्ट्रीय विषयों जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थाओं का सुधार विश्व व्यापार संगठन का कृषि पर समझौता, जलवायु परिवर्तन, नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में लगभग समान दृष्टिकोण रखते हैं। दोनों ही देशों की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन श्ब्रिक्सश के सदस्य हैं, जिसका एक प्रमुख उद्देश्य एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था की स्थापना करना है, जो समाधान और न्याय के साथ–साथ बहुपक्षीय निर्णय प्रक्रिया से संचालित हो। मूलत: यह संगठन पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाली वैश्विक व्यवस्था को अधिक लोकतांत्रिक व बहुपक्षीय बनाना चाहती है। इसी तरह दोनों देश विश्व की 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संगठन का मुख्य उद्देश्य वैश्वीकरण के युग में विश्व अर्थव्यवस्था का प्रबन्धन व संचालन करना है। लेकिन दोनों के मध्य असमानता और प्रतियोगिता के तत्व भी कम महत्वपूर्ण नहीं है, जहां चीन साम्यवादी विचारधारा से संचालित अर्थव्यवस्था वाला देश है। वहां भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था के सिद्धांत को लागू किया गया है, राजनीतिक दृष्टि से ही चीन में बहुदलीय लोकतंत्र का अभाव है। वहीं भारत बहुदलीय लोकतंत्र का विश्व में सबसे बड़ा उदाहरण है। इतना ही नहीं दोनों के मध्य लम्बे समय से सीमा का विवाद लम्बित है

तथा दोनों देश 1962 में सैनिक संघर्ष में भी संलग्न रहे हैं।

इसके अतिरिक्त दोनों के मध्य दक्षिण एशिया पूर्व एशिया तथा अफ्रीका में सामरिक प्रतियोगिता भी चल रही है। दक्षिण एशिया में चीन भारत के पड़ोसी देशों विशेषकर पाकिस्तान, मालदीप, म्यामार आदि के साथ सामरिक संबंधों का विकास कर भारत को घेरने की नीति का अनुसरण कर रहा है।भारत और पाकिस्तान के सामरिक, सैनिक व आर्थिक सम्बन्ध भारत की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसी तरह दक्षिण पूर्व एशिया में भारत की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी व प्रभाव को रोकने के लिए चीन प्रयासरत है।

अफ्रीका में भी दोनों देशों के मध्य संसाधनों की उपलब्धता विशेषकर ऊर्जा संसाधन तथा राजनीतिक प्रभाव वृद्धि के क्षेत्र में प्रतियोगिता का दौर जारी है। भारत-चीन की रणनीतिक आर्थिक वार्ताएं उक्त विषमताओं व प्रतियोगिता के संदर्भ में भारत और चीन के मध्य बढ़ रहे आर्थिक संबंधों की प्रकृति उल्लेखनीय है। वर्ष 2001 में दोनों के मध्य कुल व्यापार मात्र 2.32 बिलियन डॉलर था। यह द्विपक्षीय व्यापार 2011 में बढ़कर 73.9 बिलियन डॉलर हो गया है। दोनों देशों ने 2015 तक इस व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य निधारित किया है। उल्लेखनीय डॉलर है। इसके बावजूद व्यापारिक सम्बन्धों का निरंतर विस्तार हो रहा है। दोनों देशों ने 2005 में सामरिक और सहयोगात्मक साझेदारी बढ़ाने के लिए एक संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किए थे तथा उसी वर्ष दोनों देशों ने यह तय किया था कि दोनों के मध्य प्रतिवर्ष नियमित आधार पर वार्षिक शिखर वार्ताओं की शुरूआत की जाएगी। तब से लेकर निरन्तर प्रतिवर्ष दोनों के मध्य नियंत्रित शिखर वार्ताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में दिसंबर 2010 में इन शिखर वार्ताओं का आयोजन नई दिल्ली में किया गया था। इन शिखर वार्ताओं में ही दोनों देशों ने रणनीतिक आर्थिक वार्ता प्रक्रिया आरंभ करने का निर्णय लिया था। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार इन आर्थिक राजनीतिक वार्ताओं का मुख्य उद्देश्य दोनों के मध्य व्यापक आर्थिक समन्वय करना, आर्थिक मामलों में अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा भारत और चीन के मध्य आर्थिक सहयोग को बढ़ाना है। ये वार्ताएं दोनों देशों के मध्य आमतौर पर चल रही अन्य वार्षिक वार्ताओं से भिन्न है। इन वार्ताओं की मुख्य बात यह है कि इसके अंतर्गत दोनों देश रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों पर विचार विमर्श करते हैं। दोनों के मध्य सम्बन्धों में आर्थिक पक्ष को सर्वाधिक महत्व देने की यह प्रवृत्ति दोनों के सम्बन्धों में नये युग की शुरूआत है।

रणनीतिक-आर्थिक वार्ताओं का सम्पादन वार्षिक आधार पर एक दूसरे के देश में बदल-बदल कर किया जाता है। इन वार्ताओं का प्रथम दौर सितम्बर 2011 में चीन की राजधानी बीजिंग में सम्पन्न हुआ। इन वार्ताओं के विकास ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण जल संसाधनों के बेहतर प्रयोग तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए उच्चस्तरीय विचार-विमर्श किया। दोनों देशों ने इन क्षेत्रों में अपने अनुभवों के आदान-प्रदान पर अपनी सहमति व्यक्त की। चीन ने भारत में छः अति द्रुतगामी रेल्वे गलियारों के विकास में सहायता देने पर सहमति व्यक्त की। इन वाताओं की एक प्रमुख उपलब्धि यह थी कि दोनों देशों ने प्राथमिकता वाले पांच क्षेत्रों के नीति समन्वय, ढांचागत सुविधाएं, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण तथा उच्च तकनीकी के क्षेत्र में सहयोग व विचार-विमर्श को आगे बढ़ाने के लिए पांच अलग-अलग कार्यदलों के गठन का निर्णय लिया।

वैश्विक स्तर पर सहयोग दोनों पक्षों में विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर सहयोग हेतु विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों ने वर्तमान वैश्विक आर्थिक विकास व चुनौतियों के समाधान में सहयोग के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके साथ ही दोनों ने अपने सामान्य हितों के संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर विभिन्न मुद्दों में समन्वय पर सहमति व्यक्त की। दोनों ने कई सामान्य हितों को रेखांकित किया जो प्रमुख है। अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय व भौतिक संस्थाओं में सुधार विश्व स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में स्थिरता लाना, जीवन्त विकास की प्रक्रिया को मजबूत बनाना। जलवायु परिवर्तन वार्ताओं का समतापूर्व समापन तथा खाद्यान्न एवं ऊर्जा आर्थिक विकास गति को बनाए रखने के लिए बाह्य ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भर है। अत: ऊर्जा संसाधनों की सुरक्षा व उपलब्धता दोनों की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। वृहद् आर्थिक नीतियों में विचारों के आदान-प्रदान को मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि 2008 से चल रही वैश्विक मंदी के चलते विश्व स्तर पर विकास की गति धीमी हो गई। नकारात्मक प्रभाव सामने आए हैं। जैसे विकसित देशों के बाजारों में मांग का कम होना।

यूरोपीय देशों में रोजगार व कीमतों का संकट निम्न व्यापारिक गतिविधियां तथा कीमतों में वृद्धि की प्रवृत्तिा आदि इस परिवेश से दोनों देशों में अपनी आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। इसके लिए दोनों देशों ने अपने विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्रों में समायोजन करने उपलब्ध तकनीकी को समुन्नत बनाने तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर सहमति व्यक्त की। इन मामलों में दोनों देशों ने उच्चस्तरीय संयुक्त अध्ययनों की आयोजित करने हेतु भी सहमति व्यक्त की व्यापार तथा निवेश का विस्तार दोनों देशों ने अपनी लाभ की दृष्टि से द्विपक्षीय व्यापार तथा निवेश को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए दोनों देशों ने कतिपय उपायों की अग दिया, जैसे- दोनों के मध्य पूरक क्षेत्रों की पहचान, व बाधाओं को दूर करना, प्रोजेक्ट साझेदारी को ब व्यावसायिक समूहों में आदान-प्रदान को बढ़ाना, यातायात नेटवर्क को मजबूत बनाना, संतुलित व्यापार को सुनिश्चित करना तथा द्विपक्षीय निवेश को बढ़ाना आदि।

आधारभूत सुविधाओं व वित्तीय क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाना दूसरे चक्र की रणनीतिक, आर्थिक वार्ताओं की एक मुख्य उपलब्धि दोनों देशों के मध्य वित्तीय व आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में सम्बन्धों को मजबूत बनाने को लेकर बनी सहमति है। उल्लेखनीय है कि भारत ने देश में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है तथा इस योजना को कार्यरूप देने के लिए उसे बाह्य वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता है। इस दृष्टि से यह सहमति अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही दोनों देशों ने वित्तीय संस्थाओं के कार्यकरण में आपसी सहयोग को बढ़ाने पर बल दिया। इन उपायों से दोनों देशों में बल दिया, इन उपायों से दोनों देशों में आर्थिक विकास को गति प्राप्त होगी। चीन से आयात-निर्यात वर्तमान समय की बात करें तो भारत अमेरिका के बाद चीन से ही सबसे अधिक व्यापार करता है। भारत के कुल आयात में चीन से किये गये उत्पादों का हिस्सा लगभग 14 प्रतिशत है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरण दवाएं, रसायन, आटोमोबाइल पुर्जे आदि मुख्य हैं। दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे-स्माटफोन, स्मार्टवाच, स्मार्ट टेलीविजन, खिलौने आदि का एक बहुत बड़ा हिस्सा चीन द्वारा ही निर्यात किया जाता है। वहीं भारत में बनने वाली दवाओं के घटकों की बात करें तो लगभग 70 फीसदी दवाओं को बनाने के लिए हम चीन पर निर्भर हैं जबकि निर्यात की

बात करें तो चीन को किया जाने वाला निर्यात चीन से किये जाने वाले आयात की तुलना में बहुत कम है। वित्त वर्ष 2019–20 में भारत ने कुल 16 अरब डॉलर का निर्यात चीन को किया जो कुल आयात का लगभग पांचवां हिस्सा है। भारत द्वारा निर्यात किये जाने वाले उत्पादों में मुख्यत: सूती धागे, खनिज अयस्क, जैविक रसायन, प्लास्टिक उत्पाद, रत्न एवं आभूषण है। अत: चीन के साथ होने वाले व्यापार में भारत लगभग 48 अरब डॉलर के घाटे में रहा।

द्विपक्षीय व्यापार इस सदी की शुरूआत से भारत–चीन द्विपक्षीय – व्यापार के तेजी से विस्तार को 2008 तक भारत के सबसे बड़े माल व्यापार भागीदार के रूप में उभरने के लिए प्रेरित किया, जिस स्थिति पर चीन आज भी कायम है। पिछले दशक की शुरुआत से दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई। 2015 से 2022 तक, भारत–चीन द्विपक्षीय व्यापार में 90.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो औसत वार्षिक वृद्धि 12.87 प्रतिशत है। 2022 में चीन के साथ कुल व्यापार साल दर साल 8.47 प्रतिशत बढ़कर 136.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर गया। व्यापार घाटा 101.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर आ गया क्योंकि चीन से भारत का आयात 118.77 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 118.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इस बीच चीन को भारत का निर्यात साल दर साल 37.59 प्रतिशत कम होकर 17.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल के शुद्ध निर्यात से कम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राजस्थान पत्रिका, 2024.
2. भारत चीन सम्बन्ध, डॉ. रविन्द्र कुमार।
3. भारत चीन सम्बन्ध, अरुण शौरी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजस्थान में शिक्षा के बढ़ते कदम

विनोद कुमार विश्नोई *

* एम.ए. नेट (राजनीति विज्ञान) ग्राम – समेलिया, पोस्ट घोड़ास, तह. मांडल, जिला भीलवाड़ा (राज.) भारत

प्रस्तावना – राजस्थान, भारत का क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। हालांकि, स्वतंत्रता के समय राजस्थान की साक्षरता दर अत्यंत निम्न थी, जो सामाजिक–आर्थिक विकास में बाधक थी। 1947 में भारत की साक्षरता दर लगभग 18% थी, जबकि राजस्थान में यह और भी कम, लगभग 8–10% थी (Jagran Josh, 2024)। आजादी के बाद, भारत सरकार और राजस्थान सरकार ने साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और कार्यक्रम शुरू किए, जिनके परिणामस्वरूप 2022 तक राजस्थान की साक्षरता दर 69.7% तक पहुँच गई (News24, 2022)। यह रिसर्च पेपर राजस्थान में साक्षरता दर के विकास का विश्लेषण करता है, विशेष रूप से आजादी के बाद से लागू किए गए प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों के संदर्भ में। इसके अतिरिक्त, यह पेपर साक्षरता दर में सुधार की चुनौतियों, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालता है।ऐतिहासिक पृष्ठभूमि स्वतंत्रता से पहले, राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से रियासतों द्वारा संचालित थी।

रियासतों में शिक्षा का स्तर सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर निर्भर था और यह अधिकांशत: उच्च वर्गों तक सीमित थी। महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों के लिए शिक्षा तक पहुँच लगभग नगण्य थी। 1947 में स्वतंत्रता के समय, राजस्थान की साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से भी कम थी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी खराब थी।1951 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान की साक्षरता दर मात्र 8.02% थी, जिसमें पुरुष साक्षरता 12.9% और महिला साक्षरता केवल 2.9% थी (Wikipedia, 2007)। इस निम्न साक्षरता दर का कारण था शिक्षा के बुनियादी ढांचे की कमी, सामाजिक असमानताएँ और आर्थिक पिछड़ापन। इसके बावजूद, स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और राजस्थान सरकार ने भी स्थानीय स्तर पर कई पहल शुरू कीं।

साक्षरता दर का विकास: आँकड़े और रुझानराजस्थान में साक्षरता दर में पिछले सात दशकों में वृद्धि हुई है। राजस्थान ने साक्षरता दर में निरंतर सुधार किया है, विशेष रूप से महिला साक्षरता में। हालांकि, 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान की महिला साक्षरता दर (52.7%) देश में सबसे कम थी, जो सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं को दर्शाता है (Jagran Josh, 2023)

भारत सरकार के साक्षरता कार्यक्रम आजादी के बाद, भारत सरकार ने साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम शुरू किए, जिनका प्रभाव राजस्थान में भी देखा गया।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (1988)राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (National Literacy Mission, NLM) की शुरुआत 1988 में हुई, जिसका उद्देश्य 15–35 आयु वर्ग के लोगों को साक्षर बनाना था। इस मिशन के तहत राजस्थान में संपूर्ण साक्षरता अभियान शुरू किया गया, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया। 1991 तक, राजस्थान के कई जिलों में साक्षरता दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, विशेष रूप से अजमेर और उदयपुर जैसे क्षेत्रों में। NLM ने सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे साक्षरता दर 38.81% तक सर्व शिक्षा अभियान (2001)सर्व शिक्षा अभियान (Sarva Shiksha Abhiyan, SSA) का शुभारंभ 2001 में हुआ, जिसका लक्ष्य 6–14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना था।

राजस्थान में SSA के तहत स्कूलों की संख्या में वृद्धि, मिड–डे मील योजना, और शिक्षकों की भर्ती जैसे कदम उठाए गए। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल ड्रॉपआउट दर को कम किया और विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दिया। 2011 तक, राजस्थान में प्राथमिक शिक्षा में नामांकन दर 95% से अधिक हो गई (Know India, n.d.)।साक्षर भारत मिशन (2009)साक्षर भारत मिशन (Saakshar Bharat Mission) का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और वंचित समुदायों, को साक्षर बनाना था। राजस्थान में इस मिशन ने 404 जिलों में काम किया, जहाँ महिला साक्षरता दर 50% से कम थी (Adda247, 2023)। 2020 तक, इस मिशन ने राजस्थान में 3 लाख से अधिक महिलाओं को साक्षर बनाया (Bhaskar, 2020)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 20202020 में शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने साक्षरता और शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दिया। छम्द ने प्रारंभिक शिक्षा में मातृभाषा के उपयोग, डिजिटल शिक्षा, और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया। राजस्थान में छम्द के तहत डिजिटल कक्षाओं और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसने 2022 तक साक्षरता दर को 69.7% तक बढ़ाने में मदद की (News24, 2022)।

राजस्थान सरकार के साक्षरता कार्यक्रम राजस्थान सरकार ने केंद्र सरकार के साथ मिलकर कई स्थानीय स्तर के कार्यक्रम शुरू किए, जो साक्षरता दर बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहे। स्कूल चलो अभियान1999 में शुरू किया गया स्कूल चलो अभियान राजस्थान में बच्चों को स्कूल तक लाने का

एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इस अभियान ने विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित किया। 2001–2011 के बीच, इस अभियान ने स्कूल नामांकन में 30% की वृद्धि की और ड्रॉपआउट दर को 15% तक कम किया (Rajasthan Gyan n.d.)।बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (2015)बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना ने राजस्थान में बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। इस योजना के तहत, जालौर और सिरोही जैसे कम साक्षरता वाले जिलों में बालिकाओं के लिए मुफ्त शिक्षा, साइकिल वितरण, और छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 2022 तक, राजस्थान में बालिका साक्षरता दर 56.5% तक पहुँच गई, जो 2011 के 52.7% से सुधार दर्शाता है (News24, 2022)।3. पढ़ना–लिखना अभियान (2020)2020 में शुरू किए गए पढ़ना–लिखना अभियान ने 15 वर्ष से अधिक आयु के 4.2 लाख निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा, जिनमें 3.15 लाख महिलाएँ थीं (Bhaskar, 2020)। इस अभियान ने सिरोही, बाड़मेर, और जालौर जैसे जिलों में विशेष ध्यान दिया, जहाँ साक्षरता दर सबसे कम थी। 2022 तक, इस अभियान ने 2 लाख से अधिक लोगों को साक्षर बनाया (Bhaskar, 2020)। डिजिटल शिक्षा पहलराजस्थान सरकार ने डिजिटल इंडिया मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कक्षाएँ शुरू कीं। स्मार्ट विलेज और डिजिटल पंचायत पहल ने ग्रामीण समुदायों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया। 2025 तक, राजस्थान की 1000 से अधिक पंचायतें डिजिटल रूप से सशक्त हो चुकी हैं ।

राजस्थान में साक्षरता की क्षेत्रीय विविधता राजस्थान के विभिन्न जिलों में साक्षरता दर में काफी अंतर है। 2011 की जनगणना के अनुसाररूसबसे अधिक साक्षर जिला: कोटा (76.6%) – यह जिला कोचिंग हब के रूप में प्रसिद्ध है (Jagran Josh, 2024)।सबसे कम साक्षर जिलारू जालौर (54.9%) – यह ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र है (Jagran Josh, 2024)।महिला साक्षरता में अग्रणी: झुंझुनू (86.9% पुरुष साक्षरता के साथ)।आदिवासी क्षेत्र: उदयपुर और बांसवाड़ा में साक्षरता दर 60% से कम है, जो सामाजिक और भौगोलिक बाधाओं को दर्शाता है।

साक्षरता दर बढ़ाने में चुनौतियाँ सामाजिक असमानताएँ: राजस्थान में जाति, लिंग, और आर्थिक असमानताएँ साक्षरता को प्रभावित करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव के कारण बालिका शिक्षा बाधित होती है।

वित्तीय कमी: स्कूलों में बुनियादी ढांचे, शिक्षकों की कमी, और शिक्षण सामग्री की अपर्याप्तता एक बड़ी समस्या है।

डिजिटल विभाजन: ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों की कमी डिजिटल शिक्षा को सीमित करती है।आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच: बाड़मेर, सिरोही जैसे क्षेत्रों में भौगोलिक बाधाएँ शिक्षा की पहुँच को कम करती हैं।

महिला निरक्षरता: 2020 में, राजस्थान में 3.15 लाख महिलाएँ निरक्षर थीं, जो कुल निरक्षरों का 75% थीं (Bhaskar, 2020)।

शिक्षा की गुणवत्ता: साक्षरता दर बढ़ रही है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में कमी एक चुनौती है।

उपलब्धियाँ महिला साक्षरता में सुधार: 1951 में 2.9% से 2022 में 56.5% तक महिला साक्षरता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

स्कूल नामांकन:SSA और स्कूल चलो अभियान ने प्राथमिक शिक्षा में 95% से अधिक नामांकन सुनिश्चित किया।

डिजिटल साक्षरता: स्मार्ट विलेज और डिजिटल पंचायत पहल ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाया।

सामुदायिक भागीदारी: कुदुम्बश्री मॉडल (केरल से प्रेरित) और स्थानीय NGOs ने साक्षरता अभियानों में सहयोग किया।

भविष्य के लिए सुझाव महिला साक्षरता पर ध्यान: विशेष रूप से जालौर, सिरोही, और बाड़मेर जैसे जिलों में बालिका शिक्षा और वयस्क साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना।

डिजिटल बुनियादी ढांचा: ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाना।

शिक्षा की गुणवत्ता: शिक्षक प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम सुधार पर जोर देना।

आदिवासी क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम: उदयपुर और बांसवाड़ा जैसे क्षेत्रों में मोबाइल स्कूल और स्थानीय भाषा में शिक्षा।

वित्तीय निवेश: शिक्षा पर बजट आवंटन को बढ़ाकर स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार करना।

सामाजिक जागरूकता: बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाना।

निष्कर्ष:राजस्थान में साक्षरता दर में आजादी के बाद से उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो भारत और राजस्थान सरकार के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, साक्षर भारत और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों ने साक्षरता को बढ़ावा दिया। हालांकि, सामाजिक असमानताएँ, वित्तीय कमी, और डिजिटल विभाजन जैसी चुनौतियाँ अभी भी बरकरार हैं। भविष्य में, डिजिटल शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देकर राजस्थान की साक्षरता दर को और ऊँचा किया जा सकता है। यह न केवल सामाजिक–आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि राजस्थान को एक सशक्त और शिक्षित राज्य के रूप में स्थापित करेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. (2023). भारत में साक्षरता दर: बिहार में सबसे कम 61.8% और केरल में सबसे अधिक 94%. Retrieved from hindi current affairs
2. adda247.comBhaskar. (2020). 4.20 lakh illiterates in 33 districts of the state. Retrieved from
3. www.bhaskar.comJagran Josh. (2023). -भारत के 10 सबसे साक्षर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश. त्मजतपमअमक तिवउ
4. www.jagranjosh.com Jagran Josh. (2024). भारत के तीन सबसे कम साक्षर राज्य कौन–से हैं
5. www.jagranjosh.com know India. संक्षिप्त विवरण – साक्षरता.
6. knowindia.india.gov.inNews24. (2022). जानें किस राज्य की साक्षरता दर कितनी है.Retrieved from hindi.news 24online.comRajasthan Gyan. (n.d.).
7. राजस्थान जनगणना व साक्षरता – 2011. Retrieved from www.rajasthangyan.comState Election Commission, Rajasthan. (2025). Local Election Report 2025. Retrieved from sec.rajasthan.gov.inTestbook. (2023). राजस्थान की जनसंख्या और साक्षरता.
8. Testbook.com Wikipedia. (2007). List of Indian states and union territories by literacy rate. Retrieved from en.wikipedia.org

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Battle of Haldighati

Sandeep*

***History Deptt., Village Daulatpura, Pilibanga (Raj.) INDIA**

Introduction - The Battle of Haldighati was a battle fought on 18 June 1576 between the armies of the Rana of Mewar, Maharana Pratap and the Mughal emperor Akbar's forces, led by Man Singh I of Amber. Although the battle ended in defeat for the forces of Mewar, Maharana Pratap escaped continuing his valiant resistance against the Mughal Empire.This article will give details about the battle of Haldighati for the IAS Exam Prelude to the battle of Haldighati.

Upon his ascension to the Mughal throne, Akbar had embarked on a policy of conquest of theRajputana region. Using acombination of diplomacy and brute force, many kingdoms of Rajputana submitted to Mughal overlordship except for Mewar. The Rana (King) of Mewar,regarded as one of the strongest kings of the Rajput states, had fought a war with the Mughalswhich culminated in the Siege of Chittorgarh in 1568. The siege ended with the loss of a sizableportion of eastern Mewar to the Mughals.When Maharana Pratap succeeded his father on the throne of Mewar, Emperor Akbar sentmany diplomatic missions to convince Maharana Pratap to become a vassal of the Mughals.The purpose behind these diplomatic missions was to both conclude the ongoing Mughal-Rajputwars and gain access to the rest of Mewar which would secure communication and supply lines to Gujarat, then a vibrant economic powerhouse of the Mughal Empire.

Four emissaries were sent to Maharana Pratap, out of these, only Raja Bhagwant Das cameclose to succeeding in swaying Maharana Pratap. Initially, Maharana Pratap had agreed to dona rob presented by emperor Akbar and send his young son Amar Singh to the Mughal court.This was deemed unacceptable by the Akbar as he wanted the Maharana Pratap to submit inperson. Maharana Pratap outrightly refused to do so and an additional diplomatic mission underRaja Todar Mal failed to yield any result. Thus with diplomacy having failed, the war wasinevitable.Army strength of the Mughals and RajputsAlthough Mewari folklore tradition has put Maharana Pratap's forces at 20,000 facing a Mugha Army of 80,000, modern historians give a figure of 5000-10,000 for the Mughal army whileputting the Mewari forces at 3000 horsemen with 400 archers from the Bhil tribes from the kingdom of Merpur. Infantry figures for the same are unknown. Both sides possessed war elephants but the Rajputs had no firearms. The Mughals possessed muskets but fielded noheavy artillery Rana Pratap's estimated 800-strong van was commanded by Hakim Khan Sur with his Afghans,Bhim Singh of Dodia, and Ramdas Rathor (son of Jaimal, who defended Chittor). The right-wing was approximately 500-strong and was led by Ramshah Tanwar, the erstwhile king of Gwalior,and his three sons, accompanied by minister Bhama Shah and his brother Tarachand. Theleft-wing is estimated to have fielded 400 warriors, including Bida Jhala and his clansmen ofJhala. Pratap, astride his horse, led some 1,300 soldiers in the centre. The Bhil bowmenbrought up the rear.The Mughals placed a contingent of 85 skirmishers on the front line, led by Sayyid Hashim ofBarha. They were followed by the vanguard, which comprised a complement of Kachhwa Rajputs led by Jagannath, and Central Asian Mughals led by Bakhshi Ali Asaf Khan. A sizeableadvance reserve led by Madho Singh Kachhwa came next, followed by Man Singh himself withthe centre. The Mughal left wing was commanded by Mulla Qazi Khan.

Events during the Battle of Haldighati: Maharana Pratap decided to set up his base at the town of Gogunda near Udaipur. Around 23km north of Gogunda lay thevillage of Khamnor, separated from by a spur of the AravalliRange. This range was called "Haldighati" for its rocks giving a yellowish colour that resembledturmeric (Haldi)when crushed.Maharana Pratap hoped that thenarrow pass of Hadlighati wouldhelp in negating his enemies superior numbers when the battle commenced. The battle commenced three hours after sunrise on 18 June 1576 Maharana Pratap began a frontal assault committing all of his men to catch his enemies bysurprise. The initial charge of his cavalry was successful in wreaking havoc on the Mughal leftwing which was forced to the relative safety of the Mughal right wing. Despite the witheringassault of the Rajput forces, the right-wing held firmly to bring enough time for Madho Singh'sadvance reserves to enter the fray.Soon thehardpressed Mughalvan guard was bolstered by the arrival of Madho Singh's forces.With their arrival,

the Mughal forces began to push the Mewari forces back and the battle devolved into conventional fighting as the Mewari cavalry charge had lost its momentum.Maharana Pratap was in the thick of the fighting at the Mewari centre slaying many of his foes, although both Rajput and Mughal chroniclers allude to a duel by him and Man Singh, modern historians point out that Maharana Pratap fought against Madho Singh instead in a duelTo break the deadlock Maharana Pratap sent in his elephants with theMughals doing the same. Although initially gaining the upper hand, the Mewari elephants were lost due to either death orinjury of their mahouts from Mughal musketeers and archers.The loss of the war elephants enabled theMughals to press the Mewar forces from three sides and the tide of battle began to go against the Mewar forces. This led to many deaths of the Rana's commanders, dealing an additional blow to the army of Mewar. Maharana Pratap was surrounded soon by Mughal forces, seeing this Bida Jhala seized the royal umbrella from his commander and charged at the Mughals claiming to be the Rana himself. This act and thevaliant sacrifice of about 350 of his soldiers allowed Maharana Pratap to beat a tactical retreat along with the half of his remaining army. Rajput valour and fear of ambush among the narrow passage of the hills meant that the Mughal Army could not pursue the remainder of the Mewari forces, ensuring that Maharana Pratap would continue his valiant resistance against the Mughals in the coming years According to historians such as Jadunath Sarkar and contemporary writers such as Abul Fazl,Emperor Akbar's court chronicler, the Mewari army counted 46% of its total strength, or roughly 1,600 men, among the casualties. While 150 of the Mughals met their end, with another 350wounded while the Mewar army lost 500 men.

The aftermath of the Battle of Haldighati: With Maharana Pratap able to make a successful escape, the battle failed to break the deadlockbetween the two powers. Subsequently, Akbar led a sustained campaign against theRana, andsoon, Goganda, Udaipur, and Kumbhalgarh were all under his control. The pressure wasexerted by the Mughals upon Rana's allies and other Rajput chiefs, and he wasslowly butsurely both geographically and politically isolated. The Mughals' focus shifted to other parts ofthe empire after 1579, which allowed Rana Pratap to recover much of the lost territory in the western parts of his kingdom. Chittor and the rest of eastern Mewar continued to remain under Mugal control.

References:-

1. Rajasthan history - Dr. Dharuv Bhattacharya
2. Rajasthan History - Dr. Hukum chand Jain
3. Rajasthan history - Dr. Gopinath sharma
4. Rajasthan History - HD singh & Chitra Rao

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Introduction to Industrial Regions of India

Budhram*

***Geography, chak 21 SJM Anupgarh (Raj.) INDIA**

Introduction - When several businesses cluster together and avail the experience of their proximity, industrial areas begin to form. There are several industrial regions of India, such as the Mumbai-Pune cluster, Kolkata-Madras area, Hugli location, Hyderabad region, Chottanagpur commercial band, Vishakhapatnam-Guntur shoulder strap, Gurugram region, and Kollam-Thiruvananthapuram manufacturing cluster.

Some of India's prominent Industrial regions are:

Maharashtra Industrial Region: The Mumbai-Pune industrial region is the country's most signiûcant industrial region, with roots dating back to colonial administration in India. The expansion of the cotton textile industry is linked to the expansion of this area. Ratnagiri's coastline district provides both qualified and unqualified labor.

Even though the city-states, Mumbai and Pune, are separated by a large distance, they nonetheless form a viable economic zone. A quick electrified train route connects the two cities. Greater Maharashtra has about 6000 registered manufacturers, whereas Pune has over 1150 licensed manufacturers and is the continent's second most powerful center.

Hooghly Industrial Region: Hooghly Industrial Region stretches for around 100 kilometers along the Hugli Riverbed, from Bansberia in the northwest to Birlanagar in the southeast. In the west, Midnapur has built an industrial base. The foundation of this commercial hub is Kolkata-Hawra.

The region's economic growth has been highly inûuenced by tea plantations in Guwahati, jute manufacturing, Damodar Valley coal reserves, and iron ore reserves on the Chotanagpur mountain range. Its development was aided by the cheap labor available in heavily populated regions of Bihar, northeastern Uttar Pradesh and Odisha.

The Indian textile industry, as well as the jute sector, fiourished the most in this region. Besides, the paper, construction, sewing machines, electrical, chemical, pharmacological, fertilizer, and chemical sectors also prospered in this economic region. Kolkata and Hanoi are significant manufacturing hubs in this region.

Bengaluru-Chennai Industrial Region: In the post-independence decades, this sector had the most significant rapid production. Businesses were restricted to the provinces of Mysore, Salem, and Chennai until 1960, but they have since extended to all of Tamil Nadu's divisions except Villupuram. Because Bengaluru-Chennai industrial region is far from the coal reserves, it is reliant on the Pykara hydropower project, which was erected in 1932.

Owing to the inclusion of cotton agricultural regions, the Indian textile industry would be the one to gain a foothold. Together with textile factories, the loom business grew quickly. Bangalore brought together several heavy manufacturing businesses. Aircraft (HAL) and telephones (HTL) are two of the most well-known industrial milestones of the twentieth century.

Gujarat Industrial Region: The center of this territory is located between Gujarat and Baroda, although it extends southeast to Valsad and Gujarat and west to Maharashtra. Ever since the 1860s, the prosperity of this region has been linked to the establishment of the production of textiles. With the demise of the handloom industry in Maharashtra, this area became a major textile country.

The infrastructure has now become more diverse. Other businesses include heavy and fundamental pharmaceuticals, automobiles, vehicles, and petro-chemicals. Jamnagar just became home to the world's biggest petrochemical plant. In addition, Ahmedabad, Baroda, Valsad, and Jodhpur are industrially important hubs in this province.

Chotanagpur Region: Chotanagpur region is renowned for its heavy minerals industry and spans Jharkhand, northern Odisha and contemporary West Bengal. The discoveries of uranium in the Damodar Valley, as well as precious and non-metallic commodities in Jharkhand and northeastern Orissa, fueled the growth of this sector. The vicinity of coal, iron ore, and other minerals aided in establishing heavy enterprises in this country.

Heating and hydropower projects have been built in the Damodar Valley to supply the electricity demand. The neighboring dense population regions supply cheaper labor, and the Hugli region provides a large market for its

companies. Heavy manufacturing, industrial equipment, agricultural inputs, cement, papers, boilers, and heavy electrical are only a few large industries in this area.

Vishakhapatnam-Guntur Region: This industrial zone stretches from Visakhapatnam to Kurnool and Prakasam in the southeast. This region's corporate growth depends on the docks of Visakhapatnam and Machilipatnam, as well as the established agricultural and mineral deposits in their rural areas. In addition, the Godavari basin mining communities supply energy. Visakhapatnam's manufacturing industry began in 1941.

This region's main sectors include sugar, silk, jute, journal, fertilizer, cement, metal, and building and construction. Vishakhapatnam-Guntur region is a significant industrial region.

Gurgaon-Delhi-Meerut Region: Because this location is remote from mineral and electricity resources, the businesses are light and economic. This region's principal businesses are telecommunications, building and construction, and electrical items. Cotton, linen, polymeric textiles, hosiery, sugar, concrete, machine tools, tractors, bikes, agricultural machinery, and petrochemicals, have also grown significantly.

The software sector is a relatively new addition. The Agra-Mathura economic growth, located to the south, concentrates on crystal and leather items. Mathura is a region for a pharmaceutical complex including an oil reûnery while Gurgaon is mentioned as an industrial hub.

Kollam-Thiruvananthapuram Region: This commercial region encompasses the districts of Thiruvananthapuram, Kerala, Alwaye, Cochin, and Alappuzha. Agricultural products and hydroelectric support this region's industrial foundation. Agrarian goods processors and commodity light manufacturing prevail in this region, which is located distant from the country's natural belt.

Fabric textile, sweetener, foam, matchbox, glass, soil amendments, and fish-based factories are among the most significant. The agriculture sector, paper, coir fiber industries, metal, and stone are among important businesses. Kollam, Thiruvananthapuram, and Punalur are the main industrial locations.

20. Singh, V. K. (2021). Policy and regulatory changes for a successful startup revolution: Experiences from the startup action plan in India. In Investment in Startups and Small Business Financing pp. 33-67
21. Tamilkumar, A., & Sivakumar, N. (2025). The Role of Competition Laws in Promoting Startups in India. International Journal of Law Management and Humanities, 8(3), 4308-4331.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

रामसेवक सोनी 'प्रकाश' के काव्य संग्रह 'परिवेश' की कविताओं में मानवीय संवेदनाएँ

सरोज गौतम*

*पीएच.डी. शोधार्थी (हिन्दी) शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर उत्कृष्ठ महाविद्यालय, दतिया, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – रामसेवक सोनी 'प्रकाश' समकालीन हिन्दी कविता के एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। सामाजिक चेतना के कवियों में अग्रगण्य और विख्यात कवि सोनी जी ने मानव जीवन की स्थितियों की भीषणता को देखा और उनके मुक्ति की चिंता अपनी कविताओं के माध्यम से की क्योंकि कविता का मुख्य सरोकार मनुष्य होता है। इसलिए कविता का अस्तित्व भी समाज से बाहर संभव नहीं है। कविता सिर्फ वस्तुगत वर्णन नहीं या मूल्यांकन नहीं करती बल्कि वह सामाजिक जीवन में गहरे प्रवेश कर मानवीय चरित्र को उद्घाटित करती है और काव्य संवेदना मनुष्य की संवेदनाओं को बचाये रखने में मदद करती है।

समकालीन कवि रामसेवक सोनी 'प्रकाश' नये यथार्थ का द्रष्टा और सृष्टा हैं। समकालीन हिन्दी कविता में सोनी जी की उपस्थिति कई अर्थों में विशिष्ट है। मनुष्य का व्यापक जीवन अनुभव का सघन संसार अपनी सरल संवेदना के साथ सोनी जी की कविताओं में उजागर हुआ है।

कवि का सद्य प्रकाशित संकलन 'परिवेश' कविता की सरल, सहज अनुभूतियों से सम्पृक्त है मनुष्यों के अच्छे बुरे गुणों को गहराई से देखने की इनमें क्षमता है। और यह क्षमता परिवेष कविता संग्रह की कविताओं के माध्यम से दृष्टिगत होती है।

'प्रेम, दया, करूणा, संवेदना जैसे गुणों से आज का आदमी भटका हुआ दिखाई देता है। छल, कपट, ईर्ष्या, राग–द्वेष, घृणा जैसे विकारों से आदमी घिरा हुआ है। ऐसे में उसकी अपनी पहचान खोती जा रही है, इसका उदाहरण परिवेश कविता संग्रह की कविता **'अस्मिता'** में उजाकर होती है।

'गुलाब है
गुलाब में
गुलाब की सुगंध है
मोगरा है
मोगरा में
मोगरा की सुगंध है
रातरानी है
चम्पा है
रातरानी और चम्पा में
अपनी सुगंध है
खुशबू है, महक है
सुगंध महक या खुशबू
पुष्प की अस्मिता है।
सुगंध या महक से
पुष्प पहिचाना जाता है।
मनुष्य में भी
सुगंध है
उसकी सुगंध
प्यार है, दुलार है
प्यार, दुलार दया
ममता और स्नेह
मनुष्य की सुगंध है
प्रेम, दया, ममता
मनुष्य की अस्मिता है
जिससे वह पहचाना जाता है।
मनुष्य की मनुष्यता को
क्या हो गया
क्या वह आज
आर्टीफीशियल हो गया'

उपर्युक्त पंक्ति यह पुष्टि करती है कि पुष्प की सुगंध की तरह मनुष्य के भीतर व्याप्त दया, प्रेम, करूणा, संवेदना के भावों की सुगंध ही मनुष्यता की पहचान है लेकिन आज के इस भौतिकवादी समय में मनुष्य की मनुष्यता को पता नहीं क्या हो गया है कि वह अपने जीवन को बनावटीपन से जी रहा है। ऐसा लगता है कि वह आर्टीफीशियल हो गया हो।

'मकड़ी स्वयं मरती है
उसे मारने वाला
कोई और नहीं
वह स्वंय मरती है
जाला बुनती है
दूसरे जीवों को
फंसाने में
खुश होती है
जीव आहार करती है
मस्त होती है
जाला ढ़ीला होता जाता है

अपने स्वभाव से
जीवों को पकड़ती है
कभी-कभी जब जाला
अधिक ढीला होता है
मकड़ी स्वयं फंसती है
छटपटाती है
उबरने को
लेकिन जाला तो
मारने को बना था
स्वयं मरती है
उस मारने वाला
कोई नहीं
मकड़ी स्वयं मरती है।'

'मकड़ी का जाला' कविता के माध्यम से आज के मनुष्य की तुलना मकड़ी के जीवन से कर यह बताने का प्रयास किया है जिस प्रकार से मकड़ी जाला बुनती है और स्वयं उसमें फंस जाती है उसी प्रकार आज का मानव दूसरे सामान्य व्यक्ति का कत्ल किये जा रहा है, निर्दोश और सज्जन लोग शिकार बन रहे हैं लेकिन सच्चा व्यक्ति इन जाल-साजियों से बच जाता है और जो व्यक्ति दूसरों को कष्ट, दु:ख, परेशानियाँ पहुँचाता है वह स्वयं ही अपने जाल में फंसता चला जाता है और फिर कभी बाहर नहीं निकल पाता है इसलिए कहावत भी इस कविता से सिद्ध होती है कि 'जो जैसा करेगा वैसा ही भरेगा' जैसा आचरण आप दूसरे व्यक्ति के साथ करोगे वैसा ही व्यवहार आपके साथ होगा।

अन्तर्द्वन्द्व

'यह मूर्ति है पत्थर की
बेजान है/अश्रृद्धा है
मूक है, मात्र धातु है
कल्पना का एक चित्र सा।
मानवता के साथी
चरित्र के पारखी
गुणों के ग्राहक
अपनी श्रृद्धा को
तोलो-नापो-देखो।
मूक में गुणों का
प्रतिबिम्ब देखो
स्थिर है फिर भी
श्रृद्धा गुणों का
प्रतिबिम्ब देखो
वह जीवित छल
विद्वेष या जलन
प्रतिकार या कुढ़न
नहीं नहीं नहीं।
गुणों को साकार
मूक अभिव्यक्ति
आत्मा का एक
साक्षी प्रतिबिम्ब
सद्गुणों का पुंज
भावों में बल
मुख को ओज
आत्मा को शान्ति
वृहत प्रकाश तक
पहुँचने का एक
सुगम-स्वच्छ
अनुपम-साकार
सगुण-निराकार
ब्रह्म की अभिव्यक्ति
मात्र एक साधन है.....'

'अन्तर्द्वन्द्व' कविता के माध्यम से कवि सोनी जी ने व्यक्ति के आन्तरिक द्वन्द्व को विषय बनाकर अभिव्यक्ति प्रदान करने के प्रयास के साथ-साथ मनुष्यता में आई गिरावट की सूचना भी दी है। जिस भगवान ईश्वर देवी-देवता को मनुष्य पूजता हैं या उसके प्रति आस्था विश्वास रखता है या उसकी भक्ति में लीन रहता है। वह मात्र पत्थर पर बनी एक कला है जो बेजान है। मूक है धातु की बनी हुई है केवल मनुष्य की कल्पना का एक चित्र सा है। मानव अपने मन के अन्तर्द्वन्द्व के कारण कभी इस पत्थर की मूर्ति पर धातु की पूर्ति पर विश्वास करता है और अपनी इच्छानुसार कार्य न होने पर भगवान के प्रति नास्तिक हो जाता है।

कवि कहते हैं कि मनुष्य मानवता का साथी है। चरित्र को परखने वाला है, गुणों को ग्रहण करने वाला है। भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा का मूल्यांकन करने श्रृद्धा तोल कर नाप कर देखो आपको पता लगेगा कि मेरी भक्ति तो कुछ भी नहीं मीरा की भक्ति के समक्ष और हम भक्ति का अर्थ ही सही ग्रहण नहीं कर पाते हैं। सदैव अन्तर्द्वन्द्व में रहते हैं और सोचते हैं कि केवल अगरबती मोमवती मन्दिर पर फूल माला मिठाई चढ़ाने से ही भक्ति पूर्ण हो जाती है। जबकि सही धर्म आस्था, भक्ति दूसरों की समस्या में मदद करना, दूसरों के दु:ख को अपना दु:ख समझना ही सच्ची भक्ति है।

जो लोग चुप (शान्त) रहते हैं मूक बने रहते हैं किसी समस्या पर क्रोध नहीं करते, दूसरे व्यक्ति द्वारा गाली-गलोच या अपशब्द कहने पर भी मूक बने रहते हैं। उनके चेहरे पर सदैव प्रसन्नता रहती है। वह सदैव स्थिर बने रहते हैं उनके मन में अन्तर्द्वन्द्व की स्थिति नहीं आती उसी प्रकार श्रृद्धा भक्ति का गुण भी छल, कपट, विद्वेष या जलन, प्रतिकार या कुंढ़न नहीं होती।

अगर मनुष्य का व्यक्तित्व अन्तर्द्वन्द्व से विमुक्त है तो उसके गुण मूक अभिव्यक्ति आत्मा का एक साक्षी प्रतिबिम्ब होता है और उसके सद्गुणों के पुँज व्यक्ति के भावों को बल देता है चेहरे पर ओजस्विता (चमक) आत्मा में शान्ति रहती है।

इस संसार में अन्धकार से दूर प्रकाश मय वातावरण में पहुँचने के लिए सगुण-स्वच्छ अनुपम-साकार सगुण निराकार ब्रह्म ही अभिव्यक्ति ही एक मात्र साधन है। अर्थात् सभी समस्याओं का निदान भगवान ईश्वर की सच्ची आराधना ही साधन है।

उपसंहार – 'मनुष्य समाज का एक आवश्यक अंग है। वह समाज से अलग न तो अपना अस्तित्व रख सकता है और नाही अपना विकास कर सकता है। मनुष्य के बिना समाज का भी अस्तित्व नही है क्योंकि साहित्यकार मनुष्य होता है इसलिए उसके साहित्य में मानवीय संवेदना बिंबित रहती है। काव्य

का मूल्य संबंध मानव ह्रदय एवं संवेदना से है काव्य, समाज और मानवीय संवेदना का अटूट रिश्ता होता है क्योंकि मानव का ह्रदय अथाह सागर-सा है। अनंत आकाश सा है इसलिए मानव ह्रदय से होने वाली संवेदनाओं का स्वरूप भी अवर्णीय है।'

इस प्रकार रामसेवक सोनी 'प्रकाश' के कविता संग्रह परिवेश की कविताएँ मानव को एक नयी दिशा देती है। स्पष्ट है कि सोनी जी का काव्य मानव के भोगे हुये जीवन का यथार्थ है इसलिए संग्रह की कविताएँ मानव जीवन की पीड़ा, संघर्ष, अस्मिता को उजागर करती हैं।

आज का समय मानवीय संवेदनाओं की ओर बड़ी ही आशापूर्ण दृष्टि से देख रहा है। हम यह समझ पाने में असफल हो रहे हैं कि आखिर मनुष्य इतना असंवेदनशील क्यों होता जा रहा है। मनुष्य की इसी स्थिति का वर्णन सोनी जी ने किया है।

'रामसेवक सोनी 'प्रकाश' अकेले व्यक्ति तक नहीं रूके, वे इतिहास और समाज की घटनाओं को मानव चेहरे से पड़ते हैं, सोनी जी की कविताओं के केन्द्र में हमेशा व्यक्ति होता है, उसकी आंतरिकता, क्षणिक पीड़ा, स्मृति, अपेक्षा और अकेलापन इस तरह ही संवेदना से करूणा के साथ-साथ न्याय और जवाबदेही की गूंजन रहती है। इनकी कविताएँ कम शब्दों में अधिक कह जाती है। रोटी कमाना महत्वपूर्ण नहीं बल्कि उसे साथ बैठकर खाना महत्वपूर्ण है। वर्णित पंक्तियों में विभिन्न तथ्यों के माध्यम से समाज में व्याप्त संवेदनशीलता की भावनाओं को उजागर करने का प्रयास किया।'

रामसेवक सोनी की कविताएँ आधुनिकयुग मनुष्य के बौद्धिक, नैतिक और भावनात्मक संसार की सशक्त अभिव्यक्ति है इन्होंने मानवीय अपेक्षाओं को गहराई से जिया और आधुनिक चिंतन के माध्यम से मनुष्य को स्वंय के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया। उनकी कविताएँ आज के हिंसक, भौतिकवादी समाज से भी 'संवेदना' और 'विवेक' की लौ को जलाए रखती है।

इस शोध-पत्र का लक्ष्य इनके काव्य में निहित उन संवेदनाओं और विचारों को विश्लेषण करना है जो आधुनिक समाज के नैतिक, बौद्धिक और मानवीय प्रश्नों को गहराई से छूते हैं। इसी कारण इनकी कविताओं में मानवीयता आधुनिक युग के संकटों के बीच अपनी प्रासंगिकता बनाए रखती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. परिवेश - रामसेवक सोनी 'प्रकाश' पृ.स.-05
2. वही, पृ.स.-34
3. वही, पृ.स.-37
4. वही, पृ.स.-40-41
5. इक्कीसवी सदी के हिन्दी उपन्यासों में चित्रित मानवीय संवेदना, डॉ. उज्जवल यल्मे, पृ.स.-179
6. वही, पृ.स.-80
7. कुंवर नारायण की कविताओं में मानवीय संवेदनाएँ और आधुनिक चिंतन शोध-पत्र- AIJMR Journal November-December 2025, Volume, Issue 6
8. इन्टरनेट

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

बौद्ध दर्शन : उद्भव, दार्शनिक सिद्धांतों एवं वर्तमान युग में इसकी प्रासंगिकता का अध्ययन

डॉ. वसीम खान* राकेश कुमार जीनगर**

* दर्शनशास्त्र विभाग, रविंद्रनाथ टैगोर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपासन, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत
** इतिहास विभाग, रविंद्रनाथ टैगोर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपासन, जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – बौद्ध धर्म भारतीय दार्शनिक परंपरा की एक महत्वपूर्ण विचारधारा है, जिसका उद्भव छठी शताब्दी ईसा पूर्व में महात्मा गौतम बुद्ध के उपदेशों से हुआ। यह दर्शन मानव जीवन में व्याप्त दु:खों, उनके कारणों तथा उनके निराकरण के उपायों का तर्कसंगत एवं व्यावहारिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। बौद्ध दर्शन के मूल आधार चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग, अनित्य, अनात्मवाद तथा प्रतीत्यसमुत्पाद जैसे सिद्धांत हैं, जो मानव जीवन को नैतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक दिशा प्रदान करते हैं।

प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य बौद्ध धर्म के उद्भव, विकास, दार्शनिक सिद्धांतों तथा शिक्षा एवं समाज पर उसके प्रभाव का अध्ययन करना है। अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति का उपयोग किया गया है तथा द्वितीयक स्रोतों, जैसे पुस्तकों, शोध-पत्रों एवं प्रामाणिक साहित्य का सहारा लिया गया है। अध्ययन से ज्ञात होता है कि बौद्ध दर्शन केवल एक धार्मिक विचारधारा नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समानता, नैतिकता, करुणा एवं विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करता है।

वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, हिंसा, असहिष्णुता एवं नैतिक मूल्यों के ह्रास की परिस्थितियों में बौद्ध दर्शन के सिद्धांत विशेष रूप से प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि बौद्ध धर्म दर्शन आधुनिक समाज की अनेक समस्याओं के समाधान हेतु एक प्रभावी एवं मानवतावादी दृष्टिकोण प्रदान करता है।

शब्द कुंजी – बौद्ध धर्म, गौतम बुद्ध, चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग, अनित्य, अनात्मवाद, करुणा, निर्वाण।

प्रस्तावना – भारतीय दर्शन विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध दार्शनिक परंपराओं में से एक है, जिसने मानव जीवन, अस्तित्व, ज्ञान, नैतिकता तथा मोक्ष संबंधी प्रश्नों पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया है। भारतीय दार्शनिक परंपरा को मुख्यत: वैदिक (आस्तिक) एवं अवैदिक (नास्तिक) धाराओं में विभाजित किया जाता है। अवैदिक परंपरा के अंतर्गत बौद्ध दर्शन का विशिष्ट स्थान है, जिसने भारतीय चिंतन को नई दिशा प्रदान की। बौद्ध धर्म का उदय छठी शताब्दी ईसा पूर्व में उस समय हुआ जब भारतीय समाज कर्मकाण्डों, धार्मिक रूढ़ियों, अंधविश्वासों तथा सामाजिक असमानताओं से प्रभावित था। ऐसी परिस्थितियों में महात्मा गौतम बुद्ध ने मानव जीवन की वास्तविक समस्याओं का व्यावहारिक एवं तर्कसंगत समाधान प्रस्तुत किया।

महात्मा गौतम बुद्ध ने अपने उपदेशों के माध्यम से यह प्रतिपादित किया कि मानव जीवन दु:खों से परिपूर्ण है, किन्तु इन दु:खों से मुक्ति प्राप्त करना संभव है। उन्होंने चार आर्य सत्यों एवं अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दु:ख-निवारण का एक वैज्ञानिक एवं नैतिक मार्ग प्रस्तुत किया। बौद्ध दर्शन का प्रमुख उद्देश्य मानव को तृष्णा, मोह तथा अज्ञान से मुक्त कर निर्वाण की अवस्था तक पहुँचाना है। यह दर्शन करुणा, अहिंसा, समानता, आत्मानुशासन तथा मध्यम मार्ग जैसे मानवीय मूल्यों पर आधारित है।

बौद्ध दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन के नैतिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं आध्यात्मिक विकास का व्यापक दर्शन है। इसके सिद्धांतों ने न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण एशिया की संस्कृति, शिक्षा, कला एवं सामाजिक संरचना को प्रभावित किया है। वर्तमान समय में जब विश्व हिंसा, तनाव, असहिष्णुता तथा नैतिक संकट जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब बौद्ध दर्शन के सिद्धांत वैश्विक शांति, सामाजिक समरसता तथा मानवीय कल्याण के लिए अत्यंत प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में बौद्ध धर्म के उद्भव एवं विकास, उसके प्रमुख दार्शनिक सिद्धांतों, शिक्षा एवं समाज में उसके योगदान तथा समकालीन संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता का विस्तृत एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है। यह अध्ययन बौद्ध दर्शन की वैचारिक गहराई एवं उसके व्यावहारिक महत्व को समझने का प्रयास है।

अध्ययन की आवश्यकता– वर्तमान युग में मानसिक तनाव, हिंसा, असहिष्णुता एवं नैतिक मूल्यों के पतन जैसी समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में बौद्ध दर्शन के सिद्धांत मानव समाज को शांति एवं संतुलन प्रदान कर सकते हैं। इसलिए बौद्ध धर्म दर्शन का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. बौद्ध धर्म के उद्भव एवं विकास का अध्ययन करना।
2. बौद्ध दर्शन के प्रमुख सिद्धांतों का विश्लेषण करना।
3. वर्तमान युग में बौद्ध दर्शन की उपयोगिता का मूल्यांकन करना।

साहित्य समीक्षा

सांकृत्यायन, राहुल (1994) ने अपनी पुस्तक 'बौद्ध दर्शन' में बौद्ध धर्म के उद्भव, विकास एवं उसके मूल दार्शनिक सिद्धांतों का विस्तृत विवेचन

किया है। उन्होंने बौद्ध दर्शन को तर्क, अनुभव एवं व्यावहारिक जीवन पर आधारित दर्शन बताते हुए चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग तथा प्रतीत्यसमुत्पाद की विस्तृत व्याख्या की है।

राधाकृष्णन, सर्वपल्ली (2008) ने 'भारतीय दर्शन' में बौद्ध दर्शन को भारतीय चिंतन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना है। उनके अनुसार बौद्ध धर्म ने नैतिकता, करुणा, अहिंसा एवं मानवतावाद को नई दिशा प्रदान की तथा भारतीय दार्शनिक परंपरा को समृद्ध बनाया।

देव, नरेन्द्र (1984) ने 'बौद्ध धर्म दर्शन' में बौद्ध धर्म के ऐतिहासिक विकास, सामाजिक प्रभाव एवं मानवीय मूल्यों का विश्लेषण किया है। उन्होंने बौद्ध धर्म को सामाजिक समानता एवं मानव कल्याण का दर्शन माना है।

पाण्डेय, गोविन्द चन्द्र (1976) ने 'बौद्ध धर्म का इतिहास' में बौद्ध धर्म के उद्भव, विकास एवं भारत तथा एशिया के विभिन्न देशों में उसके प्रसार का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार बौद्ध धर्म ने भारतीय संस्कृति एवं शिक्षा पर गहरा प्रभाव डाला।

अम्बेडकर, भीमराव रामजी (1957) ने 'The Buddha and His Dhamma' में बौद्ध धर्म को सामाजिक न्याय, समानता एवं मानव गरिमा का आधार बताया है। उन्होंने बौद्ध विचारधारा की समकालीन उपयोगिता पर विशेष बल दिया है।

राहुला, वालपोला (1974) ने 'What Buddha Taught' में बुद्ध के मूल उपदेशों, चार आर्य सत्यों एवं अष्टांगिक मार्ग की व्याख्या करते हुए बौद्ध दर्शन की व्यावहारिक उपयोगिता को स्पष्ट किया है। उनके अनुसार बौद्ध दर्शन आधुनिक जीवन की समस्याओं के समाधान में सहायक सिद्ध हो सकता है।

विलियम्स, पॉल (2009) ने 'Mahayana Buddhism: The Doctrinal Foundations' में बौद्ध दर्शन के विभिन्न सिद्धांतों एवं उनकी वैश्विक प्रासंगिकता का अध्ययन किया है। उन्होंने बौद्ध धर्म को विश्व शांति एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना का प्रभावी माध्यम माना है।

उपरोक्त अध्ययनों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अधिकांश विद्वानों ने बौद्ध धर्म के उद्भव एवं विकास, उसके दार्शनिक सिद्धांतों तथा सामाजिक प्रभावों का अध्ययन किया है। साथ ही वर्तमान युग में बौद्ध दर्शन की उपयोगिता, विशेषकर नैतिक शिक्षा, मानसिक शांति, सामाजिक सद्भाव एवं विश्व शांति के संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता को भी स्वीकार किया गया है। प्रस्तुत शोध-पत्र इन्हीं आयामों का समग्र अध्ययन करते हुए बौद्ध धर्म के उद्भव एवं विकास, उसके प्रमुख सिद्धांतों तथा वर्तमान युग में उसकी उपयोगिता का विश्लेषण करता है

अनुसंधान पद्धति - यह अध्ययन वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति पर आधारित है। इसमें द्वितीयक स्रोतों जैसे पुस्तकों, शोध-पत्रों, पत्रिकाओं तथा इंटरनेट स्रोतों का उपयोग किया गया है।

बौद्ध धर्म का उद्भव एवं विकास

- **गौतम बुद्ध का जीवन परिचय -** महात्मा गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक तथा विश्व के महानतम दार्शनिकों एवं आध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे। उनका जन्म लगभग 563 ईसा पूर्व में लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में शाक्य कुल में हुआ था। उनके पिता शुद्धोधन शाक्य गणराज्य के शासक थे तथा माता मायादेवी थीं। जन्म के समय उनका नाम सिद्धार्थ रखा गया, जिसका अर्थ है- 'जिसका उद्देश्य सिद्ध हो गया होय। बाल्यकाल से ही सिद्धार्थ गंभीर, संवेदनशील एवं चिंतनशील स्वभाव के थे।' राजमहल में सभी प्रकार की सुख-सुविधाएँ उपलब्ध होने के बावजूद सिद्धार्थ का मन सांसारिक वैभव में नहीं लगा। परंपरागत विवरणों के अनुसार उन्होंने वृद्धावस्था, रोग, मृत्यु तथा एक संन्यासी के दर्शन किए, जिन्हें बौद्ध साहित्य में 'चार दृश्य' कहा गया है। इन घटनाओं ने उनके मन में मानव जीवन के दु:खों एवं उनके कारणों के प्रति गहन जिज्ञासा उत्पन्न की।

लगभग 29 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ ने गृहस्थ जीवन का त्याग कर सत्य एवं ज्ञान की खोज प्रारंभ की, जिसे बौद्ध परंपरा में 'महाभिनिष्क्रमण' कहा जाता है। उन्होंने अनेक विद्वानों एवं तपस्वियों से ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास किया तथा कई वर्षों तक कठोर तपस्या की। अंतत: उन्होंने यह अनुभव किया कि अत्यधिक भोग-विलास तथा अत्यधिक तपस्या दोनों ही ज्ञान प्राप्ति के उपयुक्त मार्ग नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने 'मध्यम मार्ग' का सिद्धांत प्रतिपादित किया।

लगभग 35 वर्ष की आयु में बिहार स्थित महाबोधि मंदिर के निकट पीपल वृक्ष (बोधिवृक्ष) के नीचे गहन ध्यान के पश्चात उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। इस घटना को 'सम्बोधि' कहा जाता है तथा इसके बाद वे 'बुद्ध' अर्थात् 'ज्ञान प्राप्त व्यक्ति' कहलाए। ज्ञान प्राप्ति के पश्चात उन्होंने अपना प्रथम उपदेश सारनाथ में दिया, जिसे 'धर्मचक्र प्रवर्तन' के नाम से जाना जाता है। महात्मा बुद्ध ने लगभग 45 वर्षों तक भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर अपने उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने करुणा, अहिंसा, समानता, नैतिकता तथा मध्यम मार्ग पर आधारित जीवन का संदेश दिया। उनके उपदेशों ने तत्कालीन समाज में व्याप्त अंधविश्वासों, कर्मकाण्डों एवं सामाजिक भेदभाव को चुनौती दी तथा मानवता को एक नई दिशा प्रदान की।

लगभग 483 ईसा पूर्व में कुशीनगर में उनका महापरिनिर्वाण हुआ। यद्यपि उनका शारीरिक जीवन समाप्त हो गया, किन्तु उनके विचार एवं शिक्षाएँ आज भी विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रेरणा प्रदान कर रही हैं। गौतम बुद्ध का जीवन सत्य, करुणा, आत्मानुशासन एवं मानव कल्याण के आदर्शों का अनुपम उदाहरण है।

- **बौद्ध धर्म का प्रसार-** ज्ञान प्राप्ति के पश्चात महात्मा गौतम बुद्ध ने मानव कल्याण हेतु अपने उपदेशों का प्रचार-प्रसार प्रारम्भ किया। उनका प्रथम उपदेश वाराणसी के निकटैं तदंजी में दिया गया, जिसे बौद्ध परंपरा में ष्धर्मचक्र प्रवर्तनष् कहा जाता है। इस उपदेश में उन्होंने चार आर्य सत्य एवं अष्टांगिक मार्ग का प्रतिपादन किया। सारनाथ से प्रारम्भ होकर बुद्ध के उपदेश शीघ्र ही मगध, कोशल, वैशाली तथा उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों में फैल गए।

महात्मा बुद्ध ने लगभग 45 वर्षों तक विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर अपने विचारों का प्रचार किया। उनके उपदेशों की सरलता, व्यावहारिकता तथा मानवतावादी दृष्टिकोण के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने बौद्ध धर्म को अपनाया। बुद्ध के महापरिनिर्वाण के पश्चात उनके अनुयायियों ने संघों एवं विहारों के माध्यम से उनके विचारों को व्यापक स्तर पर प्रसारित किया।

बौद्ध धर्म के प्रसार में सम्राट अशोक का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। कलिंग युद्ध के पश्चात अशोक ने बौद्ध धर्म को अपनाया तथा उसे राजकीय संरक्षण प्रदान किया। उन्होंने धर्म प्रचारकों को भारत के विभिन्न भागों के साथ-साथ विदेशी देशों में भी भेजा। अशोक के पुत्र महेंद्र एवं पुत्री संघमित्रा ने बौद्ध धर्म के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे श्रीलंका तक पहुँचाया।

सम्राट अशोक के प्रयासों के परिणामस्वरूप बौद्ध धर्म भारत की सीमाओं से बाहर निकलकर एशिया के अनेक देशों में फैल गया। श्रीलंका, म्यांमार (बर्मा), थाईलैंड, चीन, कोरिया, जापान, मंगोलिया तथा तिब्बत में बौद्ध धर्म का व्यापक प्रसार हुआ। इन देशों में बौद्ध धर्म ने स्थानीय संस्कृति, कला, साहित्य, शिक्षा एवं सामाजिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया। विशेष रूप से चीन एवं जापान में महायान बौद्ध परंपरा तथा श्रीलंका, म्यांमार एवं थाईलैंड में थेरवाद बौद्ध परंपरा का विकास हुआ।

बौद्ध धर्म के प्रसार में बौद्ध संगीति, विहारों, विश्वविद्यालयों तथा व्यापारिक मार्गों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। नालंदा विश्वविद्यालय, विक्रमशिला विश्वविद्यालय तथा तक्षशिला विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण केंद्रों ने बौद्ध विचारधारा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन संस्थानों में भारत सहित विभिन्न देशों के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे और अपने देशों में बौद्ध धर्म का प्रचार करते थे।

इस प्रकार बौद्ध धर्म एक स्थानीय धार्मिक आंदोलन से विकसित होकर एक वैश्विक धर्म एवं दार्शनिक परंपरा के रूप में स्थापित हुआ। आज भी विश्व के अनेक देशों में करोड़ों लोग बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का अनुसरण करते हैं तथा इसकी शिक्षाएँ विश्व शांति, करुणा एवं मानव कल्याण की दिशा में प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं।

बौद्ध दर्शन एक व्यावहारिक एवं नैतिक दर्शन है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानव जीवन के दु:खों का निवारण तथा निर्वाण की प्राप्ति है। महात्मा गौतम बुद्ध ने मानव जीवन की वास्तविक समस्याओं का विश्लेषण करते हुए कुछ मूलभूत सिद्धांतों का प्रतिपादन किया, जो बौद्ध दर्शन का आधार हैं। इन सिद्धांतों में चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग, मध्यम मार्ग, प्रतीत्यसमुत्पाद, अनित्य, अनात्मवाद तथा कर्म एवं पुनर्जन्म प्रमुख हैं।

- **चार आर्य सत्य** – चार आर्य सत्य बौद्ध दर्शन की आधारशिला माने जाते हैं। बुद्ध ने मानव जीवन की वास्तविकता को समझाने के लिए इन सत्यों का प्रतिपादन किया। ये सत्य मानव जीवन के दु:ख, उनके कारण तथा उनसे मुक्ति के उपायों का वर्णन करते हैं।

(1) दु:ख – बुद्ध के अनुसार संसार का समस्त जीवन दु:खमय है। जन्म, जरा (बुढ़ापा), रोग, मृत्यु, शोक, चिंता, प्रिय वस्तु से वियोग तथा अप्रिय वस्तु से संयोग सभी दु:ख के रूप हैं। मनुष्य निरंतर किसी न किसी प्रकार के शारीरिक, मानसिक अथवा सामाजिक दु:ख का अनुभव करता है। इसलिए बुद्ध ने दु:ख को जीवन का सार्वभौमिक सत्य माना।

(2) दु:ख समुदय – दु:ख का मूल कारण तृष्णा (लालसा), आसक्ति एवं अज्ञान है। मनुष्य की इच्छाएँ निरंतर बढ़ती रहती हैं और उनकी पूर्ति न होने पर दु:ख उत्पन्न होता है। भौतिक वस्तुओं, संबंधों तथा सांसारिक सुखों के प्रति अत्यधिक मोह एवं आसक्ति दु:ख का कारण बनती है।

(3) दु:ख निरोध – बुद्ध के अनुसार तृष्णा एवं आसक्ति का पूर्ण त्याग करके दु:खों का अंत किया जा सकता है। जब मनुष्य अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण स्थापित कर लेता है और मोह से मुक्त हो जाता है, तब उसे निर्वाण की प्राप्ति होती है। यही दु:ख निरोध की अवस्था है।

(4) दु:ख निरोध गामिनी प्रतिपदा – दु:खों से मुक्ति प्राप्त करने का उपाय अष्टांगिक मार्ग है। यह नैतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का मार्ग है, जिसके पालन से व्यक्ति निर्वाण की ओर अग्रसर होता है।

- **अष्टांगिक मार्ग** – अष्टांगिक मार्ग बौद्ध धर्म का व्यावहारिक पक्ष है। यह मानव जीवन को अनुशासित, नैतिक एवं संतुलित बनाने का मार्ग प्रस्तुत करता है।

1. सम्यक दृष्टि – वस्तुओं एवं घटनाओं को यथार्थ रूप में समझना तथा चार आर्य सत्यों का सही ज्ञान प्राप्त करना।

2. सम्यक संकल्प – अहिंसा, त्याग, करुणा एवं सद्भावना से युक्त विचारों का विकास करना।

3. सम्यक वाणी – सत्य बोलना, मधुर भाषा का प्रयोग करना तथा झूठ, निंदा एवं कटु वचन से बचना।

4. सम्यक कर्म – ऐसे कार्य करना जो नैतिकता एवं धर्म के अनुरूप हों तथा किसी को हानि न पहुँचाएँ।

5. सम्यक आजीविका – ईमानदारी एवं नैतिकता पर आधारित आजीविका का चयन करना।

6. सम्यक प्रयास – बुरे विचारों को दूर करने तथा अच्छे विचारों एवं गुणों के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना।

7. सम्यक स्मृति – अपने विचारों, भावनाओं एवं कार्यों के प्रति सजग एवं जागरूक रहना।

8. सम्यक समाधि – मन को एकाग्र कर ध्यान एवं आध्यात्मिक साधना के माध्यम से आत्मिक उन्नति प्राप्त करना।

अष्टांगिक मार्ग व्यक्ति के नैतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का समन्वित मार्ग है, जो अंतत: निर्वाण की प्राप्ति की ओर ले जाता है।

- **मध्यम मार्ग** – महात्मा बुद्ध ने अत्यधिक भोग-विलास तथा अत्यधिक तपस्या दोनों को अनुचित माना। उन्होंने इन दोनों अतियों से बचते हुए संतुलित जीवन जीने पर बल दिया, जिसे मध्यम मार्ग कहा जाता है। यह मार्ग संयम, विवेक एवं संतुलन पर आधारित है और व्यक्ति को मानसिक शांति एवं आत्मिक विकास की ओर अग्रसर करता है।
- **प्रतीत्यसमुत्पाद** – प्रतीत्यसमुत्पाद बौद्ध दर्शन का महत्वपूर्ण सिद्धांत है। इसके अनुसार प्रत्येक घटना किसी न किसी कारण पर निर्भर होकर उत्पन्न होती है। संसार में कोई भी वस्तु स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में नहीं रहती। प्रत्येक कार्य के पीछे कोई कारण होता है तथा प्रत्येक कारण से कोई परिणाम उत्पन्न होता है। यह सिद्धांत कार्य-कारण संबंध की व्याख्या करता है तथा मानव जीवन में पारस्परिक निर्भरता को स्पष्ट करता है।
- **अनित्य** – बौद्ध दर्शन के अनुसार संसार की प्रत्येक वस्तु परिवर्तनशील है। कोई भी वस्तु स्थायी नहीं है। जन्म लेने वाली प्रत्येक वस्तु का नाश निश्चित है। सुख, दु:ख, संबंध, धन, पद एवं प्रतिष्ठा सभी परिवर्तन के अधीन हैं। इसलिए मनुष्य को अनित्य वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आसक्ति नहीं रखनी चाहिए।
- **अनात्मवाद** – बुद्ध ने स्थायी एवं शाश्वत आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया। उनके अनुसार व्यक्ति पंचस्कन्धों रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार एवं विज्ञान का समूह मात्र है। इन पंचस्कन्धों के निरंतर परिवर्तन के कारण कोई स्थायी आत्मा नहीं होती। यही सिद्धांत अनात्मवाद कहलाता है।
- कर्म एवं पुनर्जन्म – बौद्ध दर्शन में कर्म को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। बुद्ध के अनुसार मनुष्य के वर्तमान एवं भविष्य का निर्धारण उसके कर्मों द्वारा होता है। अच्छे कर्म शुभ परिणाम तथा बुरे कर्म अशुभ परिणाम उत्पन्न करते हैं। कर्मों के आधार पर ही पुनर्जन्म का चक्र संचालित होता है। जब मनुष्य तृष्णा एवं कर्मबंधन से मुक्त हो जाता है, तब उसे निर्वाण की प्राप्ति होती है और पुनर्जन्म का चक्र समाप्त हो जाता है।

बौद्ध दर्शन के प्रमुख सिद्धांत मानव जीवन की समस्याओं का

व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करते हैं। चार आर्य सत्य मानव जीवन के दु:खों की व्याख्या करते हैं, जबकि अष्टांगिक मार्ग उनसे मुक्ति का मार्ग प्रदान करता है। मध्यम मार्ग, अनित्य, अनात्मवाद एवं प्रतीत्यसमुत्पाद जैसे सिद्धांत मानव को संतुलित, नैतिक एवं जागरूक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। यही कारण है कि बौद्ध दर्शन आज भी विश्वभर में प्रासंगिक एवं प्रेरणादायक माना जाता है।

- **बौद्ध दर्शन की वर्तमान प्रासंगिकता** – वर्तमान युग विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं भौतिक विकास का युग है। यद्यपि मानव ने भौतिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है, तथापि मानसिक, नैतिक एवं सामाजिक स्तर पर अनेक चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं। आज का समाज तनाव, अवसाद, हिंसा, आतंकवाद, असहिष्णुता, पर्यावरणीय संकट, सामाजिक असमानता तथा नैतिक मूल्यों के ह्रास जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। ऐसी परिस्थितियों में बौद्ध दर्शन के सिद्धांत मानव समाज को शांति, संतुलन एवं नैतिक दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

बौद्ध दर्शन मानव जीवन की समस्याओं का व्यावहारिक एवं मानवीय समाधान प्रस्तुत करता है। इसके मूल सिद्धांत करुणा, अहिंसा, मध्यम मार्ग, आत्मानुशासन तथा सम्यक जीवन पर आधारित हैं, जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक सिद्ध होते हैं।

1. **मानसिक शांति एवं तनाव प्रबंधन–** आधुनिक जीवन की व्यस्तता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण मानसिक तनाव, चिंता एवं अवसाद की समस्याएँ निरंतर बढ़ रही हैं। बौद्ध दर्शन में ध्यान एवं सम्यक स्मृति को विशेष महत्व दिया गया है। ध्यान की प्रक्रिया व्यक्ति को मानसिक शांति, एकाग्रता एवं आत्मनियंत्रण प्रदान करती है। वर्तमान समय में विश्वभर में माइंडफुलनेस एवं मेडिटेशन को मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के प्रभावी साधन के रूप में स्वीकार किया जा रहा है।
2. **विश्व शांति एवं अहिंसा–** आज विश्व के अनेक भाग युद्ध, आतंकवाद एवं हिंसा की समस्याओं से प्रभावित हैं। महात्मा बुद्ध द्वारा प्रतिपादित अहिंसा, प्रेम एवं सह-अस्तित्व का सिद्धांत वैश्विक शांति की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। बौद्ध दर्शन सभी प्राणियों के प्रति दया एवं सम्मान की भावना विकसित करता है, जिससे संघर्ष एवं वैमनस्य को कम किया जा सकता है।
3. **सामाजिक सद्भाव एवं करुणा–** बौद्ध दर्शन का मूल आधार करुणा एवं मैत्री है। वर्तमान समाज में बढ़ती सामाजिक असमानता, भेदभाव एवं असहिष्णुता को दूर करने के लिए करुणा एवं मानवीय मूल्यों की आवश्यकता है। बौद्ध दर्शन व्यक्तियों को जाति, वर्ग, धर्म एवं भाषा के आधार पर भेदभाव न करने तथा मानवता को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है।
4. **पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास–** पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने मानव अस्तित्व के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है। बौद्ध दर्शन का मध्यम मार्ग एवं संतुलित जीवन शैली का सिद्धांत संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल देता है। यह दर्शन प्रकृति के प्रति सम्मान एवं संरक्षण की भावना विकसित करता है, जो सतत विकास के लिए आवश्यक है।
5. **नैतिक शिक्षा एवं चरित्र निर्माण–** वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में ज्ञान एवं कौशल पर अधिक बल दिया जाता है, जबकि नैतिक मूल्यों का विकास अपेक्षाकृत कम हो रहा है। बौद्ध दर्शन का अष्टांगिक मार्ग सत्य, नैतिकता, अनुशासन एवं सदाचार पर आधारित है। इसके सिद्धांत विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, आत्मानुशासन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में सहायक हैं।
6. **वैश्विक मानवतावाद की स्थापना–** बौद्ध दर्शन संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखने की प्रेरणा देता है। यह दर्शन धार्मिक कट्टरता, संकीर्णता एवं भेदभाव का विरोध करता है तथा सार्वभौमिक भाईचारे, समानता एवं मानव कल्याण का समर्थन करता है। वैश्वीकरण के वर्तमान दौर में यह दृष्टिकोण विश्व शांति एवं मानव एकता की स्थापना के लिए अत्यंत उपयोगी है।

बौद्ध धर्म दर्शन भारतीय दार्शनिक परंपरा की एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली विचारधारा है, जिसने मानव जीवन के विविध आयामों को गहराई से प्रभावित किया है। महात्मा गौतम बुद्ध द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतकृचार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग, मध्यम मार्ग, अनित्य, अनात्मवाद तथा प्रतीत्यसमुत्पाद मानव जीवन की समस्याओं का व्यावहारिक एवं तर्कसंगत समाधान प्रस्तुत करते हैं।

इस अध्ययन से स्पष्ट होता है कि बौद्ध दर्शन केवल एक धार्मिक विचारधारा नहीं है, बल्कि यह नैतिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित जीवन-दर्शन है। इसने शिक्षा के क्षेत्र में चरित्र निर्माण, नैतिक विकास, आत्मानुशासन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को स्थापित किया। साथ ही सामाजिक समानता, करुणा, अहिंसा एवं मानव कल्याण के माध्यम से समाज सुधार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वर्तमान समय में जब विश्व तनाव, हिंसा, आतंकवाद, पर्यावरणीय संकट एवं नैतिक पतन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब बौद्ध दर्शन के सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। ध्यान, करुणा, अहिंसा एवं संतुलित जीवन शैली जैसे बौद्ध मूल्यों को अपनाकर व्यक्तिगत, सामाजिक एवं वैश्विक स्तर पर अनेक समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि बौद्ध धर्म दर्शन मानव कल्याण, सामाजिक समरसता तथा विश्व शांति की स्थापना हेतु आज भी उतना ही प्रासंगिक एवं उपयोगी है जितना कि महात्मा बुद्ध के समय था। इसके सिद्धांत आधुनिक समाज के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत बने हुए हैं तथा भविष्य में भी मानवता के कल्याण का आधार बने रहेंगे।

निष्कर्ष एवं सुझाव

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि बौद्ध दर्शन भारतीय दार्शनिक परंपरा की एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली विचारधारा है, जिसने मानव जीवन के नैतिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं आध्यात्मिक पक्षों को गहराई से प्रभावित किया है। महात्मा महात्मा गौतम बुद्ध द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत मानव जीवन की समस्याओं का व्यावहारिक एवं तर्कसंगत समाधान प्रस्तुत करते हैं।

अध्ययन से निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं–

1. बौद्ध दर्शन मानव जीवन के दु:खों, उनके कारणों तथा उनसे मुक्ति के उपायों का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है।
2. चार आर्य सत्य एवं अष्टांगिक मार्ग बौद्ध दर्शन के मूल आधार हैं, जो व्यक्ति को नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास की दिशा प्रदान करते हैं।
3. बौद्ध दर्शन करुणा, अहिंसा, समानता, आत्मानुशासन एवं मध्यम मार्ग जैसे मानवीय मूल्यों पर आधारित है।
4. बौद्ध धर्म ने शिक्षा के क्षेत्र में चरित्र निर्माण, नैतिक विकास, अनुशासन

एवं मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित किया।

5. सामाजिक सुधार, जातिगत भेदभाव के विरोध तथा मानव समानता की स्थापना में बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।
6. वर्तमान युग में बढ़ती हिंसा, तनाव, असहिष्णुता एवं नैतिक पतन जैसी समस्याओं के समाधान हेतु बौद्ध दर्शन अत्यंत प्रासंगिक एवं उपयोगी सिद्ध होता है।
7. बौद्ध दर्शन केवल धार्मिक विचारधारा नहीं है, बल्कि मानव कल्याण एवं विश्व शांति का एक व्यापक जीवन-दर्शन है।

सुझाव - अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं-

1. विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मूल्यपरक एवं नैतिक शिक्षा को अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जाए।
2. विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता के विकास हेतु ध्यान एवं योग को शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग बनाया जाए।
3. समाज में अहिंसा, करुणा, सहिष्णुता एवं मानवता के मूल्यों के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
4. सामाजिक समानता, भाईचारा एवं मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बौद्ध सिद्धांतों का अध्ययन प्रोत्साहित किया जाए।
5. पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लिए बौद्ध दर्शन के मध्यम मार्ग एवं संतुलित जीवन शैली के सिद्धांतों को अपनाया जाए।
6. शिक्षा संस्थानों में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए।
7. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, सहयोग एवं मानव कल्याण के लिए बौद्ध दर्शन के सिद्धांतों को व्यवहार में लाने का प्रयास किया जाए।

अंततः कहा जा सकता है कि बौद्ध दर्शन केवल अतीत की एक दार्शनिक धरोहर नहीं है, बल्कि वर्तमान एवं भविष्य के लिए भी एक प्रभावी मार्गदर्शक है। इसके सिद्धांत मानव जीवन में शांति, संतुलन, नैतिकता एवं सामाजिक समरसता स्थापित करने की क्षमता

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सांकृत्यायन, राहुल. (1994). बौद्ध दर्शन. किताब महल प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. राधाकृष्णन, सर्वपल्ली. (2008). भारतीय दर्शन (भाग-1). राजपाल एंड संस, नई दिल्ली।
3. राधाकृष्णन, सर्वपल्ली. (2008). भारतीय दर्शन (भाग-2). राजपाल एंड संस, नई दिल्ली।
4. पाण्डेय, गोविन्द चन्द्र. (1976). बौद्ध धर्म का इतिहास. उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
5. उपाध्याय, बलदेव. (2014). भारतीय दर्शन. चौखम्बा ओरिएण्टालिया, वाराणसी।
6. नरेन्द्र देव, आचार्य. (1984). बौद्ध धर्म दर्शन. बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना।
7. द्विवेदी, हजारी प्रसाद. (2007). बौद्ध धर्म और भारतीय संस्कृति. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
8. शर्मा, चन्द्रधर. (2016). भारतीय दर्शन रू आलोचनात्मक सर्वेक्षण. मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।
9. मिश्र, उमेश. (2012). भारतीय दर्शन. उत्तर प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, लखनऊ।
10. सिंह, बी. एन. (2010). बौद्ध दर्शन एवं शिक्षा. विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
11. त्रिपाठी, रामशंकर. (2015). भारतीय दर्शन का इतिहास. मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।
12. पाण्डेय, संगमलाल. (2011). भारतीय दर्शन की रूपरेखा. सेंट्रल पब्लिशिंग हाउस, इलाहाबाद।
13. अवस्थी, ए. पी. (2014). भारतीय दर्शन. लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा।
14. दासगुप्त, सुरेन्द्रनाथ. (अनुवादित संस्करण). भारतीय दर्शन का इतिहास. राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
15. त्रिपिटक (पाली साहित्य). विभिन्न संस्करण, नव नालन्दा महाविहार प्रकाशन।
16. Ambedkar, B. R. (1957). *The Buddha and His Dhamma*. Siddharth College Publications.
17. Dutt, N. (1978). *Buddhist Sects in India*. Motilal Banarsidass Publishers.
18. Rahula, W. (1974). *What the Buddha Taught*. Grove Press, New York.
19. Williams, P. (2009). *Mahayana Buddhism: The Doctrinal Foundations* (2nd ed.). Routledge.
20. Walshe, M. (1995). The Long Discourses of the Buddha (Digha Nikaya). Wisdom Publications.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Spatial and Temporal Assessment of Air Quality Changes During COVID-19 Lockdown: A Case Study of Udaipur, India

Ankita Pandey*

***Department of Geography, Mohanlal Sukhadiya University, Udaipur (Raj.) INDIA**

Abstract: The COVID-19 pandemic and the unprecedented nationwide lockdown imposed across India from March 2020 onwards presented an unplanned, but ecologically significant natural experiment in urban air quality management. The present study is a spatial assessment of the change in the concentration of particulate matter, PM2.5 and PM10 over Udaipur city, Rajasthan during six time defined phases (pre-lockdown, four successive lockdown stages and initial unlock period) (15 March to 30 June 2020). Ambient air quality data were collected from Continuous Ambient Air Quality Monitoring Station (CAAQMS) of Rajasthan State Pollution Control Board (RSPCB) situated at four spatial locations of the city i.e. Ashok Nagar, Town Hall, Ambamate and Regional Office (Transport Nagar). Point data were geo-referenced in Google Earth Pro by the use of KML files, which were converted to shape files in ArcGIS, and then subjected to Inverse Distance Weighting (IDW) interpolation to produce continuous spatial surfaces for each phase and each pollutant. Both PM2.5 and PM10 concentrations are significantly reduced during Lockdown 1 relative to pre-lockdown baseline conditions, consistent with the near-complete suppression of vehicular traffic, industrial activity and construction during this period. The subsequent phases of lockdown saw a gradual deterioration of air quality as the easing of economic activities led to higher concentrations during Lockdown 4. This could be due to the influx of the patients from the neighbouring districts for the treatment at the healthcare facilities of Udaipur. Lockdown 1 saw a partial bounce back to cleaner air, indicative of the behavioural inertia of a population still wary of public exposure. These spatially explicit results contribute to the growing evidence of the pivotal role of anthropogenic emissions on urban air quality, with direct implications for post-pandemic environmental governance.
Keywords: COVID-19 lockdown; PM2.5; PM10; GIS; IDW interpolation; Udaipur; air quality; spatial analysis; Rajasthan.

Introduction - The COVID-19 outbreak and the subsequent restrictions imposed globally led to unprecedented reductions in transport, industrial activity and other anthropogenic emissions. There are reports of large improvements in air quality in cities across Asia, Europe and North America, a few weeks after the introduction of lockdown (Sharma et al., 2020; Venter et al., 2020). These changes presented a unique opportunity to study the relationship between human activity and atmospheric pollution.

Such investigations are important in the Indian context as many cities in India experience particulate matter concentrations well above national and World Health Organization standards (WHO, 2021). Conversely, lockdown measures led to stringent restrictions on major sources of emissions such as transport, industry and construction activities, and hence considerable reduction in ambient particulate concentrations were anticipated and subsequently observed in many cities of India (Mahato et al., 2020; Singh & Chauhan, 2020).

Udaipur is an important case study as its pollution characteristics are different from the metropolitan cities that dominate Indian air quality research. As a medium-sized city, dependent on tourism, trade and small-scale industries, the sources of its emissions are more diverse and spatially heterogeneous. The availability of Continuous Ambient Air Quality Monitoring Station (CAAQMS) data from four locations also facilitates detailed spatial analysis using GIS techniques.

The present study deals with the spatial and temporal variation of PM2.5 and PM10 concentrations over Udaipur during 15 March to 30 June 2020. The study uses GIS-based Inverse Distance Weighting (IDW) interpolation to assess changes between pre-lockdown period, four lockdown phases and initial unlock period. Special attention is paid to the changing spatial distribution of pollutants and the reasons for the variations observed.

Literature Review

Global Evidence on COVID-19 Lockdowns and Air Quality: The COVID-19 lockdowns offered a unique

opportunity to study the response of atmospheric pollutants to abrupt reductions of anthropogenic activities. Across various countries, studies consistently reported significant improvements in air quality during periods of strict restrictions. Venter et al. (2020) reported global declines in air pollution levels, and Bao and Zhang (2020) showed that declines of particulate concentrations in China were mainly associated with reduced emissions. Most of the studies agreed that human activities were the main cause of urban air pollution but the degree of improvement varied from place to place.

Air Quality Changes During Lockdown in India: India imposed some of the strictest mobility restrictions during the pandemic and saw large gains in ambient air quality. According to Mahato et al. (2020), during the initial phase of the lockdown, PM2.5 and PM10 concentrations in Delhi reduced by more than 50%. Similar improvement was observed in number of Indian cities confirming strong influence of transport, industrial activities and construction dust on particulate matter concentrations (Sharma et al., 2020; Singh & Chauhan, 2020). Large reductions in PM concentrations were also observed in studies from Rajasthan in the period of lockdown (Bera et al., 2021). Garg et al. (2021) stressed that meteorological conditions also played a role in the changes in air quality, but the decrease in anthropogenic emissions was the main driver. Patel et al. (2020) then demonstrated that medium-sized cities experienced improvements comparable to those in metropolitan areas.


Health Impacts of PM2.5 and PM10: Particulate matter is one of the most important environmental health risks globally. Fine particles (PM2.5) can get deep into the respiratory system and have been linked to cardiovascular and respiratory diseases (Pope & Dockery, 2006). Many Indian cities are many times higher than the recommended guidelines (WHO 2021). Long-term exposure to particulate matter significantly contributes to premature mortality and chronic health problems. Recent studies have also indicated links between air pollution and severity of COVID-19, suggesting that populations exposed to higher levels of particulate matter may face greater health risks (Wu et al., 2020).

GIS Applications in Air Quality Studies: Geographic Information Systems have become useful tools for the analysis of spatial variation of air pollution. Spatial interpolation techniques transform point observations into continuous surfaces, which enables the identification of pollution hotspots and spatial gradients (Li & Heap, 2011). Among these methods, Inverse Distance Weighting (IDW) is still widely used due to its simplicity and applicability for datasets with limited monitoring stations (Shepard, 1968). GIS-based approaches have been successfully used in Indian cities for air quality studies and were useful to understand spatial variability which cannot be shown by station average statistics alone (Chithra & Nagendra, 2014).

Air Quality Studies in Rajasthan and Udaipur: Air quality studies in medium-sized cities like Udaipur are comparatively less in number as compared to the studies done in metropolitan regions. Rajasthan has a semi-arid climate and dust-related emissions which lead to a different environmental situation. According to the reports of the Rajasthan State Pollution Control Board, the particulate concentrations in major cities of the state show considerable seasonal variation (RSPCB, 2020a, 2020b).

Study Area: Udaipur is the administrative headquarter of Udaipur district, in the southern part of Rajasthan, and is commonly known as the "City of Lakes". The city is situated at 24.525 °N and 73.677 °E at an elevation of about 598 m above the sea level and spreads over an urban area of about 64 km 2 . It is located about 403 km southwest of Jaipur and 250 km northeast of Ahmedabad. Udaipur is situated in the heart of the Aravalli Range and is dotted with many artificial lakes like Pichola, Fatehsagar and Udaisagar. The local topography and these bodies of water affect the local microclimate and atmospheric circulation. The climate is hot semi-arid (BSh), with monsoon rains, hot summers and relatively cool winters. Dust storms during the pre-monsoon season and stable atmospheric conditions during the winter season influence the particulate matter concentrations.

India
Rajasthan
Udaipur city area



Data and Methodology

Data Sources and Temporal Framework: The Rajasthan State Pollution Control Board (RSPCB) Continuous Ambient Air Quality Monitoring Station (CAAQMS) network under

the National Air Quality Monitoring Programme provided the PM2.5 and PM10 data. The study period is from 15 March to 30 June 2020 including pre-lockdown phase, four lockdown phases and the initial unlock period. The mean concentrations for each phase were calculated for the four monitoring stations and used for spatial analysis. All concentrations are expressed in micrograms per cubic metre (µg/m).

Table 1: Temporal demarcation of COVID-19 lockdown phases studied

Phase	Period	Duration	Key Restriction Level
